# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-06-2024

# नौकायन घूमने आए दोस्तों से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नौकायन पर घूमने आए तीन दोस्तों से मारपीट करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अन्य दो आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी है। आरोपी को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान दाउदपुर निवासी विक्की के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा इलाके के परसीया निवासी अभी पंडित ने केस दर्ज कराया है। पुलिस को उसने बताया कि वह अपने दो दोस्त गोलू और सावन के साथ नौकायन पर घूमने आया था। रविवार की रात नौ बजे के करीब तीनों दोस्त चंपा देवी पार्क के पास एक चाय की दुकान पर थे। आरोपी विक्की अपने दो-तीन साथियों के साथ आया और मारपीट करने लगा। इस दौरान अभी का सिर फट गया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की कोशिश व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल राज साहनी व उसके साथियों की तलाश में पुलिस टीम लगी है। एसओ रामगढ़ताल इत्यानंद पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।अन्य की तलाश की जा रही है, जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 18 पर केस

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत साई नगर वार्ड नंबर 15 में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनो पक्षों से कई लोगों को गंभीर चोटे आई।

प्रथम पक्ष के योगेन्दर गुप्ता पुत्र स्व महंगू प्रसाद गुप्ता की तहरीर पर कृष्णा कुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता, अशोक गुप्ता,संगम गुप्ता, रोहित गुप्ता, रीता गुप्ता,चांदनी गुप्ता,तथा सुनील गुप्ता की पत्नी के विरुद्ध धारा 147, 308, 323, 336, 504, 506, के तहत केस दर्ज किया। वही दूसरे पक्ष के कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र मेवालाल गुप्ता की तहरीर पर जोगेन्द्र, सुबास, छोटेलाल, नंदकिशोर, शिव शंकर, आकाश, विकास, पवन, राहुल, रोहितके खिलाफ धारा 147, 323, 308, 452, 504, 506, 427 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# गगहा में बाइक सवार से छिनैती करने वालों को परिजनों ने पकड़ा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गगहा इलाके में महिला को लेकर जा रहे बाइक सवार को बदमाशों ने सड़क पर रोककर पैसा छिनौती करने का मामला सामने आया है। मोबाइल फोन से पैसा मांगने पर पीड़ित के भाई ने सूचना दी और फिर पैसा देने के बहाने एक बदमाश को पकड़ पुलिस को सौंप दिया।

**■ असवनपार चौकी से महज तीन सौ मीटर दूर हुई घटना**

रकहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार गगहा थाना क्षेत्र के सखरूआ निवासी हसरत अंसारी अपनी रिश्तेदार महिला को रिसीव करने देवरिया रेलवे स्टेशन पर गया था वहां से साथ लेकर घर जा रहा था जैसे ही देवरिया बार्डर पार किया गगहा थाना क्षेत्र के असवनपार चौराहे से 100 मीटर आगे बढ़ा की आधा दर्जन युवक सड़क पर खड़े थे बाइक सवार को रोक लिए और उनकी बाइक की चाभी ले लिए उनकी जेब में रखा तीन हजार रू और मोबाइल छिन लिया तथा मोबाइल से सिम निकालकर अपनी मोबाइल में लगा लिया और मोबाइल में सेव नम्बरों पर काल कर गूगल पे पर पैसा मांगने लगा साथ में महिला होने के कारण बाइक सवार अनहोनी को लेकर सशंकित था। तभी बदमाशों ने पीड़ित के भाई अशरफ को फोन लगा कर पैसे की मांग की भाई अपने भाई व महिला के साथ अनहोनी की बात से सहम गया और पैसा लेकर असवनपार पहुंचा और उसी नं पर फोन किया तो बदमाशों ने सड़क के किनारे कच्चे मार्ग पर पैसा रख कर जाने के लिए कहा तो अशरफ ने पैसा रखकर चला गया और थोड़ी दूर पर छिप गया थोड़ी देर बाद युवक आए और पैसा उठाने लगे तभी दोनों भाइयों ने दौड़ाकर एक युवक को पकड़ लिया और इसकी सुचना 112 नं पर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गये युवक को हिरासत में ले लिया और उसे थाने उठा लायी पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार पुत्र अमर जीत निवासी घेवरपार थाना गगहा बताया हसरत अंसारी की तहरीर पर पकड़े गए युवक से पुछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश के साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौकी से कुछ दुरी पर हुई छिनैती की घटना असवनपार देवरिया और गोरखपुर के बार्डर पर स्थित है तथा गगहा थाने से लगभग 15 किमी दूर होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने असवनपार में चौकी की घोषणा की भवन न होने के कारण पंचायत भवन पर संचालित हो रहा है जहां चौकी इंचार्ज के साथ ही सिपाहियों की तैनाती है लेकिन अपराधी पुलिस से बेखौफ असवनपार चौराहे पर बाइक सवार को शिकार बना रहे हैं।

# आतंकी हमले में घायल हुए लोगों के घर पहुंचे अधिकारी व जनप्रतिनिधि

- जम्मू कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले में घायल श्रद्धालुओं में चार शहर के निवासी
- आर्थिक सहायता देकर स्वजन को बताया उपचार में कोई कसर नहीं छोड़ रही यूपी सरकार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जम्मू कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले में घायल श्रद्धालुओं में चार गोरखपुर के भी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को पुर्दिलपुर निवासी राजेश, उनकी पत्नी रिकसोना और एम्स थाना क्षेत्र के भैरोपुर निवासी गायत्री देवी व सोनी देवी के घर अधिकारी व जनप्रतिनिधि पहुंचे। यहां रह रहे स्वजन को आर्थिक सहायता दी और उन्हें बताया कि घायलों के उपचार में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री स्वयं पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। प्रदेश सरकार की टीम जम्मू कश्मीर के प्रशासन से लगातार संपर्क बनाकर लोगों का हालचाल ले रही है।

पुर्दिलपुर निवासी राजेश पत्नी समेत 17 रिश्तेदारों के साथ गोरखपुर से वैष्णो देवी व शिव खोड़ी मंदिर दर्शन करने के लिए गए थे। वैष्णो देवी का दर्शन कर राजेश, उनकी पत्नी रिकसोना, गायत्री देवी और सोनी देवी शिव खोड़ी दर्शन के लिए चले गए। अन्य सभी वहीं पर गेस्ट हाउस में रुक गए। लौटते समय जिस बस में चारों सवार थे उस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया। बस गहरी खाई में गिर गई और तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए और 10 की मृत्यु हो गई। घायलों में ये चारों भी शामिल थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोमवार को विधायक विपिन सिंह, एसडीएम सदर मृणाली जोशी, सीओ कैंट अंशिका वर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि पुर्दिलपुर व भैरोपुर पहुंच घायलों के स्वजन से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में घायलों के घर पहुंचे विधायक विपिन सिंह व अन्य अधिकारी • सौ. जिला प्रशासन

## नहीं बोल पा रहे राजेश रिकसोना व सोनी

आतंकी हमले में घायल राजेश के सिर में तीन जगह और पीठ में चोटें आई हैं। वहीं पत्नी रिकसोना के पेट में गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने उनका आपरेशन किया है। सोनी के भी सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इन तीनों को कटरा के नारायणा हास्पिटल में भर्ती किया गया है। इनकी देखभाल कर रहे राजेश के भतीजे ने बताया कि तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सक उपचार कर रहे हैं, लेकिन तीनों बोल नहीं पा रहे हैं। उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही है। गोरखपुर के अधिकारियों ने उनसे बात की है।

## सिर्फ बोतल चढ़ा रहे डाक्टर

जीएमसी हास्पिटल बक्शीनगर जम्मू में भर्ती गायत्री देवी की देखभाल कर रहे उनके पुत्र सौरव उर्फ शनि ने बताया कि उनकी मां के सिर, पैर व आंख में चोट लगी है। भर्ती होने के बाद डाक्टर ने टांके लगा दिए हैं। इसके बाद सिर्फ बोतल चढ़ा रहे हैं। गोरखपुर से एसडीएम सदर, सीओ कैंट ने उनसे बात की है।

## 12 लोग बस से आ रहे घर

जिला प्रशासन ने जम्मू कश्मीर प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षित श्रद्धालुओं को उनके घर लाने के लिए ट्रेवलर की व्यवस्था की है। एडीएम एफआर विनीत सिंह ने बताया कि बस से संध्या, काव्या, ऋषि, अराध्या, पिंकी, अर्पित, साहील, अंश, वीरू, शालिनी, प्रतिमा और अयांश को उनके घर लाया जा रहा है। चार घायलों के साथ दो लोग वहां रुके हैं।

# माफिया सुधीर सिंह को दो साल की सजा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैर लाइसेंसी असलहा बरामद होने के जुर्म में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी त्विषि श्रीवास्तव ने शाहपुर थाना क्षेत्र के आदर्शनगर निवासी अभियुक्त सुधीर सिंह को दो साल के साधारण कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड व शास्त्र अधिनियम का उलंघन करने

■ **गैर लाइसेंसी असलहा बरामद होने के जुर्म में सजा, दस हजार का अर्थ दंड**

के जुर्म में बेलीपार थाना क्षेत्र के जंगल रानी सोहास कुंवारी टोला बड़ेरिया निवासी नरसिंह को तीन माह के कारावास से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त सुधीर सिंह को 15 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी संदीप सिंह एवं प्रत्युष दूबे का कहना था कि 6 अक्टूबर 2011 को प्रभारी निरीक्षक रविकांत परासर रेलवे स्टेशन रोड स्थित सरदार ढाबा तिराहे पर संदिग्ध वाहन और व्यक्ति की चेकिंग कर रहे थे।उसी समय



एक स्कार्पियो वाहन चारफाटक की तरफ से आई। जिसे रोक कर चेक किया गया। वाहन में चार व्यक्ति बैठे थे। व्यक्तियों की जमा तलाशी की गई।जिसमे अभियुक्त के पास से एक डबल बैरल 12 बोर की बंदूक बरामद हुई।जिसके लाइसेंस के बारे में पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि बंदूक का लाइसेंस उसके ससुर अभियुक्त नरसिंह के नाम से है।

## वार्षिक अधिवेशन 26 व 27 को

गोरखपुर (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ का 39वां वार्षिक महाधिवेशन 26 व 27 जून को लखनऊ में होगा। अधिवेशन में प्रस्तुत होने वाले मुद्दों को लेकर अभियंता संघ के पदाधिकारी जिलों में जा रहे हैं। सोमवार को मोहद्दीपुर स्थित सभागार में संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक हुई। सचिव एसडीओ ऐश्वर्य सिंह ने कहा कि महाधिवेशन में बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने, राजस्व वसूली में वृद्धि करने, विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने व विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों,विकास की अन्य संभावनाओं, अभियंताओं की लंबित मांगों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# स्मैक व गांजा का तस्कर डाक्टर गिरफ्तार

जासं., गोरखपुर : स्मैक व गांजा की तस्करी करने वाले मऊ, घोषी के पिहड़ सिंहपुर में रहने वाले डाक्टर उर्फ जितेंद्र पासवान को शाहपुर थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। राजघाट थाना पुलिस छह माह से उसकी तलाश में थी।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि राजघाट थाना पुलिस ने कई बार गांजा व स्मैक की खेप को पकड़ा। आरोपितों ने मऊ के रहने वाले डाक्टर से खरीदने की जानकारी दी।

सोमवार को पकड़े गए डाक्टर से पूछताछ करने पर पता चला कि वह खुद को झोलाछाप बताता है और इसकी आड़ में स्मैक व गांजा की तस्करी करवाता है।

# मजदूर को अगवा करके लगवाया था आपत्तिजनक होर्डिंग

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मजदूर को अगवा करके शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर विवादित होर्डिंग लगावाया गया था। पूछताछ व जांच के बाद कैंट थाना पुलिस ने मुकदमे में दासता के लिए अपहरण करने व धमकी देने की धारा बढ़ाने के साथ ही बिछिया के रहने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया जो मूल रूप से कुशीनगर जिले का रहने वाला है। दोपहर बाद उसे जेल भेज दिया गया।

छह जून की भोर में शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर एक राजनीतिक दल के झंडा वाले बैकग्राउंड की होर्डिंग लगवाया गया था जिस पर बड़े-बड़े अक्षरों में घमंड टूटने की बधाई लिखा हुआ था जिसके नीचे छात्रनेता गौतम यादव व यशवर्धन का नाम लिखा था। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने सभी होर्डिंग



कैंट पुलिस की गिरफ्त में आपत्तिजनक होर्डिंग लगवाने का आरोपित •

उतरवा दिया। जागरण इंगज के विनय पांडेय की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध कैंट थाना पुलिस ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज किया। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से होर्डिंग लगाने वाले मजदूर को पकड़ा तो उसने बताया कि शाहपुर के बिछिया स्थित मानस विहार कालोनी के नीरज सिंह उसे जबरन अपने साथ ले गया और यह होर्डिंग लगवाया।

# आर्म्स एक्ट में माफिया सुधीर सिंह को दो साल की सजा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जिले के टाप 10 व प्रदेश की सूची में शामिल माफिया सुधीर सिंह को सीजेएम



सुधीर सिंह (फाइल फोटो)

त्विषि श्रीवास्तव ने सोमवार को आर्म्स एक्ट के मुकदमे में दो वर्ष की सजा और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन करने में दोषी पाए जाने पर सुधीर के ससुर को भी तीन माह की सजा हुई है। माफिया सुधीर सिंह पहले से जमानत पर बाहर है, लिहाजा कोर्ट ने उसे 20 हजार के व्यक्तिगत बंधपत्र पर अपील अवधि तक जमानत पर रिहा कर दिया है।

कैंट थाना पुलिस ने आठ अक्टूबर 2011 को रेलवे स्टेशन रोड पर चेकिंग के दौरान माफिया सुधीर सिंह के चार पहिया वाहन को रोका था, जिसमें चार लोग सवार थे। सुधीर व उसके साथी के पास से पुलिस ने असलहा बरामद किया था। सुधीर के पास से बरामद 12 बोर की बंदूक का लाइसेंस उसके ससुर बेलीपार के जंगल रानी सोहास कुंवरी टोला बड़ेरिया में रहने वाले नरसिंह के नाम से होना बताया था। सुधीर ने ससुर के नाम का लाइसेंस भी दिखाया, लेकिन लाइसेंसी के न होने पर पुलिस ने सुधीर सिंह और उसके ससुर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। गवाहों और सबूतों के आधार पर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इसी मामले में सोमवार को 13 साल बाद कोर्ट ने सुधीर और उसके ससुर नरसिंह को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया है।

- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्विषि श्रीवास्तव की कोर्ट ने सुनाई सजा
- शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन में ससुर को भी तीन महीने की सज

## सजा पाने वाला जिले का दूसरा माफिया

जिले के टाप 10 व प्रदेश के माफिया की सूची में शामिल सुधीर न्यायालय में लंबित चल रहे मुकदमे में सजा पाने वाला दूसरा माफिया है। इससे पहले अभियोजन और पुलिस की मजबूत पैरवी से माफिया राकेश यादव को सजा हुई थी जो इस समय जेल में निरुद्ध है।

# वर्खास्त वीडीओ पर आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज

जासं, गोरखपुर : विजिलेंस ने बर्खास्त ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) रामफेर यादव उर्फ अंशुल यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित लखनऊ के विशेष खंड गोमतीनगर का रहने वाला है। शासन के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है।

जांच के दौरान आरोपित रामफेर यादव ने स्वीकार किया था कि लोक सेवक के रूप में काम करते हुए उसने 3,68,106 रुपये आय के रूप में अर्जित किये। संपत्ति के अर्जन और भरण-पोषण पर कुल खर्च 3,56,84,264 रुपये पाया गया। वैध स्रोतों से अर्जित आय की तुलना में रामफेर की सम्पत्ति 3,53,16,158 रुपये अधिक मिली। जांच अधिकारी ने आय का स्रोत मांगा तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जांच टीम ने आय से अधिक संपत्ति का दोषी मानते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी। स्वीकृति मिलने के बाद विजिलेंस गोरखपुर ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# यूपी इंटर डिस्ट्रिक्ट टी-20 चैंपियनशिप में सट्टेबाजी का आरोप

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विनोद कुमार सिंह ने यूपी इंटर डिस्ट्रिक्ट टी-20 चैंपियनशिप में सट्टेबाजी का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में उन्होंने बताया कि सेंट एंड्रयूज कालेज ग्राउंड पर हुई चैंपियनशिप में हर गेंद पर सट्टा लग रहा था। पैसा डूबने की वजह से छह मैच के बाद ही प्रतियोगिता बंद कर दी गई, जिसके चलते टूर्नामेंट में शामिल टीमों के कप्तान और खिलाड़ी इंट्री फीस वापस पाने के लिए परेशान हैं। यद्यपि इस मामले में किसी टीम, खिलाड़ी या कप्तान ने कोई शिकायत नहीं की है।

विनोद सिंह ने शिकायती पत्र में बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन तीन जून से 19 जून तक किया गया था। आठ टीम से इंट्री फीस के तौर पर 30-30 हजार रुपये लिए गए। प्रतियोगिता को बेटिंग एप पर आनलाइन किया गया और फिर सट्टेबाजी शुरू हो गई। एक ओवर में पांच वाइड फेंके जाने पर संदेह हुआ। विनोद सिंह का आरोप है कि इसमें 35 खिलाड़ियों की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। दाफा से मैच का प्रसारण हुआ। दाफा किसकी अनुमति से गोरखपुर आया। किसकी अनुमति से सीधा प्रसारण हुआ। इसकी जांच होनी चाहिए। दाफा ही मैच का प्रायोजक था, उसने 19 आइडी ब्लाक की। इन सभी बिंदुओं की जांच होनी चाहिए।

इस संबंध में मंडल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव गजेंद्र तिवारी ने बताया कि मैच का संचालन रायल क्रिकेट एकेडमी कूड़ाघाट द्वारा किया जा रहा था। हमें पता चला है कि गर्मी अधिक होने के कारण टूर्नामेंट स्थगित किया गया है। सट्टेबाजी के आरोपों की हमें किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है।

> सेंट एंड्रयूज कालेज में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में सट्टेबाजी होने की शिकायत किसी ने नहीं की है। अगर कोई शिकायत करता है तो इसकी जांच कराई जाएगी।
> - अंशिका वर्मा, एएसपी/सीओ कैंट

# एडमिशन के नाम पर छात्रों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, नोएडा : देश के नामी कालेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिला दिलाने के नाम पर छात्रों को ठगने वाले गिरोह का नोएडा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के दो सरगना समेत छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें गोरखपुर की युवती भी शामिल है। आरोपितों के कब्जे से 5.6 करोड़ के 61 चेक, 3.90 लाख नकदी, दो लैपटाप, 16 मोबाइल फोन, डायरी और दस्तावेज बरामद हुए।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि ये लोग छात्रों और उनके स्वजन शिकार बनाते थे। आरोपितों ने कोतवाली सेक्टर-58 क्षेत्र स्थित एक टावर में अपना कार्यालय बनाया था। इंटरनेट मीडिया पर विज्ञापन देकर गिरोह के शातिर छात्रों को अपने जाल में फंसाते थे। नामी कालेजों और विश्वविद्यालय में दाखिला दिलाने के नाम पर छह से 10 लाख रुपए तक की ठगी करते थे। 100 से अधिक छात्रों के साथ ठगी होने की जानकारी पुलिस ने दी है। आरोपितों की पहचान बिहार पटना के राहुल कुमार, अनुपम कुमार, महाराष्ट्र नागपुर के दयानंद पांडे उर्फ मोहित, आगरा मनसुखपुरा के सचिन सिंह, गोरखपुर सूरजकुंड कालोनी की विदुषी लोहिया और झारखंड जमशेदपुर की निकिता उपाध्याय के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरोह के सरगना राहुल कुमार और अनुपम हैं। ये लोग इंटरनेट मीडिया पर नेक्स्ट एजुकेशन, करियर कार्नर, गुरुकुल एजुकेशन, एजुकेशन कंसल्टेंट, कैरियर प्लान, एडमिशन साथी आदि के माध्यम से विद्यार्थियों से संपर्क करते थे। एमबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस, बीएचएमएस, एमडीएस, फार्मेसी, बीई, बीटेक, एलएलबी, बीएएलएलबी, एमबीए, बीबीए, एमडीएमएस आदि में दाखिला दिलाने का आश्वासन देकर एडमिशन फार्म भरवा लेते थे। पुलिस के मुताबिक गिरोह के सरगना ने चार लोगों को 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर रखा था।अधिकतर धनराशि कैश में लेते थे। जो लोग कैश नहीं दे पाते थे उनसे पोस्ट डेटेड चेक ले लेते थे। इसके अलावा एजेंट भी रखा था जिन्हें एडमिशन कराने पर कमीशन मिलता था। ये लोग एनएल डालमिया इंस्टिट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर आदि संस्थानों के फार्म भरवा लेते थे।

# खिलाड़ी व आयोजक लगा रहे थे सट्टा, प्रतियोगिता बंद

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (10 June):** सिटी के सेंट एंड्रयूज डिग्री कॉलेज के क्रिकेट मैदान मे चल रही यूपी इंटर डिस्ट्रिक टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता विवादों में घिर गई है. प्रतियोगिता के आयोजकों पर मैच फिक्सिंग व स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों के बाद प्रतियोगिता बीच में ही बंद हो गई है. वहीं इसकी शिकायत सीएम योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से की गई है.

खिलाड़ी और आयोजक ही खेल रहे थे सट्टा, टूर्नामेंट बंद

गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने सीएम को लेटर लिखकर की शिकायत



**ये है पूरा मामला**

आरोप है कि मंडल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 3 जून से 19 जून तक चलने वाली प्रतियोगिता में एक एप की मदद से ऑनलाइन और मैदान पर स्पॉट सट्टा लगाया गया. प्रतियोगिता में भाग लेने वाली आठ टीम से इंट्री फीस के तौर पर 30-30 हजार रुपये वसूले गए थे. गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विनोद सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को शिकायती लेटर लिखकर बताया है कि प्रतियोगिता जीतने पर एक लाख और उप विजेता को 50 हजार रुपये का प्राइज देने की बात कही गई थी. प्रतियोगिता को एक बेटिंग एप पर ऑनलाइन किया गया और फिर सट्टा लगाने लगे. इतना ही नहीं मैदान पर भी सट्टा लगाया गया. एक ओवर में पांच वाइड फेंकी गई. इससे संदेह हुआ तो 35 खिलाड़ियों की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं. छह मैच के बाद ही प्रतियोगिता को बंद करा दिया गया. उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ ही मंडल क्रिकेट एसोसिएशन को भंग करने और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीम की एंट्री फीस वापस कराने की मांग की है.

**ये टीमें ले रही थी प्रतियोगिता में भाग**

- डीए स्पोर्ट्स
- गैलेक्सी स्टार
- डीके स्पोर्ट्स
- लक्ष्य स्पोर्ट्स
- मंडल क्रिकेट एसोसिएशन
- एससीसी क्लब
- सरस्वती क्रिकेट एकेडमी

**गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने की है शिकायत**

गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सेंट एंड्रयूज कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर चल रही प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम से 30-30 हजार रुपये इंट्री फीस देकर प्रवेश लिया था. छह मैच के बाद टूर्नामेंट बंद कर दिया गया. दाफा से मैच का प्रसारण हुआ है. इस पर सट्टा लगता था. दाफा कंपनी किसकी अनुमति से गोरखपुर आया. किसकी अनुमति से सीधा प्रसारण हुआ. यह बताने को कोई तैयार नहीं है. सट्टेबाजी में यहां के लोग भी शामिल थे. बाद में दाफा ने 19 आइडी ब्लाक की. मैच का प्रायोजक भी दाफा था.

> क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा था. गर्मी अधिक होने के कारण फिलहाल टूर्नामेंट स्थगित किया गया है. जहां तक सट्टेबाजी को लेकर आरोप का सवाल है इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है.
> - साकिब अहमद, अध्यक्ष, मंडल क्रिकेट एसोसिएशन

> गोरखपुर में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में फिक्सिंग की शिकायत मिली है. शिकायतकर्ता से आरोपी के खिलाफ नामजद एफआईआर कराने के लिए कहा गया है. एफआईआर दर्ज होने के बाद यूपीसीए की ओर से भी कार्रवाई की जाएगी.
> - उत्तम केसरवानी, अध्यक्ष प्रतिनिधि यूपीसीए

# आर्म्स एक्ट में माफिया सुधीर सिंह को दो साल जेल

**सख्ती**

- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने सुधीर सिंह को सुनाई सजा
- अपने ससुर का लाइसेंसी बंदूक लेकर घूम रहा था सुधीर सिंह



सुधीर सिंह

## माफिया पर दर्ज हैं 40 केस

गोरखपुर। माफिया सुधीर सिंह ने अपने पिता सुरेन्द्र सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए जरायम के दुनिया में कदम रखा। सुधीर ने राजनीति में भी कदम रखा वह पिपरौली ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख रहा सुधीर पर विभिन्न थानों में 40 के करीब केस दर्ज है।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। यूपी स्तर के माफिया सुधीर सिंह को सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने गैर लाइसेंसी असलहा बरामद होने के जुर्म में दो साल की सजा और दस हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया है। वहीं शस्त्र अधिनियम का उलंघन करने में दोषी पाए जाने पर सुधीर के ससुर को भी कोर्ट ने दोषी पाया और तीन महीने की सजा सुनाई है।

माफिया सुधीर सिंह पहले से जमानत पर बाहर है लिहाजा कोर्ट ने उसे 20 हजार के व्यक्तिगत बंधपत्र पर अपिल अवधि तक जमानत पर रिहा कर दिया है। गोरखपुर का यह दूसरा माफिया है जिसे अभियोजन और पुलिस की पैरवी कोर्ट ने सजा सुनाई है इससे पहले माफिया राकेश यादव को सजा हुई थी। राकेश फिलहाल जेल में है।

रेलवे स्टेशन रोड पर आठ अक्टूबर 2011 को पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक स्कार्पियो रोका था। स्कार्पियों में चार लोग सवार थे जिसमें सुधीर सिंह अपने भाई उदयवीर सिंह के साथ बैठा था। सुधीर और उदयवीर दोनों के पास असलहा था। उदयवीर के पास से पुलिस ने रायफल बरामद किया था लेकिन उसका लाइसेंस उदयवीर के पास था। वहीं सुधीर के पास से 12 बोर का एक बंदूक बरामद हुआ जिसका लाइसेंस उसने अपने ससुर नरसिंह के नाम होना बताया था।

सुधीर ने अपने ससुर के नाम का लाइसेंस भी दिखाया लेकिन लाइसेंसी के न होने पर पुलिस ने सुधीर सिंह और उसके ससुर नरसिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इसी मामले में 13 साल बाद कोर्ट ने सुधीर और उसके ससुर नरसिंह को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया है। सुधीर को कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई।

# दो थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदला

**GORAKHPUR (10 June):** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार की देर रात दो थानेदारों के कार्यक्षेत्र में बदला. एक चौकी प्रभारी को थाने का प्रभार सौंपा. सहजनवां थानेदार रहे मदन मोहन मिश्र को पिपराइच का थानेदार बनाया गया है. पिपराइच में निरीक्षक अमित शर्मा को कार्य में लापरवाही के आरोप में एसएसपी ने तीन दिन पहले लाइन हाजिर कर दिया था. हरपुर-बुदहट के थानेदार रहे विशाल उपाध्याय को सहजनवां थाने का प्रभार मिला है. बेतियाहाता चौकी प्रभारी रहे विशाल कुमार सिंह को हरपुर-बुदहट थाने का प्रभार मिला है. सोमवार को तीनों थानेदारों ने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लिया.



# किराएदार बनकर छिपा था मऊ का स्मैक धंधेबाज

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले में स्मैक और गांजा सप्लाई करने के आरोपी को राजघाट पुलिस ने सोमवार को दबोच लिया। उसका नाम तो पिछले कई साल से आ रहा था, लेकिन हर बार वह बच जाता था, क्योंकि उसका असली नाम जितेंद्र है, यह कोई नहीं जानता था। पकड़े गए आरोपी भी यही बताते थे कि मऊ का डॉक्टर उसे स्मैक देता है, इसी वजह से बच जाता था। अब तीन साल पहले दर्ज केस में वांछित कथित डॉक्टर को पुलिस ने हार्बर्ट बंधे के पास से पकड़ लिया।

पता चला कि वह सिक्टौर में किराएदार बनकर छिपा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले एक साल से धंधे से दूर है, क्योंकि अमरुतानी में स्मैक पर हुई पुलिस की कार्रवाई के बाद उसकी डिमांड नहीं के बराबर हो गई थी।

> गिरफ्तार जितेंद्र पिछले कई साल से गोरखपुर में स्मैक, गांजा की सप्लाई करता था। पिछले एक साल से अमरुतानी में कार्रवाई के बाद उसकी मांग कम हो गई और वह छिप गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
>
> **– कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी**

आरोपी जितेंद्र मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के मंझनपुर पिड़ठ सिंहपुर गांव का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, 2021 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट में वह वांछित चल रहा था। दरअसल, स्मैक और गांजा का सबसे बड़ा केंद्र अमरुतानी ही है। वहीं से पूरे जिले में धंधा फैला था।

# विवादास्पद होर्डिंग लगाने में एक आरोपित गिरफ्तार

- शहर में कई जगह लगाई गई थी घमंड टूटने की बधाई की होर्डिंग
- पकड़ा गया आरोपित कुशीनगर जिले का रहने वाला नीरज सिंह

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना समाप्त होने के बाद पांच जून की रात शहर की सड़कों पर लगे यूनीपोल पर घमंड टूटने की बधाई की होर्डिंग लगाने के मामले में सोमवार को पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहीं अन्य की भूमिका की जांच जारी है। पकड़ा गया आरोपित नीरज सिंह कुशीनगर जिले का मूल निवासी है इसमें और कौन लोग शामिल हैं।

पांच जून की रात में शहर के मुख्य जगहों पर यूनीपोल पर घमंड टूटने की बधाई की होर्डिंग का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। होर्डिंग पर यशवर्धन मिश्रा समाजसेवी व गौतम यादव छात्रनेता लिखा हुआ था।

केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और सोमवार को नीरज सिंह निवासी बड़हरा बाबू मौहनी, रामकोला, कुशीनगर हाल मुकाम मानस विहर कालोनी, पादरी बाजार को गिरफ्तार कर लिया।

# एक चौकी प्रभारी को थानेदारी, दो का कार्यक्षेत्र बदला

गोरखपुर। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार की देर रात दो थानेदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। एक चौकी प्रभारी को थाने का प्रभार सौंपा। सहजनवा थानेदार रहे मदन मोहन मिश्र को पिपराइच का थानेदार बनाया गया है। हरपुर-बुदहट के थानेदार रहे विशाल उपाध्याय को सहजनवा थाने का प्रभार मिला है। कैंट के बेतियाहाता चौकी प्रभारी रहे विशाल कुमार सिंह को हरपुर-बुदहट थाने का प्रभार मिला है।

# बर्खास्त वीडीओ पर आय से अधिक संपत्ति का केस

**कलंक के खिलाफ**

- विजलेंस की रिपोर्ट पर हो चुका है बर्खास्त
- लखनऊ में रहता है आरोपी रामफेर यादव

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। विजलेंस ने ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) के पद से बर्खास्त किए गए रामफेर यादव उर्फ अंशुल यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। आरोपी विशेष खंड गोमतीनगर, लखनऊ का रहने वाला है। शासन के निर्देश पर विजलेंस ने उसके खिलाफ लखनऊ में आय से अधिक संपत्ति होने की जांच की थी। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद इसकी रिपोर्ट विजलेंस ने शासन को भेजी थी। अब शासन के निर्देश पर इस मामले में केस दर्ज किया गया है।

**कमाई 3.68 लाख, खर्चा 3.56 करोड़ :** पूछताछ में आरोपी रामफेर यादव उर्फ अंशुल यादव ने यह स्वीकार किया था कि लोक सेवक के रुप में काम करते हुए उसने 3,68,106 लाख रुपये आय के रूप में अर्जित की थी। जबकि, इसी दौरान आरोपी की कुल परिसम्पत्ति के अर्जन पर और भरण-पोषण पर किया गया कुल खर्च 3,56,84,264 करोड़ पाया गया है। जांच के दौरान आरोपी के पास ज्ञात और वैध स्रोतों से अर्जित की गई आय की तुलना में 3,53,16,158 करोड़ रुपये अधिक पाया गया।

**जांच में नहीं दे सका आय के श्रोतों का हिसाब :** जांच अफसरों ने जब इन रुपयों के आय का श्रोत आरोपी अफसर से मांगा तो आरोपी रामफेर यादव विजलेंस को कोई संतोषजनक जवाब या स्पष्टीकरण नहीं दे सका। जिसके बाद जांच टीम ने उसे आय से अधिक संपत्ति का दोषी मानते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी। शासन से स्वीकृति के बाद विजलेंस गोरखपुर में आरोपी अफसर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# परिजनों को सौंपी गई सरकारी सहायता राशि

## सीएम का संज्ञान

गोरखपुर, निज संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पूरे मामले पर खुद नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनप्रतिनिधि और प्रशासन के अधिकारी सोमवार सुबह हमले में घायल श्रद्धालुओं के घर पहुंचे और उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की। प्रशासन और जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की टीम ने पीड़ित परिजनों से मिलकर जानकारी ली और शासन की ओर से जारी सहायता राशि का चेक परिजनों को सौंपा।



जम्मू में आतंकी हमले में घायल राजेश के घर पहुंचे विधायक विपिन सिंह।

आतंकी हमले का त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ही अधिकारियों को निर्देशित किया था कि जम्मू कश्मीर के प्रशासन से संपर्क कर घायलों को समुचित उपचार व आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। सीएम योगी के निर्देश पर सोमवार सुबह प्रशासन की टीम ने गोलघर स्थित काली मंदिर के पीछे (पुर्दिलपुर) और भैरोपुर जाकर घायलों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। इस दौरान परिजनों को भरोसा दिया गया कि सरकार लगातार जम्मू के प्रशासन के संपर्क में है और सभी घायलों को उच्चस्तरीय इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। परिजनों को यह भरोसा दिलाया गया कि सीएम योगी खुद पूरी घटना पर नजर बनाए हुए हैं।

**परिजनों से मिलने वाले लोगों में ये रहे शामिल:** परिजनों से मुलाकात के दौरान गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मृणाली अविनाश जोशी और सीओ कैंट अंशिका वर्मा, पुर्दिलपुर के पार्षद मनु जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# दोस्तों से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। वरिष्ठ संवाददाता। नौकायन पर घूमने आए तीन दोस्तों से मारपीट करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। अन्य दो की तलाश में पुलिस टीम लगी है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान दाउदपुर निवासी विक्की के रूप में हुई है। गुलरिहा इलाके के परसीया निवासी अभी पंडित ने पुलिस को बताया था कि वह अपने दो दोस्तों के साथ रविवार की रात नौ बजे के करीब चंपा देवी पार्क के पास एक चाय की दुकान पर था। आरोपी विक्की अपने दो-तीन साथियों के साथ आया और मारपीट करने लगा। इस दौरान अभी का सिर फट गया।

## कूटरचित टिकट-वीजा देने का आरोपी गिरफ्तार

चौरीचौरा। विदेश भेजने के नाम पर फर्जी टिकट व वीजा देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित मोहम्मद अलीम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। चौरीचौरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौरी के सबुनी निवासी नितिश सिंह ने पुलिस से शिकायत की थी कि अयोध्या के रुदौली निवासी मोहम्मद अलीम ने साथी इबरार के साथ मिलकर 75 हजार लिया और कूटरचित टिकट व वीजा दे दिया। ब्यूरो

## किशोरी से दुष्कर्म, केस दर्ज

पिपराइच (गोरखपुर)। क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक, उसके भाई और माता-पिता के विरुद्ध केस दर्ज किया है। गुलरिहा क्षेत्र की महिला 13 वर्षीय बेटी के साथ पिपराइच क्षेत्र में मायके में किराए के मकान में रहती है। मां का आरोप है कि एक जून की शाम बेटी जंगल की ओर टहलने गई थी। तभी पास के गांव के युवक ने दुष्कर्म किया था। आरोपी के घर गई तो उसके परिजनों ने मारपीट की। ब्यूरो

## दो थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदला, एक चौकी प्रभारी को थाने का प्रभार

गोरखपुर। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार की देर रात दो थानेदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया और एक चौकी प्रभारी को थाने का प्रभार सौंपा। सहजनवां थानेदार रहे मदन मोहन मिश्र को पिपराइच का थानेदार बनाया गया है। पिपराइच में तैनात रहे निरीक्षक अमित शर्मा को कार्य में लापरवाही के आरोप में एसएसपी ने तीन दिन पहले लाइन हाजिर कर दिया था।हरपुर-बुदहट के थानेदार रहे विशाल उपाध्याय को सहजनवां थाने का प्रभार मिला है। कैंट के बेतियाहाता चौकी प्रभारी रहे विशाल कुमार सिंह को हरपुर-बुदहट थाने का प्रभार मिला है। सोमवार को तीनों थानेदार ने अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। ब्यूरो

# खनन माफिया कर रहे थे खोदाई, ग्रामीणों ने रोका

सरहरी। सियारामपुर के टेनडाड़ ताल में अहिरौली गांव के पास सोमवार की रात खनन माफिया नाले से मिट्टी खनन करा रहे थे। तभी ग्रामीणों ने छह ट्रैक्टर ट्राली एवं एक जेसीबी रोककर 112 नंबर पर फोन कर दिया। पुलिस के सामने ग्रामीणों ने निकाली गई मिट्टी को उसी जगह गिरवाया। ब्यूरो

**दो थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदला, एक चौकी प्रभारी को थाने का प्रभार :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार की देर रात दो थानेदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। सहजनवां थानेदार रहे मदन मोहन मिश्र को पिपराइच का थानेदार बनाया गया है। हरपुर-बुदहट के थानेदार रहे विशाल उपाध्याय को सहजनवां थाने का प्रभार मिला है। बेतियहाता चौकी प्रभारी विशाल कुमार सिंह को हरपुर-बुदहट थाने का प्रभार मिला है।

# स्मैक किंग डॉक्टर गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। स्मैक किंग के नाम से कुख्यात शातिर तस्कर मऊ घोषी पिहड़ सिंहपुर निवासी डॉक्टर उर्फ जितेंद्र पासवान को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। वह एक केस में छह माह से फरार था।

पुलिस ने बताया कि जब-जब शहर में गांजा पकड़ा गया, तब डॉक्टर का नाम आता था। लेकिन कोई यह नहीं जान पाता था कि डॉक्टर कौन है। यह मऊ में झोला छाप डॉक्टर बनकर देश भर में स्मैक गांजा की तस्करी करवाता है। इसका लिंक राजस्थान और उड़ीसा के बड़े तस्करों से भी है। पुलिस की मानें तो डॉक्टर ने कई बड़े तस्करों के नाम उगले हैं। ब्यूरो

# शराब की दुकान खोलने पर प्रदर्शन

अमर उजाला ब्यूरो

झंगहा (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के राजी जगदीशपुर गांव में खिरिहवा स्थित निषाद चौराहे पर देशी शराब की नई दुकान खुलने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को तोड़फोड़ कर प्रदर्शन किया है। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची तो ग्रामीण फरार हो गए। प्रदर्शन का समर्थन पास स्थित एक विद्यालय के प्रबंधक ने भी किया है।



झंगहा में देसी शराब की दुकान के विरोध में इकट्ठा हुए ग्रामीण। संवाद

आबकारी विभाग ने आशा देवी के नाम से लाइसेंस जारी किया था। इसके बाद खिरिहवा स्थित निषाद चौराहे पर देशी शराब की दुकान खोली गई। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान खुलने के बाद शराबियों के आतंक से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण नाराज होकर दुकान में घुसकर तोड़-फोड़ करने लगे। भीड़ देखकर दुकानदार भी अंदर ही छिप गया। पुलिस के आने के बाद वहां से ग्रामीण निकले। विक्रेता ने बताया कि छह सीसीटीवी कैमरा ग्रामीणों ने तोड़ दिया। दुकान में वह लोग अपना ताला भी लगा दिए हैं। वहीं ग्रामीणों ने शराब की दुकान हटाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि आगे भी वह प्रदर्शन करेंगे।

# माफिया सुधीर को दो साल की सजा

## आर्म्स एक्ट में हुई सजा, दस हजार रुपये का जुर्माना भी

गोरखपुर। यूपी के 61 और जिले के टॉप-10 माफिया की सूची में शामिल सुधीर सिंह को कोर्ट ने सोमवार को दो साल की सजा सुनाई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने गैर लाइसेंसी असलहा बरामद होने के जुर्म में सजा सुनाई। दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन करने में दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने सुधीर के ससुर को भी तीन महीने की सजा सुनाई है।

माफिया सुधीर सिंह जमानत पर बाहर है, लिहाजा कोर्ट ने उसे 20 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र पर अपील अवधि तक जमानत पर रिहा कर दिया है। गोरखपुर का यह दूसरा माफिया है जिसे अभियोजन और पुलिस की पैरवी से कोर्ट ने सजा सुनाई है। इससे पहले माफिया राकेश यादव को सजा हुई थी। राकेश फिलहाल जेल में है। हाल ही में राजघाट में एक केस में सुलह कराने के मामले में सुधीर समेत कई अन्य पर धमकी देने का केस दर्ज किया गया था। इस मामले की अभी जांच चल रही थी, तभी कोर्ट ने आर्म्स एक्ट में सजा सुना दी है।



**जिले के टॉप-10 माफिया में शामिल है सुधीर का नाम**

>> ससुर की बंदूक के साथ पकड़ा गया था... पेज 3

# बर्खास्त वीडीओ की लखनऊ में आय से अधिक संपत्ति, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

## विजिलेंस की रिपोर्ट पर वर्ष 2021 में हो चुका है बर्खास्त

गोरखपुर। जिले में वर्ष 2021 में बर्खास्त ग्राम विकास अधिकारी रामफेर यादव उर्फ अंशुल यादव की लखनऊ में आय से अधिक संपत्ति मिलने के बाद विजलेंस ने केस दर्ज किया है। आरोपी ग्राम विकास अधिकारी रामफेर यादव विशेष खंड गोमतीनगर, लखनऊ का रहने वाला है। शासन के निर्देश पर विजलेंस ने उसके खिलाफ लखनऊ में आय से अधिक संपत्ति होने की जांच की थी। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद इसकी रिपोर्ट विजलेंस ने शासन को भेजी थी। अब शासन के निर्देश पर इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

जांच के दौरान आरोपी रामफेर यादव उर्फ अंशुल यादव ने यह स्वीकार किया था कि लोक सेवक के रूप में काम करते हुए उसने 3,68,106 लाख रुपए आय के रूप में अर्जित की थी। जबकि, इसी दौरान आरोपी की कुल परिसम्पत्ति के अर्जन पर और भरण-पोषण पर किया गया कुल खर्च 3,56,84,264 करोड़ पाया गया है।

वहीं, जांच के दौरान आरोपी रामफेर यादव उर्फ अंशुल यादव के पास ज्ञात और वैध स्रोतों से अर्जित की गई आय की तुलना में 3,53,16,158 करोड़ रुपया अधिक पाया गया। आरोपी रामफेर यादव उर्फ अंशुल यादव इस व्यय की तुलना में आय 9594.01 प्रतिशत अधिक पाया गया, जो इनकी ज्ञात और वैध स्रोतों से अर्जित आय से काफी अधिक है।

जांच अफसरों ने जब इन रुपयों के आय का स्रोत आरोपी अफसर से मांगा तो आरोपी रामफेर यादव उर्फ अंशुल यादव विजलेंस को कोई संतोषजनक जवाब या स्पष्टीकरण नहीं दे सका। जिसके बाद जांच टीम ने आरोपी रामफेर यादव को आय से अधिक संपत्ति का दोषी मानते हुए इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी।

**विवादित पोस्टर मामला**

# मजदूर पर ठिकरा फोड़ने वाला गिरफ्तार.. जबरन लगवाए थे पोस्टर

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर में बृहस्पतिवार को विवादित पोस्टर लगने के बाद अचानक माहौल गरम हो गया था। अब इस मामले में नया मोड़ आया है। मजदूर को अगवा करके शहर के कई प्रमुख चौराहों पर विवादित होर्डिंग लगवाया गया था। पूछताछ व जांच के बाद कैंट थाना पुलिस ने केस में अपहरण करने व धमकी देने की धारा आरोपी युवक पर बढ़ाई है।

कुशीनगर जिले के रामकोला बड़हरा बाबू गांव मोहनी निवासी नीरज सिंह को अपहरण के केस में कैंट पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। मुख्य आरोपित गौतम यादव व उसके साथी की तलाश चल रही है।

छह जून की भोर में शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर एक राजनीतिक दल के झंडे के बैकग्राउंड वाला होर्डिंग लगवाया गया था। जिस पर बड़े-बड़े अक्षरों में घमंड टूटने की बधाई लिखा हुआ था। होर्डिंग में नीचे छात्रनेता गौतम यादव व यशवर्धन मिश्रा का नाम लिखा था। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने सभी होर्डिंग उतरवा दिया।

फर्म के प्रोपराइटर विनय पांडेय की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध कैंट थाना पुलिस ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज किया। सीसीटीवी कैमरा फुटेज की मदद से होर्डिंग लगाने वाले मजदूर को पकड़ा गया तो उसने बताया कि शाहपुर के बिछिया स्थित मानस विहार कालोनी के नीरज सिंह उसे जबरन अपने साथ ले गया और वह होर्डिंग लगवाया।

**विवादित पोस्टर मामले में आया नया मोड़, अपहरण कर मजदूर से लगवाया था पोस्टर**


'घमंड' पर विवाद प्रचंड.. गोपनीय जांच शुरू

9 जून को प्रकाशित खबर।



पकड़ा गया आरोपी। संवाद

## *ये था पूरा मामला*

*बृहस्पतिवार को शहर के यूनिपोल पर छात्र नेताओं के नाम के साथ ही उसपर बड़े-बड़े अक्षरों में घमंड टूटने की बधाई लिखा हुआ पोस्टर लगाया गया था। यह पोस्टर थोड़ी ही देर में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद कई जगहों से प्रतिक्रिया भी आने लगी। पोस्टर पर समाज सेवक यशवर्धन मिश्रा और विश्वविद्यालय छात्र नेता गौतम यादव का नाम लिखा था। इनके खिलाफ देर शाम यूनिपोल का ठेका लेने वाली फर्म की ओर से तहरीर देकर कैंट थाने में केस दर्ज कराया गया।*

# ससुर की बंदूक के साथ पकड़ा गया था माफिया सुधीर

## शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन करने पर ससुर को भी मिली तीन महीने की सजा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। वर्ष 2011 में सुधीर सिंह का नाम शहर में काफी चर्चित हो चुका था। शहर के हर छोटे-बड़े झगड़ों में उसका नाम आ ही जाता था। रेलवे स्टेशन रोड पर आठ अक्टूबर 2011 को पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक स्कार्पियो रोका था। उस गाड़ी में सुधीर सिंह सवार था। टेरर बनाने के लिए अपने साथ ससुर की बंदूक भी रखा था।



माफिया सुधीर सिंह

### रेलवे स्टेशन रोड पर आठ अक्तूबर 2011 को चेकिंग में मिला था असलहा

पुलिस के अनुसार स्कार्पियो में चार लोग सवार थे जिसमें सुधीर सिंह अपने भाई उदयवीर सिंह के साथ बैठा था। सुधीर और उदयवीर दोनों के पास असलहा था। उदयवीर के पास से पुलिस ने रायफल बरामद किया था लेकिन उसका लाइसेंस उदयवीर के पास था। वहीं सुधीर के पास से 12 बोर का एक बंदूक बरामद हुआ, जिसका लाइसेंस उसने अपने ससुर नरसिंह के नाम होना बताया था।

सुधीर ने अपने ससुर के नाम का लाइसेंस भी दिखाया लेकिन लाइसेंसी के न होने पर पुलिस ने सुधीर सिंह और उसके ससुर बेलीपार थाना क्षेत्र के जंगल रानी सोहास कुंवारी टोला बड़ेरिया निवासी नरसिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

गवाहों और सबूतों के आधार पर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इसी मामले में 13 साल बाद कोर्ट ने सुधीर और उसके ससुर नरसिंह को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया है। सुधीर को कोर्ट ने जहां दो साल की सजा और दस हजार रुपये अर्थदंड तो वहीं नरसिंह को शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन करने के जुर्म में दोषी पाते हुए तीन महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

# क्रिकेट में चल रहा था सट्टे का खेल...गिल्लियां उड़ीं

## बीच में ही टूर्नामेंट रद्द, गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने सीएम और यूपीसीए को भेजा पत्र

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन की आड़ में संचालित एक टूर्नामेंट पर सट्टेबाजी का आरोप लगा है। सेंट एंड्रयूज क्रिकेट ग्राउंड पर बीते तीन जून से यह टूर्नामेंट शुरू हुआ। मामला पकड़ा गया तो केवल छह मैच कराकर पांच जून को इसे बंद कर दिया गया।

गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विनोद कुमार सिंह का आरोप है कि डाफा बेटिंग एप के जरिए टूर्नामेंट में फिक्सिंग और स्पॉट फिक्सिंग की जा रही थी। गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने सीएम और यूपीसीएल को पत्र भेजकर इस प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

**03**

जून को शुरू हुआ टूर्नामेंट पांच जून को बंद

आरोप है कि प्रतियोगिता को डाफा के बेटिंग एप पर ऑनलाइन प्रसारित किया गया और फिर सट्टा लगाने लगे। इतना ही नहीं, मैदान पर भी सट्टा लगाया गया। एक ओवर में पांच वाइड बाल फेंकी गई। अब इस टूर्नामेंट में खेल रहे 35 खिलाड़ी भी शक के दायरे में आ गए हैं।

एसोसिएशन के सचिव का आरोप है कि एक एप की मदद से ऑनलाइन और मैदान पर दोनों ही तरीकों से सट्टा लगाया गया। इंट्री फीस के तौर पर हर टीम से 30 हजार रुपये वसूले गए थे। प्रतियोगिता में आठ टीमें हिस्सा ले रही थीं। सबसे रुपये वसूले गए और बताया गया कि जीतने पर एक लाख और उप विजेता को 50 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा।





सेंट एंड्रयूज क्रिकेट ग्राउंड पर तीन से पांच जून तक खेले गए इसी टूर्नामेंट पर सवाल उठ रहे हैं। अमर उजाला

## 40 पंजी और अनगिनत वाइड से शक के दायरे में आया टूर्नामेंट

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। 40 पंजी और अनगिनत वाइड बॉल से यह टूर्नामेंट शक के दायरे में आ गया। बताया जा रहा है कि टूर्नामेंट में डाफा एप के जरिए ऑनलाइन और स्पॉट सट्टेबाजी चल रही था। इसमें आयोजक को पहले से पता रहता था कि मैच में अगली बॉल पर क्या होने वाला है। इसके लिए वह पहले से खिलाड़ियों को सेट कर देता था।

सेंट एंड्रयूज कालेज के मैदान पर खेले गए इस टूर्नामेंट पर गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर भी इसको लेकर खिलाड़ियों के बीच खूब चर्चा हो रही है।

इस टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा ले रही थीं। सूत्रों की मानें तो इनमें से कई टीमों के कोच और खिलाड़ी भी सट्टेबाजी में शामिल थे। मैच के पहले ही कोच खिलाड़ियों से कौन सी बॉल पर क्या करना है, यह सेट कर लेते थे। इसके बाद बाहर बैठकर खुद सट्टा लगा रहे थे। इसके बदले खिलाड़ियों को भी हर मैच में 30 से 40 हजार रुपये तक फायदा दिया गया।

**इस तरह लगती थी बेट :** डाफा एप पर टॉस से लेकर प्रति बॉल बेट लगाई जा रही थी। पांच हजार से लेकर एक लाख रुपये तक की बेट लगती थी। इस एप के माध्यम से पहले सट्टा खेलने वालों से पहले ही अकाउंट में रुपये जमा करा लिए जाते हैं। इसी के बाद उसी रुपये से वह सट्टा खेलते हैं। मुनाफा होने पर तुरंत उनके अकाउंट में रुपये पहुंच जाते हैं।

### खेल के व्हाट्सएप ग्रुपों में खिलाड़ियों का फूटा गुस्सा, जाहिर की नाराजगी

### *इस तरह होती थी सट्टेबाजी*

*सूत्रों की मानें तो बॉलरों को पहले ही सेट किया जाता था। वह किस बॉल पर वाइड और किस पर नो फेकेंगे यह उन्हें पहले ही बता दिया जाता था। उसी हिसाब से बॉलर बॉलिंग करते थे। इसी तरह बल्लेबाजों को भी सेट किया जाता था।*

### *नेपाल की टीम से खेल चुका खिलाड़ी करा रहा था टूर्नामेंट*

*सूत्रों की मानें तो 19 एज ग्रुप में आयोजित इंटरनेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट नेपाल टीम से गोरखपुर का एक खिलाड़ी खेल चुका है। इसी खिलाड़ी द्वारा डाफा क्रिकेट मैच का आयोजन कराया जा रहा था। इस खिलाड़ी ने चार माह पहले भी एक टूर्नामेंट सेंट एंड्रयूज कॉलेज के मैदान पर कराया था। तब भी सट्टेबाजी की बात सामने आई थी*

**40 पंजी ने चौंकाया**

तीन दिन चले टूर्नामेंट में छह मैच आयोजित किए गए। आईपीएल की तर्ज पर 20-20 ओवरों का मैच होता था। छह मैच में 40 पंजी गई थी, यह जानकर हर कोई हैरान हो गया था। इसी तरह एक मैच में कई वाइड बॉल फेंकी गई थी। खिलाड़ियों की मानें तो ऐसा पहला टूर्नामेंट है, जिसमें इतनी वाइड और पंजी गई थी।

गर्मी के कारण टूर्नामेंट स्थगित करना पड़ा है। हमारा काम प्रतियोगिता कराने को लेकर अनुमति दिलाना है। अगर कोई नियम का उल्लंघन कर रहा है तो भविष्य में उसे अनुमति नहीं दी जाएगी।

– गजेंद्र तिवारी, मंडलीय सचिव, गोरखपुर क्रिकेट एसोसिएशन

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

# छोटी गंडक में डूबने से महिला की मौत

देवरिया। छोटी गण्डक में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। बघौचघाट के पोखर भिण्डा गांव की रहने वाली फूला देवी (50 ) पत्नी विक्रम यादव रविवार को किसी कार्य से गांव के समीप छोटी गंडक में गई हुई थी। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंची। परिवार के लोग महिला की तलाश करने लगे। इसी बीच किसी ने नदी में डूबने की जानकारी परिजनों को दी। सोमवार की सुबह महिला का शव महुआपाटन के समीप छोटी गंडक में उसका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मार्ग दुर्घटना में एक सफाई कर्मचारी की मौत

देवरिया। भटनी के बभनौली कला गांव के रहने वाले सुग्रीव यादव( 42) पुत्र बेचू यादव पंचायतीराज विभाग में सफाई कर्मी था। उसकी ड्यूटी डीएम आवास पर लगी हुई थी। रविवार को वह ड्यूटी से वापस घर बाइक से जा रहा था। अभी वह देवरिया- सलेमपुर मार्ग पर सोंदा गांव के समीप ही पहुंचे थे कि चार पहिया गाड़ी ने ठोकर मार दिया। जिससे सफ़ाई कर्मी घायल हो गया।आस पास के लोगों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने युवक का इलाज शुरु कर दिया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# आठ के खिलाफ बलबा का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। अराजी अमौनी में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने एक पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ बलबा का मुकदमा दर्ज की है। जंगल अराजी अमौनी गांव की रहने वाली रेनू देवी पत्नी बलई राजभर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कही है कि गांव के ही कुछ लोगों से उनका पहले से भूमि विवाद चल रहा है। उसी विवाद को लेकर 23 मई की रात करीब आठ बजे दूसरे पक्ष के लोग गाली गलौज करने लगे। मना करने पर मारने पीटने लगे। जिसमें उसके हाथ की हड्डी टूट गई है।

# मारपीट के आरोप में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

खुखुन्दू। मोबाइल पर गाली देने की बात को पूछने को लेकर एक पखवाड़े पूर्व हुई मारपीट में पुलिस ने 16 दिन बाद दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ भी मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांगी गांव में मोबाइल पर गाली देने की बात को लेकर 26 मई को दो पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने एक पक्ष से उषा देवी पत्नी हरेराम चौहान की तहरीर पर अगले दिन पांच लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया था ।

# कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी व जालसाजी का केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के देवरिया उर्फ शामपुर निवासी मोहम्मद अजहर खां पुत्र मोहम्मद यार खां ने दी गई तहरीर में कहा है कि कोतवाली क्षेत्र के नवलपुर गांव के रहने वाले वसीम खां पुत्र शमीम खां विद्युत विभाग में लाइनमैन के तौर पर कार्य करता था। उसने इनके विद्युत कनेक्शन नम्बर 2206/709904 को पीडी कराने की बात करते हुए 64 हजार रुपये ले लिया। उसने कहा कि कनेक्शन कट गया है और अब उनकी जगह उनके बेटे के नाम से बिल आएगा।

S

# 3 पर मारपीट का केस

खुखुन्दू। बकरी खेत में चली जाने की बात को लेकर रविवार को दो पक्षों में मारपीट हुई थी। दूसरे दिन पुलिस ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों पर भी मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रार बड़ी गांव में बकरी खेत में चली जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने मंजू देवी की तहरीर पर दूसरे पक्ष के बसंत कन्नौजिया, सुनील एवं पिंटू पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

# शहर के न्यू कालोनी में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मृत्यु



न्यू कालोनी में महिला की मृत्यु के बाद जांच करती पुलिस • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के न्यू कालोनी में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मृत्यु हो गई। मायके पक्ष ने गला दबाकर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी समेत अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच जांच की। पुलिस को कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

न्यू कालोनी के रहने वाले अभिषेक कुमार बिजली विभाग में कुशीनगर जनपद में लिपिक के पद पर तैनात हैं। उनकी शादी 25 जून 2014 को तरकुलवा उपनगर की रहने वाली शिल्पी से हुई थी। अभिषेक का कहना है कि रात में एक बजे तक वह पत्नी के पास थे, जबकि उसके बाद कमरे से बाहर आकर सो गए। सुबह सात बजे जब वह आवाज लगाए तो अंदर से शिल्पी ने फाटक नहीं खोला। कमरे का फाटक तोड़कर अंदर गए तो

- मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का लगाया आरोप
- सीओ सिटी व अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंच की जांच

शिल्पी फंदे से लटक रही थी। नीचे उतारे से मृत्यु हो गई थी। अभिषेक की सूचना पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे तो देखे कि गले में निशान है। मायके पक्ष ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ सिटी के अलावा कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा समेत अन्य अधिकारी भी पहुंच गए और प्रकरण की जांच किए। मृतका के दो बच्चे हैं। घटना के कारण पता नहीं चल पाए हैं। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

सलेमपुरः दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा र्ज किया है। साथ ही जांच शुरू कर दी है। सलेमपुर कोतवाली के हरिश्चंद कोड़रा के रहने वाले बलिराम यादव की बेटी वंदना की शादी मदनपुर के अजयपुरा मरवट के रहने वाले सोनू यादव के साथ हुई थी।

वंदना का आरोप है कि जब से वह ससुराल गई है, तभी से ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। इस मामले में सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने पति सोनू यादव, देवर सत्यम, ननद वंदना, सास सुभावती, ससुर जयप्रकाश यादव व अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दो पिकअप से छह गोवंश बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सलेमगढ़ : तरयासुजान के गांव हफुआं चर्तुभुज के निकट रविवार को देर रात में तरयासुजान पुलिस ने घेराबंदी कर दो पिकअप को तब पकड़ा जब वह बिहार की ओर जा रहे थे। पुलिस ने तलाशी में छह गोवंश बरामद किया है। इस दौरान तीन पशु तस्कर पकड़े गए। पुलिस मुकदमा दर्ज विधिक कार्रवाई में जुटी है।

एसएचओ तरयासुजान आशुतोष सिंह टीम के साथ तरयालच्छीराम-बथनाकुट्टी बिहार मार्ग पर हफुआं चर्तुभुज के निकट वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी बीच दो पिकअप आते दिखे। रोकने पर बिहार सीमा की ओर भागने लगे, जिसे पीछा कर पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों वाहनों से तीन गाय और तीन बछड़े बरामद किए गए।

प्रवेश प्रारम्भ

# बाइक चोरी में केस दर्ज नहीं होने पर एसपी से गुहार

खुखुंदू। खुखुंदू थाना क्षेत्र के खिरसर गांव निवासी दशरथ यादव की बाइक दस दिन पहले बारीपुर हनुमान मंदिर से बाइक हो गई थी। भलुअनी थाने में केस दर्ज नहीं हुआ तो दशरथ ने सोमवार को एसपी के पास पहुंचकर केस दर्ज करने के लिए गुहार लगाई है। एसपी ने थानेदार को केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। एसओ ने कहा कि जांच कर केस दर्ज किया जाएगा। सीओ बरहज आदित्य गौतम ने बताया कि पता करता हूं। क्या मामला है। तहरीर मिलने पर जांच कर केस दर्ज किया जाएगा। संवाद

# पांच पर बलवा और मारपीट का केस दर्ज

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के गांगी गांव में मोबाइल फोन पर गाली देने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में पांच लोगों पर मारपीट और बलवा का केस दर्ज किया गया है।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के गांगी गांव में एक पखवाड़ा पूर्व मोबाइल फोन पर गाली देने का आरोप लगाते हुए पड़ोसियों ने निलेश कुमार की जमकर पिटाई कर दी। शोर मचाने पर बीच-बचाव करने पहुंची मां सुभावती देवी, दादी गुड्डी देवी और शैलेश कुमार को भी मारा-पीटा गया। बुजुर्ग महिला गुड्डी देवी का इलाज मेडिकल कॉलेज देवरिया में चल रहा है। संवाद

# छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के जुआफर गांव में दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने और मायके वालों के आने पर पड़ोसियों के साथ मिलकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को पति समेत छह के खिलाफ केस दर्ज किया है। विवाहिता की मां की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के सोन्हुला गांव निवासी कुसुमावती देवी की शादी क्षेत्र के जुआफर गांव निवासी दीनदयाल से हुई है। आरोप है कि बृहस्पतिवार की रात तकरीबन 9:00 बजे रात में कुसुमावती देवी छत पर सोई हुई थीं।

इसी बीच पति दीनदयाल शराब पीकर आए और गाली-गलौज करने लगे। साथ में सास भी थीं। जब कुसुमावती ने विरोध किया तो सास और पति दोनों मिलकर मारने-पीटने लगे। शोर मचाने पर पति ने छत से नीचे धकेल दिया। इससे कुसुमावती को हाथ, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं।

मां गुलाइची देवी की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को पति दीनदयाल, सास कुमारी देवी, विकास यादव और तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीड़न में केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि विवाहिता को प्रताड़ित करने पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

## दरवाजे पर बैठे वृद्ध की मृत्यु

बरहज: क्षेत्र के तिवारीपुर के रहने वाले 65 वर्षीय शंभू मद्धेशिया अपने दरवाजे पर बैठे थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उपचार के लिए उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। (जासं)

## दो के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

रुद्रपुर: क्षेत्र के जंगल भुसउल में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। रुद्रपुर कोतवाली के जंगल भुसउल के रहने वाले मोहित राजभर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपित मांगाकोडर के रहने वाले आदित्य व तरुण ने उनके साथ मारपीट की। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। (जासं)

## मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

खुखुंदू: क्षेत्र के बड़ी रार में बकरी जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बड़ी रार के रहने वाले बसंत कनौजिया का आरोप है कि बगल के लोगों से बकरी जाने को लेकर विवाद हो गया और मारपीट हो गई। पुलिस ने रामबचन गोंड, शिव बचन, मंजू देवी व रामबचन की पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## दर्शन करने गए अधेड़ की बाइक चोरी

खुखुंदू: क्षेत्र के खिरसर गांव के रहने वाले दशरथ यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि वह हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए गए थे। बाइक बाहर खड़ा किए थे। अचानक उनकी बाइक चोरी कर ली गई। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। (जासं)

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

इंदूपुर: गौरीबाजार के खैरातिया के घुरियापार के रहने वाले रामप्रवेश ने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे हालत बिगड़ गई। उपचार के लिए स्वजन सीएचसी ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

# मवेशियों के साथ छह गिरफ्तार

**सलेमगढ़/तमकुहीराज, हिटी।** जिले की तरयासुजान व तमकुहीराज पुलिस ने अगल-अगल क्षेत्रों में चेकिंग के प्रतिबंधित मवेशियों के साथ छह पशु तस्करों को गिरफ्तार किया।

क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह कालरा के नेतृत्व में तरयासुजान थानेदार आशुतोष सिंह पुलिस टीम हफुआ बथाना मार्ग पर घेरा बंदी कर तस्करों के टोह में जुट गए। तभी दूर से तेज रफ्तार में दो पिकअप वाहन को आते देख तरयासुजान पुलिस टीम सक्रियता दिखाते हुए दो पिकअप में लदे प्रतिबंधित छह पशुओं को बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान तरया सुजान थाना क्षेत्र के कोइन्दहा निवासी राम एकबाल यादव पुत्र स्व. तीला यादव, जवाही नरेंद्र निवासी विजय सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह तथा बिहार प्रांत के सीवान जनपद के थाना मौफसिल के रौजा पोखरा निवासी मनीष कुमार पुत्र हरेराम राय के रुप में हुई।

सोमवार को तमकुहीराज थाने की पुलिस थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव की अगुवाई में थानाक्षेत्र के सरेया खुर्द गांव के समीप पशु तस्करों की टोह में जुटी हुई थी। पशु तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान के क्रम में पुलिस ने मुख्य पश्चिमी गंडक नगर की पटरी पकड़कर तेज रफ्तार बिहार की तरफ जा रहे दो पिकअप वाहन को रोककर उसकी तलाशी लिया तो वाहन में प्रतिबंधित 10 पशु बरामद हुए। पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पशुओं को मुक्त कराते हुए पकड़े गए पशु तस्कर हबीबुल्लाह अंसारी पुत्र नत्थू अंसारी निवासी गड़हिया पाठक थाना तरया सुजान, रामभजन यादव पुत्र राम भरोसे यादव व सत्येन्द्र यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी विशुनपुर उर्फ ठोठी सुकरौली थाना हाटा के खिलाफ पशु तस्करी से संबंधित तमाम गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

तमकुहीराज। स्थानीय पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमें में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के साथ पिछले दिनों गांव के एक युवक ने घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया था। पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी राहुल पुत्र श्याम सुन्दर प्रसाद निवासी कोईन्दी बरियारपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# पोर्टल हैक कर अपलोड कर दी अश्लील फोटो

**पडरौना, निज संवाददाता।** कुशीनगर जिले का स्वास्थ्य महकमा एक मामले को लेकर फिर चर्चा में आ गया है, जो वास्तव में चौंकाने वाला है। स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान योजना का पोर्टल हैक कर दो अस्पतालों की आईडी पर मरीजों की जगह पोर्न फोटो डाल दिए गए। इसकी जानकारी जब ईमेल से अस्पताल संचालकों को हुई थी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में अस्पताल संचालकों ने संबंधित थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले को साइबर पुलिस को अग्रसारित कर दिया। साइबर पुलिस की जांच में मामला सही पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग के एक-दो कर्मचारियों सहित चार-पांच लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मंगलवार को इस मामले का खुलासा कर सकती है।

ढोलहा चौराहे पर संचालित आराध्या सर्जिकल हॉस्पिटल के संचालक हरिओम तिवारी ने नेबुआ नौरंगिया थाने में तहरीर देकर बताया था कि एक 26 फरवरी, 2024 को पोर्टल पर मरीज की जगह पोर्न फोटो अपलोड कर दिया गया। इसके बाद आयुष्मान भारत लखनऊ से हॉस्पिटल प्रबंधक की ईमेल आईडी पर टीएमएस के पोर्टल की जानकारी दी गई और आयुष्मान भारत की टीएमसी पोर्टल की उनकी आईडी बंद कर दी गई। संचालक ने इस मामले की जांच कराकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। इसी तरह का दूसरा मामला पडरौना कोतवाली क्षेत्र के खिरकिया में बीएन हॉस्पिटल का सामने आया है। मंसाछापर निवासी आकाश पांडेय ने पडरौना कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि वह इस अस्पताल के प्रबंध निदेशक हैं। यह अस्पताल आयुष्मान योजना से जुड़ा है। 25 फरवरी, 2024 को रात में करीब 11 बजे मोबाइल पर ईमेल मिला कि उनके हॉस्पिटल से बिहार की एक महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया है। जब उन्होंने अस्पताल में फोन कर पता किया तो मालूम हुआ कि गलत तरीके से अज्ञात व्यक्ति ने डिस्चार्ज किया है। जबकि उस मरीज का इलाज अस्पताल में चल रहा था। उनके किसी स्टॉफ की तरफ से मरीज को पोर्टल पर डिस्चार्ज नहीं किया गया था। उन्होंने बताया था कि आयुष्मान भारत की आईडी का पासवर्ड हैक कर पोर्टल पर मरीज को डिस्चार्ज कर दिया है। पोर्टल पर डिस्चार्ज कागजात की जगह अश्लील तस्वीरें अपलोड कर दी गई थीं। उन्होंने अपनी तहरीर में चार अन्य मरीजों की आईडी का उल्लेख करते हुए बताया था कि इसी तरह से उन पर अश्लील तस्वीरें अपलोड कर दी गई थीं। उनकी तहरीर पर नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच साइबर पुलिस को अग्रसारित कर दी थी।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

तमकुहीराज। स्थानीय पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमें में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के साथ पिछले दिनों गांव के एक युवक ने घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया था। पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी राहुल पुत्र श्याम सुन्दर प्रसाद निवासी कोईन्दी बरियारपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# फेसबुक पर अमर्यादित टिप्पणी, केस दर्ज

**गोडरिया।** दुदही के भाजपा मंडल अध्यक्ष ने एक युवक पर भारतीय जनता पार्टी के प्रति फेसबुक पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में विशुनपुरा थाने में केस दर्ज कराया है।भाजपा मंडल दुदही के अध्यक्ष अंजेश भारती ने प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा को तहरीर देकर कहा है कि दुदही ब्लॉक के ही जंगल नौगांव निवासी युवक ने भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध अपने फेसबुक पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है। जिससे भाजपा कार्यकर्ता आहत हुए हैं।

# कसया में मकान में छापेमारी महिला समेत तीन हिरासत में

जासं, मल्लूडीह: कसया के बरवा जंगल में फोरलेन किनारे स्थित मकान में सोमवार की रात पुलिस ने छापेमारी की। संदिग्ध हाल में मिली महिला व दो युवतियों को हिरासत में ले लिया। उनके कमरे में आपत्तिजनक वस्तु भी मिली। तहसीलदार धर्मवीर सिंह की मौजूदगी में पुलिस ने होटल को सील कर दिया।

पुलिस को बीते कुछ दिनों से मकान में देह व्यापार का धंधा संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। इस आधार पर रात को नौ बजे सीओ कुंदन कुमार सिंह, तहसीलदार धर्मवीर सिंह व नायब तहसीलदार शैलेश सिंह की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने छापेमारी की। एक कमरे में महिला व दो युवतियां संदिग्ध हाल में पाई गईं। छानबीन के दौरान कमरे में आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिलीं। पुलिस ने महिला व युवतियों को हिरासत में ले लिया। तहसीलदार ने बताया कि मकान को सील कर दिया गया है। मकान मालिक प्रद्युम्न चौबे के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है।


कार्यालय- जिला न

पूर्णकालि

एतदद्वारा सूचित कि
ई–निविदा प्रणाली के

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, क्रांति चौराहा: नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को सोमवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि क्षेत्र के पिपरिया नरहर निवासी व दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित हरिकेश यादव अपने गांव के पास मौजूद था। सूचना मिली तो वहां पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कसया में मकान में छापेमारी महिला समेत तीन हिरासत में

जासं, मल्लूडीह: कसया के बरवा जंगल में फोरलेन किनारे स्थित मकान में सोमवार की रात पुलिस ने छापेमारी की। संदिग्ध हाल में मिली महिला व दो युवतियों को हिरासत में ले लिया। उनके कमरे में आपत्तिजनक वस्तु भी मिली। तहसीलदार धर्मवीर सिंह की मौजूदगी में पुलिस ने होटल को सील कर दिया।

पुलिस को बीते कुछ दिनों से मकान में देह व्यापार का धंधा संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। इस आधार पर रात को नौ बजे सीओ कुंदन कुमार सिंह, तहसीलदार धर्मवीर सिंह व नायब तहसीलदार शैलेश सिंह की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने छापेमारी की। एक कमरे में महिला व दो युवतियां संदिग्ध हाल में पाई गईं। छानबीन के दौरान कमरे में आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिलीं। पुलिस ने महिला व युवतियों को हिरासत में ले लिया। तहसीलदार ने बताया कि मकान को सील कर दिया गया है। मकान मालिक प्रद्युम्न चौबे के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है।

कार्यालय- जिला न

पूर्णकालि

एतद्द्वारा सूचित कि

ई–निविदा प्रणाली के

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, तमकुहीराज : पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को सोमवार को कस्बा स्थित ओवर ब्रिज चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित राहुल कुमार कोइंदी बरियारपुर थाना तमकुहीराज का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से जेल भेज दिया गया।

जेल भेज दिया गया। बरगदवा गांव निवासी गणेश मद्धेशिया पर एक महिला ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। थानाध्यक्ष बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# तमकुहीराज में 10 गोवंश बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार



तमकुहीराज थाना में बरामद वाहन व पकड़े गए गो-तस्करों के साथ पुलिस • जागरण

जासं,तमकुहीराज : स्थानीय पुलिस ने सोमवार को दो पिकअप से 10 गोवंश बरामद किया है। इस दौरान तीन पशु तस्कर भी पकड़े गए। प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सरेया खुर्द चौराहे के समीप बिहार जाते समय दो पिकअप पकड़े गए, तलाशी लेने पर आठ गाय व दो बछड़े बरामद हुए। पकड़े गए तस्करों की पहचान हबीबुल्लाह अंसारी गड़इया पाठक तरयासुजान, रामभजन यादव व सतेंद्र यादव गांव विशुनपुर उर्फ ठोठी सकरौली थाना हाटा के रूप में हुई है।

## दो पिकअप से छह गोवंश बरामद, तीन गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सलेमगढ़ : तरयासुजान के गांव हफुआं चर्तुभुज के निकट रविवार को देर रात में तरयासुजान पुलिस ने घेराबंदी कर दो पिकअप को तब पकड़ा जब वह बिहार की ओर जा रहे थे। पुलिस ने तलाशी में छह गोवंश बरामद किया है। इस दौरान तीन पशु तस्कर पकड़े गए। पुलिस मुकदमा दर्ज विधिक कार्रवाई में जुटी है।

एसएचओ तरयासुजान आशुतोष सिंह टीम के साथ तरयालच्छीराम-बथनाकुट्टी बिहार मार्ग पर हफुआं चर्तुभुज के निकट वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी बीच दो पिकअप आते दिखे। रोकने पर बिहार सीमा की ओर भागने लगे, जिसे पीछा कर पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों वाहनों से तीन गाय और तीन बछड़े बरामद किए गए। पकड़े गए तस्करों में राम एकबाल यादव ग्राम कोईंदहां, विजय सिंह जवहीं नरेंद्र दोनों थाना तरयासुजान तथा मनीष कुमार निवासी रौंजा पोखरा, थाना मुफलीस, जिला सिवान बिहार के हैं।

पुलिस ने बताया कि राम एकबाल यादव पेशेवर तस्कर है, उसके ऊपर पटहेरवा में दो मुकदमे दर्ज हैं। एसएचओ ने बताया कि पशु तस्करों को जेल भेज दिया गया है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, क्रांति चौराहा: नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को सोमवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि क्षेत्र के पिपरिया नरहर निवासी व दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित हरिकेश यादव अपने गांव के पास मौजूद था। सूचना मिली तो वहां पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर मुकदमा

जासं, जंगल नौगावां : इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक पर भारतीय जनता पार्टी पर अपशब्दों का प्रयोग कर प्रसारित करने के मामले में विशुनपुरा पुलिस ने सोमवार को आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता बैकुंठपुर कोठी निवासी दुदही भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजेश भारती ने जंगल नौगावां निवासी राकेश यादव के विरुद्ध तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते नौ जून को अपने फेसबुक आइडी से राकेश यादव-गैंगस्टर यादव ने एक पोस्ट के माध्यम से भाजपा पर अमर्यादित टिप्पणी कर कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राम सहाय चौहान ने बताया कि मुकदमा दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

## 15 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**पडरौना।** जटहा बाजार थाने की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में 15 हजार के इनामी बदमाश असलम शाह निवासी काजीपुर टोला सुकरौली थाना पटहेरवा को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि इनामी बदमाश को पुलिस टीम फाजिलनगर के बघौचघाट मोड़ के पास से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। जबकि अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने होलिया मोड़ से गैंगस्टर से संबंधित दीपक पटेल निवासी कोटवा बसावन टोला थाना महुआडीह देवरिया को गिरफ्तार किया है। एसओ अहिरौली बाजार मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि इनामी बदमाश दीपक को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

## 10 प्रतिबंधित पशु बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** पुलिस ने दो पिकअप से बिहार लेकर जा रहे 10 प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। दोनों पिकअप पर सवार तीन तस्करों को पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि प्रतिबंधित पशुओं को दो वाहनों से तस्कर वध के लिए बिहार लेकर जा रहे हैं। इस सूचना के बाद सक्रिय हुई तमकुहीराज पुलिस टीम लतवा बाजार-जीरोआरडी मुख्य पश्चिमी गंडक नहर स्थित सरया खुर्द चौराहे के समीप वाहनों का जांच करने लगी। इसी दौरान दो पिकअप आते दिखे। पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की तो 10 प्रतिबंधित पशु मिले। संवाद

# पशुओं के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

सलेमगढ़। तरयासुजान थाना के गांव हफुआ चर्तुभुज के समीप रविवार की देर रात पुलिस ने घेराबंदी कर दो पिकअप से छह प्रतिबंधित पशुओं को बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पशुओं को लेकर तस्कर वध के लिए बिहार की ओर लेकर जा रहे थे। तस्करों के पास से पुलिस ने एक तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने तीनों तस्करों को जेल भेज दिया।

एसएचओ तरयासुजान आशुतोष सिंह, एसआई अमित कुमार सिंह, महिपाल सिंह पुलिस टीम के साथ सूचना के आधार पर तरया लच्छीराम-बथनाकुट्टी मार्ग पर हफुआ चर्तुभुज गांव के समीप घेराबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे। तभी दो पिकअप तरया लच्छीराम की ओर से आते दिखें। पुलिस टीम ने जब रोकने का प्रयास किया तो पिकअप लेकर वह भागने का प्रयास करने लगे। संवाद

# महिला और दो युवतियां पकड़ी गईं, होटल सील

संवाद न्यूज एजेंसी

मल्लूडीह। कसया थाना क्षेत्र के बरवां जंगल स्थित एक होटल ने सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे पुलिस ने छापा मारा। इसमें एक महिला और दो युवतियां पकड़ी गईं।

पुलिस ने होटल से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। नायब तहसीलदार की उपस्थिति में पुलिस ने होटल को सील कर दिया है। नगरपालिका के वार्ड नंबर दस बाल्मीकिनगर (बरवां जंगल) में पुलिस को शिकायत मिल रही थी कि यहां बाहर से लड़कियों को बुलाकर सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है। इसको गंभीरता से लेते हुए सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे सीओ कुंदन सिंह व एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय की अगुवाई में पुलिस ने होटल में छापा मारा।

इसमें एक महिला और दो युवतियां पकड़ी गई । पुलिस ने उन्हें थाने ले जाकर उनसे पूछताछ कर रही है। नायब तहसीलदार शैलेश सिंह की उपस्थित में होटल को सील कर दिया गया। सीओ ने बताया कि मिली शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई।

इसमामले में अन्य जांच की जा रही है। इस दौरान एसआई संदीप यादव , अंजलि त्रिपाठी, शेर बहादुर आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

तमकुहीराज। पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया है।

इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया थाना क्षेत्र के गांव कोइंदी बरियारपुर निवासी राहुल कुमार दुष्कर्म के एक मामले में वांछित था। पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी थी। सोमवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# मारपीट में पांच लोगों पर केस दर्ज

पिपरा बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के खजुरिया नंबर चार निवासी कन्हैया की पत्नी रंजू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 27 मई को सुबह 10 बजे गांव की एक महिला अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए घर में घुसकर मारपीट की। मारपीट में रंजू के बाएं हाथ में गंभीर चोटें आईं। वहीं, दूसरे पक्ष की मिट्ठू की पत्नी सोनी ने रंजू व उसके परिवार के सदस्यों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। इंस्पेक्टर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर सोनी, रंजू, पार्वती, छोटे, अंगद के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर केस दर्ज

दुदही। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल नौगावां के एक युवक पर भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मंडल अध्यक्ष अंजेश भारती, डॉ. गणेश पांडेय, शंभु जायसवाल, राजन व्याहुत, राजन जायसवाल की तरफ से विशुनपुरा पुलिस को तहरीर में बताया कि विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल नौगावां के युवक ने सोशल मीडिया पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए अभद्र टिप्पणी की है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

## चार पर मारपीट का केस दर्ज

अहिरौली बाजार। सेंदुरिया विशुनपुर निवासी भागवत यादव उर्फ गेदा ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया है कि शुक्रवार की रात करीब नौ बजे गांव के संजीव उर्फ गब्बर, पिंटू, मुन्नी और पूजा दरवाजे पर आकर अपशब्द बोलने लगे। उनकी पत्नी और लड़के ने विरोध किया तो आरोपी उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। चारों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

पडरौना। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय पॉक्सो ने आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को

**अदालत से**

बहला-फुसलाकर गांव के युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिया। आरोपी बार-बार शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगा। इससे परेशान बेटी ने आपबीती परिजनों को बताई। विशुनपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पीड़ित किशोरी का बयान लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। आरोपी ने सोमवार को जमानत याचिका प्रस्तुत की गई। न्यायालय ने जमानत याचिका निरस्त कर दी। संवाद

# भाई की जमीन को अपना बताकर रुपये हड़पे, कोर्ट के आदेश पर केस

## कसया निवासी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस, छानबीन में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

समउर बाजार/फाजिलनगर। नगर पंचायत फाजिलनगर के अर्जुन बर्नवाल ने कसया के एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी कर भाई की जमीन को अपना बताकर बेचने के नाम पर 10 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में वाद दाखिल किया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के आदेश पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी है।

फाजिलनगर कस्बा निवासी अर्जुन बर्नवाल ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के न्यायालय में वाद दाखिल कर बताया था कि कसया के ट्यूबवेल कॉलोनी निवासी ईश्वर गुप्ता उनके घर आए और जमीन बेचने की बात की। उस समय उन्होंने अपना नाम वीरेंद्र बताया और कागजात भी दिखाए। विश्वास कर उन्हें एडवांस के रूप में पांच लाख नकद व पत्नी के खाते से पांच लाख रुपये का चेक दे दिया। बाद में पता चला कि वह व्यक्ति वीरेंद्र नहीं, बल्कि ईश्वर है और उस आराजी में उनके नाम से कोई जमीन ही नहीं है। जबकि

**अदालत से**

ईश्वर के पिता ने उनके लड़कों के नाम रजिस्टर्ड वसीयत कर दी थी। जब उनके लड़कों से इस संबंध में बात किया तो वह भी किसी जमीन की विक्रय की बात को गलत बताया। अब वह पांच लाख नकद और पांच लाख का चेक वापस करने से इन्कार कर रहे हैं।

रुपये वापस करने की मांग पर मारपीट करने के साथ ही धमकी दे रहे हैं। वादी की ओर से उपलब्ध कराए साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया ने प्रथम दृष्टया पुलिस को धोखाधड़ी का केस दर्ज करने का आदेश दे दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी ईश्वर गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी आदि गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। एसओ राकेश रोशन सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

# नशीली दवाओं के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, जेल गए

## कार्रवाई

**बरगदवा, हिन्दुस्तान संवाद।** बरगदवा एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार की शाम नेपाल की तरफ जा रही कार से अधिक संख्या में नशीली दवा के साथ दो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, स्वाट टीम के प्रभारी देवेंद्र सिंह और बरगदवा थाना के उपनिरीक्षक राजीव तिवारी की टीम ने रविवार की शाम चकरार मार्ग पर नशीली दवा की तस्करी की सूचना पर वाहनों की जांच शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान नेपाल की तरफ एक कार दिखाई दिया। टीम ने कार को रोकर तलाशी लेना शुरू किया। तलाशी में तीन झोले में 499 डायजापाम, 523 ब्युपरनाफिन, 500 प्रोमेंथोजाइन, 484 एनआरएक्स इंजेक्शन बरामद हुआ। पकड़े गए सनी जायसवाल निवासी पीपीगंज जनपद गोरखपुर व इरशाद निवासी सडकहवा कोतवाली ठूठीबारी को एनडीपीएस के तहत केस दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। वहां से आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

# सोलह बोरी यूरिया और चावल बरामद

निचलौल। थानाक्षेत्र के शीतलापुर चौकी की पुलिस ने सोमवार को शीतलापुर गांव के पास गन्ने के खेत से 5 बोरी यूरिया पकड़ी है।

इसे कुछ लोग नेपाल भेजने की योजना में थे। दूसरी बरामदगी में एसएसबी शीतलापुर की टीम ने शीतलापुर गांव के पास लावारिस हालत में 11 बोरी यूरिया पकड़ी। तीसरी बरामदगी टीम ने लक्ष्मीपुर खुर्द बार्डर पर किया। एक पिकअप पर 25 बोरी चावल पकड़ा है। इसके साथ शहनवाज अली निवासी ओडवलिया पकड़ा गया है। एसएसबी ने यूरिया को सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

# दुर्घटना में हुई मृत्यु के मामले में मुकदमा

बृजमनगंज : बृजमनगंज थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व लेहरा स्टेशन के पास अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से राहुल पांडेय निवासी गोविंद बाग थाना बलरामपुर की हुई मृत्यु के मामले में मृतक के पिता बब्बू पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने एक अज्ञात चालक के विरुद्ध लापरवाही व गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि स्वजन की तहरीर के आधार पर एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# मोटरसाइकिल चोरी के मामले में मुकदमा

बृजमनगंज : बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम करखी में शनिवार की रात दरवाजे पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित राम सहाय निवासी बरगाह्यपुर टोला जीतपुर ने तहरीर दिया था कि वह रात को अपने घर के दरवाजे पर गाड़ी खड़ी कर सोने चला गया। सुबह सोकर उठा तो दरवाजे से गाड़ी गायब थी। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# नेपाल भेजी जा रही नशीली दवाएं बरामद, दो गिरफ्तार

जासं, वरगदवा : एसएसबी व पुलिस की संयुक्त जांच में चकरार मार्ग पर कार से नशीली दवाएं बरामद की गई हैं। वाहन सहित दो तस्करों को हिरासत में लेकर इनके विरूद्ध एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई है। एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह ,स्वाट टीम के प्रभारी देवेंद्र सिंह व बरगदवा थाना के उपनिरीक्षक राजीव तिवारी रविवार की शाम चकरार मार्ग पर वाहनों की सघन जांच कर रहे थे। उसी दौरान कार को रोककर तलाशी लेने पर तीन झोले में रखा हुआ 499 डायजापाम , 523 ब्युपरनाफिन ,500 प्रोमेंथोजाइन, 484 एनआरएक्स इंजेक्शन बरामद हुआ।

# तस्करी और अवैध खनन पर हो सख्त कार्रवाई : एसपी

- पुलिस लाइन में थानाध्यक्षों के साथ मासिक क्राइम मीटिंग में एसपी ने कसे पेंच
- बकरीद को लेकर विवादित स्थलों पर पीस कमेटी की बैठक करने के दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, महराजगंजः सोमवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने पुलिस लाइन में जिले के सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से थानेदारों से उनके क्षेत्र में होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी ली तथा जरूरी निर्देश दिए। बैठक में अपराध नियंत्रण के साथ ही बकरीद को लेकर समस्त थानाध्यक्षों और पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक करने के साथ ही खनन और बार्डर पर तस्करी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

क्राइम मीटिंग में सर्वप्रथम सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त थाना क्षेत्रों से आने वाले दो-दो पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर पुलिस अधीक्षक ने उनके निस्तारण का निर्देश दिया। इसके बाद थानाध्यक्षों को इन दिनों चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि 17 जून को बकरीद को लेकर सभी थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र में संवेदनशीलता को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक कर लें। बैठक में विवेचना निस्तारण, विभिन्न मुकदमों में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी तथा विभिन्न मामलों के पर्दाफाश करने का निर्देश दिया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध खनन और बार्डर पर तस्करी को लेकर एसपी ने थानेदारों को चेताया। कहा इस मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सदर आभा सिंह, निचलौल अनुज कुमार सिंह, अनिरुद्ध कुमार, जयप्रकाश तिवारी समेत अन्य थानाध्यक्ष मौजूद रहे।



# चोरी की बाइक व टेंपो के साथ तीन गिरफ्तार

फुलमनहा : बृजमनगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की बाइक व टेंपो के साथ तीन चोर गिरफ्तार किए। पकड़े गए इन चोरों के विरुद्ध सिद्धार्थनगर में वर्ष 2022 व 2023 में वाहन चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ था। रविवार को पुलिस ने वाहन जांच के दौरान संदिग्ध युवकों से पूछताछ की। वाहन के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाने पर उन्हें हिरासत में ले लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि सिद्धार्थनगर के परसादेव राइस के अनिल यादव, तेतरी बाजार के कृष्णानगर के परवेज और जीशान को चोरी के वाहन के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय पेश में किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। (जासं)

# दायित्व के प्रति सचेत रहें थानेदार

महराजगंज। पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सभी थानेदारों को दायित्व के प्रति सचेत रहने की हिदायत दी। प्रत्येक थानों से आये दो-दो पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लंबित विवेचनाओं का निस्तारण तेजी से करें। आईजीआरएस निस्तारण के मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऑपरेशन कंविक्शन, शिकंजा, ऑपरेशन त्रिनेत्र की समीक्षा की। संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि बीपीओ के साथ साप्ताहिक मीटिंग करें आईजीआरएस के प्रकरण गंभीर होते हैं, उन प्रकरणों में थानाध्यक्ष स्वयं जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। थाना दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह सहित समस्त क्षेत्राधिकारी आदि मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने वाले समस्त पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संवाद

## ताला तोड़कर चोरी के मामले में अज्ञात पर केस दर्ज

**नौतनवा।** कस्बा के महेंद्र नगर वार्ड में बृहस्पतिवार को एक घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने पीड़ित शशिकला साहनी की तहरीर पर एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। नौतनवा कस्बा के वार्ड नंबर 13 महेंद्र नगर निवासी शशिकला साहनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह नेपाल में अपनी बहन के घर गई थी। घर पर उनका छोटा बेटा प्रिंस था। बृहस्पतिवार की शाम वह घर में ताला बंदकर सोनौली स्थित अपने ननिहाल चला गया था। सुबह करीब 11 बजे जब घर आया तो घर का ताला टूटा हुआ था। सामान बिखरा था। बाक्स में रखे जेवरात और अन्य सामान गायब थे। संवाद

## 15 बोतल नेपाली शराब बरामद

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के अमड़ी पुल के पास जांच के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 15 बोतल नेपाली शराब बरामद किया। जिसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। यह जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने दी। थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा  शीतलापुर गांव के पास पुलिस ने लावारिस हालत में पांच बोरी खाद बरामद किया। जिसे कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि भारत नेपाल सीमा के शीतलापुर के पास गश्त के दौरान पांच बोरी खाद बरामद कर कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया। संवाद

## दो अलग-अलग क्षेत्र से तस्करी का सामान बरामद

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी जोगियाबारी और सुंडी के जवानों ने गश्त के दौरान छह बोरी चावल, दो बोरी चीनी, सात बोरी खाद और एक बाइक सहित आरोपी को पकड़कर कस्टम को सौंप दिया है। सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धावाई ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम रविन्द्र मौर्य निवासी कोटहीमाई गांऊ पालिका वार्ड नंबर सात कदमहवा नेपाल बताया। वहीं बीओपी जोगियाबारी के जवानों ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 531/06 के पास से छह बोरी चावल और एक बाइक बरामद किया है। संवाद

## बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज

**बृजमनगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करखी में बाइक चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। राम सहाय निवासी बरगाहपुर टोला जीतपुर की बाइक चोरी हुई है। यह जानकारी थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने दी। संवाद

## दुर्घटना में हुई मौत के मामले में केस दर्ज

**बृजमनगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्व अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से राहुल पांडेय निवासी गोविंदबाग थाना बलरामपुर की मौत हुई थी। सोमवार को मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ इरादतन हत्या की धारा के तहत केस दर्ज हुआ है। यह जानकारी थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने दी। संवाद

## दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**बरगदवा।** पुलिस ने सोमवार की दोपहर दुष्कर्म के वांछित आरोपित को बरगदवा तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने दी। संवाद

## रैंकिंग में नंबर वन बने रहने के लिए करें काम

**महराजगंज।** सोमवार को सीडीओ संतोष कुमार ने विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। कहा हमनें विभिन्न क्षेत्रों में नंबर वन की रैंकिंग प्राप्त की है। चुनाव के कारण दिक्कत सभी विभागों को हुई, लेकिन सभी विभागाध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बेहतर प्रदर्शन करें। कहा कि अन्य विभाग की जो परियोजनाएं ठप पड़ी हैं। संवाद

# एसएसबी व पुलिस टीम ने पकड़ा दो हजार एम्पुल नशीला इंजेक्शन

## वाहनों की जांच के दौरान मिली सफलता, दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। बरगदवा थाना क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस की संयुक्त जांच के दौरान रविवार देर रात चकरार मार्ग पर एक कार से दो हजार एम्पुल नशीला इंजेक्शन मिला है। वाहन व इंजेक्शन कब्जे में लेने के साथ ही पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें से एक पीपीगंज क्षेत्र का सनी जायसवाल बताया जाता है।

दूसरा आरोपी महराजगंज जिले का निवासी है। एसओ बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि टीम चकरार मार्ग पर नशीली दवा की तस्करी की सूचना पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक कार नेपाल की तरफ जाती दिखी। वाहन को रोककर तलाशी लेने पर 499 एम्पुल डायजापाम, 523 एम्पुल बेयराफेन, 500 एम्पुल प्रोमेटोजाइम और 484 एम्पुल प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन मिला। इसके अलावा मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और 140 रुपये नकद भी बरामद हुए। पुलिस पीपीगंज निवासी सनी जायसवाल और सड़कहवा कोतवाली ढूठीबारी निवासी इरशाद से पूछताछ कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि ये युवक भालोटिया से इंजेक्शन की खेप लेकर नेपाल पहुंचाने जा रहे थे। संवाद

# भालोटिया मार्केट फिर आया चर्चा में

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पूर्वांचल में दवा की सबसे बड़ी मंडी भालोटिया मार्केट को नकली और नशीली दवाओं के धंधेबाजों ने बदनाम कर दिया है। पटना के बाद अब महराजगंज में करीब दो हजार एम्पुल (इंजेक्शन) पकड़े गए हैं, जिसके तार भी भालोटिया से जुड़ रहे हैं।

आश्चर्य यह है कि गोरखपुर के ड्रग इंस्पेक्टर ही इससे अनजान हैं, जबकि बाहर से मिले इनपुट के आधार पर पिछले महीने नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम भी यहां से जांच कर जा चुकी है।

भालोटिया मार्केट में हर ब्रांड की दवाएं थोक भाव में मिलती हैं। यहां से गोरखपुर-बस्ती और आजमगढ़ मंडल के अलावा बिहार और पश्चिम बंगाल के साथ ही पड़ोसी देश नेपाल तक दवाओं की आपूर्ति



नशीली दवा के साथ पकड़े गए आरोपी। स्रोत-एसएसबी

होती है। अनुमानतः हर दिन करीब 25 से 30 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। इस मार्केट की साख का फायदा उठाकर नशीली दवाओं के धंधेबाज भी सक्रिय हो गए हैं।

पिछले महीने पटना में पकड़ी गई प्रतिबंधित दवा का बैच नंबर गोरखपुर की दुकानों को आवंटित था। जिसके आधार पर नारकोटिक्स

**पटना में भी पकड़ा जा चुका है, नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम भी कर चुकी है जांच**

टीम ने यहां आकर जांच की थी। अब महराजगंज में अलग-अलग ब्रांड के करीब दो हजार इंजेक्शन पकड़े गए हैं। इसमें दर्द निवारक के अलावा नशीले इंजेक्शन हैं।

**डेढ़ दशक से चल रहा है धंधाः** 14 वर्ष पहले लखनऊ और गोरखपुर में एक ब्रांडेड कंपनी की नकली इंजेक्शन की बड़ी खेप पकड़ी गई थी। उसकी शिकायत एक अफसर ने ही की थी। पुराने व्यापारियों ने बताया कि उस वक्त लखनऊ में तैनात एक वरिष्ठ अफसर की पत्नी गर्भवती थीं, जिन्हें डॉक्टर ने सुरक्षित प्रसव के लिए एक महंगा इंजेक्शन लगवाने का सुझाव दिया था।

# 2010 से ही जिले में तैनात था आरोपित शिक्षक प्रकाश

जागरण संवाददाता, महराजगंजः कानपुर शिक्षक भर्ती घोटाले में शामिल बृजमनगंज के महात्मा गांधी इंटर कालेज में प्रवक्ता के पद पर तैनात प्रकाश पांडेय वर्ष 2010 से तैनात थे। शिक्षा निदेशालय में अपनी पहुंच बताकर वह कालेज में रौब तो जमाता था साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में भी उसकी अच्छी पैठ थी। जिले में कई लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेने के भी आरोप उस पर लगे, लेकिन फिलहाल अभी कोई शिकायतकर्ता सामने नहीं आया। रविवार को कानपुर एसआइटी टीम द्वारा उसकी गिरफ्तारी के बाद जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी हडकंप मच गया। प्रकाश पांडेय की नौकरी 25 वर्ष की उम्र में ही लग गई थी। 17 अगस्त 2010 को बृजमनगंज के एमजी इंटर कालेज में सहायक अध्यापक के रूप में उसकी नियुक्ति हुई थी। चार वर्ष पूर्व हिंदी प्रवक्ता के पद पर पदोन्नति भी हो गई थी। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय ने बताया कि गिरफ्तारी की सूचना मिली है। कानपुर पुलिस और विभागीय उच्चाधिकारियों की ओर से पत्र मिलने पर आरोपित शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# दीवार न हटाने पर लगेगा जुर्माना

ठूठीबारी। ग्राम सभा ठूठीबारी के टोला सड़कहवा में ग्रामसभा की जमीन पर दीवार चलाने के विवाद में सोमवार को दोपहर मौके पर नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्र पहुंचे। उन्होंने दीवार को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

दीवार न हटाने पर दो लाख का जुर्माना लगाने की बात कही। ग्राम सभा ठूठीबारी के टोला सड़कहवा में आबादी श्रेणी की भूमि है। जिस पर स्वामित्व योजना के तहत रमेश चौधरी व स्वामीनाथ चौधरी का नाम दर्ज है।

इसी भूमि के बगल में स्वामित्व योजना के तहत 1349 नंबर गाटा रास्ते के नाम दर्ज है। नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्र ने बताया कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया है। संवाद

# पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**नौतनवा।** कस्बे के वार्ड नंबर 15 सरोजिनी नगर निवासी अंजली ने पुलिस को तहरीर देकर पति, सास, ससुर, ननद, देवर पर मारने पीटने, दहेज उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अंजली ने बताया कि उनके पति मनोज विश्वकर्मा हमेशा पैसे की मांग करते हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पति, सास, ससुर, ननद व देवर के खिलाफ मारपीट करने, दहेज उत्पीड़न करने तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# 1100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार

फरेंदा। पुरंदरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति के पास से 1100 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी रामकुमार निवासी जंगल हथियागढ़ कोट कम्हरिया सड़क के किनारे स्थित बाग में गांजा के साथ खड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि गांजा के साथ पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया। संवाद

# नेपाल सीमा से पांच बोरी खाद बरामद

निचलौल। थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा शीतलापुर गांव के पास पुलिस ने लावारिस हालत में पांच बोरी खाद बरामद किया। जिसे कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि भारत नेपाल सीमा के शीतलापुर के पास गश्त के दौरान पांच बोरी खाद बरामद कर कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया। संवाद



बरामद खाद। स्रोत-एसएसबी

# कॉस्मेटिक सामान बरामद, आरोपी फरार

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी सोनपिपरी घाट के जवानों ने गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 531/06 के पास से कॉस्मेटिक सामान बरामद कर कस्टम को सौंप दिया है। सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि सोनपिपरी घाट के पास नेपाल सीमा की तरफ से कुछ लोग गत्ता व बोरा लेकर भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश किए। जवानों को देखते ही सामान छोड़कर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गए। शैंपू 240 पीस, कंडीशनर 540, चार साइकिलें बरामद हुईं। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर एक व्यक्ति को गालियां देते हुए उसकी जमकर पिटाई की गयी तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।नगर थानाक्षेत्र के नगर खास माली टोला स्थित पुरानी रंजिश की बात को लेकर सूरज सोनकर को विपक्षी संतलाल उर्फ रग्घू तथा छोहारा देवी ने मिलकर उसे गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सूरज सोनकर पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी नगर खास मालीटोला थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी संतलाल उर्फ रग्घु पुत्र बंशराज व छोहारा देवी पत्नी संतलाल उर्फ रग्घु निवासीगण नगर खास मालीटोला थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गांजा तस्करी के मामले में केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद की नगर थाने की पुलिस ने अवैध गाजां की तस्करी करने के मामले में एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी के पास से गांजा भी बरामद हुआ जिसके बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। जनपद में अवैध गांजा तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत नगर थाने में तैनात उप निरीक्षक रमेश चन्द्र अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले हुए थे। क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पूछताछ में पकड़े गये तस्कर की पहचान बाबू राम सोनकर पुत्र मोहन सोनकर निवासी माली टोला थाना नगर के रूप में हुई। मामले में पुलिस ने आरोपी बाबूराम सोनकर के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद संबंधित न्यायालय भेज दिया है, जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गयी।

# गैंगस्टर अपराधी को दो साल की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना पुरानी बस्ती द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित एक अभियुक्त को 2 वर्ष का साधारण कारावास व अर्थदंड की सजा न्यायालय ने सुनाई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना पुरानी बस्ती पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से थाना पुरानी बस्ती पर पंजीकृत धारा 3(1) उप्र गैंगस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त मोहम्मद हसन उर्फ लल्लन पुत्र मेंहदी हसन निवासी नरहरिया थाना पुरानी बस्ती को न्यायालय एएसजे-6 गैंगस्टर एक्ट कोर्ट जनपद बस्ती द्वारा उनके जुर्म के लिए 2 वर्ष का साधारण कारावास व पांच हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# मारपीट के मामले में चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट के मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सोनहा पुलिस ने चार लोगो को नामदज किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के दरियापुर सोनहटिया गांव में पुरानी रंजिश के विवाद को लेकर छोटई को विपक्षी रामधनी, उदयराज व अन्य लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए जमकर मारापीटा तथा जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर गये। मामले में पीड़ित छोटई पुत्र झिनकू चौहान निवासी दरियापुर सोनहटिया थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामधनी, उदयराज, हृदय राम पुत्रगण रामबली तथा अंगद पुत्र त्रिलोकी निवासीगण दरियापुर सोनहटिया थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आईजी रेंज बस्ती ने यातायात कार्यालय, इंडोर शूटिंग रेंज व ट्रेनिंग सेंटर का किया अवलोकन

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आईजी रेंज बस्ती आरके भारद्वाज ने सोमवार की शाम को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर गार्द की सलामी लेने के उपरांत फाउंटेन का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा कार्यालय कैम्पस में हरियाली के साथ महात्मा बुद्ध की स्थापित प्रतिमा का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस कार्यालय स्थित नवनिर्मित कैंटीन का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। संचालक को आईजी रेंज बस्ती ने निर्देश दिया कि खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें।

तदोपरान्त आईजी रेंज बस्ती ने रिजर्व पुलिस लाइन कमाण्ड सेंटर एवं यातायात कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन कर अवलोकन किया। उन्होंने ऑनलाइन चालान शुरू किये जाने का निर्देश दिया। इसके बाद नवनिर्मित साइबर थाना का उद्घाटन किया और इंडोर शूटिंग रेंज एवं ट्रेनिग सेंटर का अवलोकन किया। साइबर थाने पर पुलिस अधिकारियों के साथ जनता से जुड़े बिन्दुओं को साझा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जनपद को प्राप्त डायल 112 की कुल 13 चार पहिया वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह जनता की सुरक्षा की दृष्टि से यह सार्थक रहेगा। श्री भारद्वाज ने पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड में नवनिर्मित बाउण्ड्री भवन का उद्घाटन किया। सभी निर्माण कार्य एवं तैयारियों पर आईजी रेंज बस्ती आरके भारद्वाज ने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, सीओ ट्रैफिक केशव नाथ, सीओ लाइन राघवेन्द्र सिंह राठौर, सीओ धनघटा अजय सिंह, टीएसआई परमहंस यादव, एसपी के पीआरओ जितेन्द्र यादव व साइबर सेल प्रभारी आलोक सोनी मौजूद रहे।



साइबर थाना का उद्घाटन करते तथा पुलिस आफिस में महात्मा बुद्ध की स्थापित प्रतिमा का अवलोकन करते आईजी रेंज बस्ती, साथ में एसपी।

# अनाज चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, तीन भागे

- आमा गांव में सस्ते गल्ले की दुकान से की थी चोरी
- ई-रिक्शा पर लादकर ले जा रहे थे गेहूं और चावल

रुधौली, हिन्दुस्तान संवाद। रुधौली थानाक्षेत्र के आमा गांव में दुकान से चोरी कर अनाज ले जा रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोच लिया। यह अनाज ई-रिक्शा पर लादकर ले जा रहे थे। अधिक लोड होने के चलते ई-रिक्शा लोड नहीं ले रहा था तो चोर उसे ढकेल कर ले जा रहे थे। संदेह होने पर ग्रामीणों ने दौड़ाया तो तीन चोर भाग गए, जबकि चालक को ग्रामीणों ने दबोच लिया।

आमा निवासी विनय गुप्ता उर्फ लल्लू गुप्ता की गल्ले की दुकान है। चोर रविवार की रात दो बजे के करीब में ई-रिक्शा पर 19 बोरा गेहूं और चावल लाद लिया। ई-रिक्शा पर चालक भी सवार हुआ तो वह लोड नहीं लिया और खड़ा हो गया। इस पर तीन अन्य चोरों ने धक्का देना शुरू किया। आधी रात को ई-रिक्शा को धक्का देने पर ग्रामीणों को संदेह हुआ। दुकान मालिक विनय ने शोर मचाया तो ग्रामीणों ने दौड़ाकर ई रिक्शा चालक पकड़ लिया, जबकि तीन अन्य भाग गए। ग्रामीणों ने ई-रिक्शा चालक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया और घटना की छानबीन कर रही है। प्रभारी निरीक्षक चन्दन कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# एसपी से लगाई न्याय की गुहार

बस्ती। मुंडेरवा थानाक्षेत्र के रामपुर रेवटी के सन्तोष गुप्ता ने भाई हरिकांत की गला काटकर नृशंस हत्या मामले में दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और उनकी गिरफ्तारी के लिए न्याय की गुहार लगाई है। डीआईजी और एसपी को इस बाबत पत्र सौंपते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा है कि तीन मई को अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके भाई को बुलाया। धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी।

# पुलिस ने गांजा के साथ एक को किया गिरफ्तार

बस्ती। नगर पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार चेकिंग अभियान के तहत टीम ने आरोपी बाबूराम सोनकर निवासी माली टोला थाना नगर को पकड़ा है। उसके कब्जे से 350 ग्राम गांजा बरामद किया गया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# ग्राम न्यायालय में सुने गए फौजदारी मुकदमे

हर्रैया। हर्रैया तहसील ग्राम न्यायालय का सोमवार को न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ग्रहण करने के बाद मुकदमों की सुनवाई की लिस्ट न्यायालय के बाहर गेट पर चस्पा किया गया। इसके बाद हर्रैया थाना फौजदारी के छह मुकदमें की सुनवाई की गई। प्रतिदिन सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक प्रत्येक थानों का मुकदमों का सुनवाई की जाएगी।



एसपी ने चुनाव सेल की टीम को चुनाव में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया।

# चुनाव सेल को एसपी ने किया सम्मानित

बस्ती। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए चुनाव सेल बस्ती की पूरी टीम को सम्मानित किया है। सोमवार को पुलिस कार्यालय में एसपी ने पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र सौंपा और बेहतर कार्य के लिए शबासी दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ग्राम न्यायालय में सुने गए फौजदारी के छह मुकदमे

जासं, हरैया: न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने तहसील हरैया के ग्राम न्यायालय का सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद हरैया थाना क्षेत्र के फौजदारी के छह  मुकदमे की सुनवाई किया। यहां पहली बार मुकदमें की सुनवाई शुरू होने से वादकारियों व अधिवक्ताओं में उत्साह है। यहां प्रतिदिन सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक प्रत्येक थानों का फौजदारी व दीवानी मुकदमों की सुनवाई की जाएगी, ताकि अविलंब मुकदमों का निपटारा हो सके। वहीं वादकारियों को जल्द से जल्द न्याय भी मिल सके।

बता दें कि इस न्यायालय में हरैया तहसील क्षेत्र हरैया के अलावा गौर, पैकोलिया, परशुरामपुर, छावनी, दुबौलिया तथा कप्तानगंज थाना के छोटे विवादों का सुनवाई किया जाएगा। इसके लिए वादकारियों को अब जिला न्यायालय का चक्कर नहीं लगाना होगा।

# वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

जासं, दुबौलिया: रामजानकी मार्ग पर दुबौलिया थाना क्षेत्र के पायकपुर गांव के पास सोमवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देख उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया। मझियार गांव निवासी 20 वर्षीय अनिल कुमार बाइक से कलवारी की तरफ जा रहे थे। अभी वह पायकपुर गांव के पास पहुंचे ही थे की अचानक किसी वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

# युवक की बेरहमी से हत्या, दाहिनी आंख निकाली

## आशनाई के चलते हत्या की आशंका, हरैंया थाने के बेलाडे शुक्ल निवासी हरीश के रूप में हुई पहचान

जागरण संवाददाता, बस्ती: छावनी थाना क्षेत्र के लोकईपुर गांव के बाहर निर्माणाधीन वाटर हेडटैंक के पास एक युवक की निर्ममता से हत्या कर दी गई। हत्यारों ने उसकी दाहिनी आंख निकाल कर उसका सिर कूच दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही छावनी थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी, सीओ हरैंया अशोक मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर घटना के संबंध में ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने भी मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। मृतक के स्वजन से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी ली और छावनी पुलिस को अविलंब हत्या का पर्दाफाश करने का निर्देश दिया। मृतक की पहचान हरैंया थाना क्षेत्र के बेलाड़े शुक्ल गांव निवासी 24 वर्षीय हरीश शुक्ल पुत्र हरिवंश के रूप में हुई।



हरीश शुक्ल फाइल फोटो



रोती बिलखती मृतक की मां • जागरण



पिता से बात करते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

सोमवार की सुबह लोकईपुर गांव के बाहर वाटर हेडटैंक निर्माण के कार्य में लगे श्रमिक जब काम करने वहां पहुंचे तो देखा कि रास्ते में एक बाइक पर सवार युवक का शव खून से लतपथ पड़ा है। श्रमिक पास गए तो देखा कि युवक कोई और नहीं, बल्कि उनके कार्य की निगरानी करने वाले मुंशी हरीश हैं।

उन्होंने घटना की सूचना गांव में दी तो वहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना छावनी पुलिस को दी। मौके पर छावनी पुलिस व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। इसी बीच अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक भी पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य संकलित किए। हरीश की मोबाइल फोन भी घटनास्थल से बरामद कर लिया गया। आशनाई के चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है, मगर पुलिस इस बारे में अभी कुछ कहने से बच रही है।

बताया जा रहा की घटना के बाद लोकईपुर गांव का एक परिवार ताला लगाकर घर से गायब है। इसे लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया किमृतक के पिता हरिवंश शुक्ल की तरफ से तहरीर दी गई है। उन्होंने कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच पड़ताल कर रही है। हरीश के मोबाइल फोन की काल डिटेल भी खंगाली जा रही है।

# बच्चे को प्रताड़ित करने के आरोप में प्रधानाध्यापिका निलंबित

जागरण संवाददाता, पैकोलिया: गौर विकास खंड के कन्या प्राथमिक विद्यालय कठौतिया सांवडीह में साढ़े चार वर्षीय बच्चे के हाथ को प्रधानाध्यापिका द्वारा मोमबत्ती से जलाने के मामले में बीएसए ने कार्रवाई की है। बीएसए अनूप कुमार ने प्रधानाध्यापिका को निलंबित करते हुए प्राथमिक विद्यालय परासडीह गौर से संबद्ध कर दिया है।

प्रधानाध्यापिका पर आरोप है कि 25 अप्रैल को वह अंकुर मौर्य निवासी कपूरपुर को घड़ी चोरी करने को लेकर प्रताड़ित करते हुए मोमबत्ती से उसके हाथ को जला दिया था। इस घटनाक्रम की जानकारी उच्चाधिकारियों को होने पर मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी गौर व बाल विकास परियोजना अधिकारी गौर को सौंपी गई थी। जिन्होंने जांच के दौरान प्रधानाध्यापिका रुकैया अख्तर को बीआरसी गौर से संबद्ध करा दिया।

# चुनाव सेल के अधिकारियों व कर्मचारियों को किया सम्मानित



एसपी के साथ सम्मानित किए गए चुनाव सेल के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चुनाव सेल के अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सोमवार को अपने कार्यालय में एसपी ने चुनाव सेल का पर्यवेक्षणीय दायित्व निभाने वाले सीओ रुधौली सत्येंद्र भूषण तिवारी, प्रशिक्षु सीओ यामीन अहमद, चुनाव सेल प्रभारी निरीक्षक अनिल दुबे, उपनिरीक्षक दुर्गेश पांडेय, एखलाक अहमद, चंद्रप्रकाश यादव, रघ्घू चौधरी, आरक्षी अजय चौरसिया, विजय यादव, शैलेष सिंह, विश्वजीत सिंह व महिला आरक्षी मीनाक्षी चौरसिया आदि को सम्मानित किया।

## रुपये के लेनदेन को लेकर मारपीट, मुकदमा

बस्ती : परशुरामपुर थाने के पड़री बाबू गांव निवासी राजमणि ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि नौ जून को रुपये के लेनदेन को लेकर आरोपित ने उन्हें अपशब्द कहा। मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के ही राकेश मौर्या के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

गोटवा: नगर पुलिस ने एक युवक को 350 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर नगर बाजार स्थित माता के मंदिर के पास से क्षेत्र के माली टोला निवासी बाबूराम सोनकर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय रवाना कर दिया। (जासं)

## गूगल के कस्टमर केयर के चक्कर में एक लाख की चपत

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने ऑनलाइल फ्रॉड कर खाते से 99 हजार 899 रुपया निकालने के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाने के बस्थनवां निवासी सुशीला देवी ने तहरीर देकर बताया कि गूगल के माध्यम से एक ऑनलाइन पेमेंट एप का कस्टमर केयर नंबर सर्च कर रही थीं। यहां मिले कस्टमर केयर नंबर पर बात की तो एक एप डाउनलोड करने को कहा गया। इसे लोड करने के बाद जब पेमेंट एप खोला तो दो बैंक खातों से 99 हजार 899 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## लाठी-डंडे से मारपीट में एफआईआर

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने मारपीट की अलग-अलग चार घटनाओं में केस दर्ज किया है। सेठा निवासी जितेंद्र का आरोप है कि विपक्षी भगवानदीन, विनय, बदामा ने लाठी-डंडे से उन्हें, उनके भाई व पिता को मारपीट कर धमकाया। रखिया निवासी छोटू का आरोप है कि भूमि विवाद को लेकर निलेश, मोहित ने मारापीटा व धमकी दी। वहीं भरू निवासी नोहरा ने भी पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के आरोप में गांव के राहुल निषाद पर केस दर्ज कराया है। संवाद

## महिला अस्पताल में पत्नी ने पीटा, पति ने दर्ज कराया केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने आपसी विवाद को लेकर पति की पिटाई के मामले में केस दर्ज किया है। गोरखपुर के गोला बाजार थाने के गोड़सरी निवासी रामजनम का आरोप है कि महिला अस्पताल बस्ती में आपसी विवाद को लेकर उनकी पत्नी रंजीता ने उन्हें मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने रंजीता निवासी सरकारी आवास महिला अस्पताल परिसर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## वीडियो बनाने के विवाद में मारपीट

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने वीडियो बनाने के विवाद में मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी अनीता पत्नी सुभाष चंद्र विश्वकर्मा का आरोप है कि वीडियो बनाने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने उन्हें मारपीट कर अपशब्द कहा और धमकाया। पुलिस ने इसी गांव की किसलावती देवी, अर्चना व नंदिनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## रंजिश को लेकर मारपीट

**नगर बाजार।** नगर पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। नगर खास माली टोला निवासी सूरज सोनकर का आरोप है कि रंजिशन गांव के संतलाल और छोहारा देवनी ने अपशब्द कहा। मना करने पर मारापीटा। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस जांच में जुटी है। संवाद

## रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद

**बस्ती।** परशुरामपुर थाने के पड़री बाबू में रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। वहां के राजमणि का आरोप है कि गांव के राकेश मौर्या ने लेन-देन को लेकर अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं पैकोलिया पुलिस ने सरनागी गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट के मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। संवाद

## चुनाव सेल की टीम को एसपी ने किया सम्मानित

**बस्ती।** एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन सकुशल संपन्न कराने के लिए चुनाव सेल बस्ती की पूरी टीम को सम्मानित किया है। सोमवार को पुलिस कार्यालय में एसपी ने प्रशस्ति पत्र सौंपा और बेहतर कार्य की सराहना की। इस दौरान एसपी ने कहा कि सभी सेल के साथियों ने चुनाव संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कहीं से भी कोई ऐसी शिकायत नहीं आई है जिससे सेल पर सवाल उठे। सेल के प्रभारी अनिल कुमार दुबे, सह प्रभारी दुर्गेश पांडेय व अन्य कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संवाद

# हरिकांत हत्याकांड प्रकरण में आईजी से मिले परिजन



दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर रेवटी में एक माह पहले हुए हरिकांत हत्याकांड मामले में मृतक के भाई संतोष गुप्ता ने सोमवार को आईजी आरके भारद्वाज से मुलाकात की। उन्होंने हत्यारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और उनके गिरफ्तारी की मांग की है।

आईजी एवं एसपी को सौंपे गए पत्रक में संतोष ने कहा कि तीन मई 2024 की रात में उनके भाई हरिकांत गुप्ता को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बुलाया गया और धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। मृतक हरिकांत से घटना से पहले रात लगभग 10.30 बजे गांव के एक व्यक्ति की मुलाकात भी हुई थी। इसके अलावा कुछ अन्य लोग भी संदिग्ध हैं। स्थानीय पुलिस संदिग्धों से पूछताछ नहीं कर रही है। अभी तक इस मामले में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने दोषियों को गिरफ्तार करने के साथ ही परिवार के जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# राशन चुराकर ले जाते समय पकड़ा गया युवक

रुधौली। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमा में विनय कुमार गल्ला व्यापारी के यहां कई दिनों से राशन चोरी हो रहा था। रविवार को देर रात टेंपो से लगभग 19 बोरा गेहूं चावल (राशन) लाद कर ले जाते समय एक व्यक्ति पकड़ लिया गया।

पकड़ में आए पिपरपाती गांव के नवाब अली ने पुलिस को बताया कि उसके साथ नसीम, गुड्डू, साहब अली भी थे। पुलिस उसे रुधौली थाना में ले जाकर पूछताछ कर रही है।

पीड़ित विनय कुमार ने बताया कि चोर कई दिनों से राशन चुरा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि यह लोग पहले मुंबई में रहकर चोरी डकैती जैसी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। बता दें चलो अभी कुछ ही सप्ताह पूर्व रूधौली थाना क्षेत्र के तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित भितेहरा ग्राम पंचायत में भी चार घरों में चोरी हुई थी, जिसका पर्दाफाश नहीं हुआ है।

प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ा गया आरोपी पुलिस अभिरक्षा में है। केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# फोरलेन पर मुर्गे लूटने वाले दो और गुर्गों की पुलिस को तलाश

**बस्ती।** मुर्गे लूटने वाले गोंडा के गिरोह के दो और सदस्यों के बारे में पुलिस को पता चला है। सात आरोपियों को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ में दो नाम सामने आए हैं। एसपी ने बताया कि केस में दोनों का नाम बढ़ाकर तलाश शुरू कर दी गई है। जिन दो गुर्गों का नाम सामने आया है, उनमें राजा भैया उर्फ मिश्रा निवासी तोपखाना कोतवाली नगर गोंडा और उमेश पांडेय निवासी सिंघई पुरवा थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा शामिल हैं।

## गोंडा के सात गुर्गों को पुलिस ने रविवार को किया था गिरफ्तार

बता दें कि चार और आठ जून की रात फोरलेन पर मुर्गे लदे वाहनों से मुर्गे की लूट की दो वारदातें हुईं। दोनों में मुर्गे लदे पिकअप को घेरकर रोका गया और उनके चालक खलासी को दूसरी गाड़ी में बैठाकर उनकी मुर्गे लदी पिकअप कब्जे में ले लिया गया। ताबड़तोड़ दो वारदातों से तिलमिलाई पुलिस की स्वाट, एसओजी, सर्विलांस व छावनी थाने की पुलिस ने छानबीन शुरू की।

दूसरे ही दिन गोंडा के एक गिरोह के सात सदस्यों को धर दबोचा। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि पकड़े गए लुटेरों में गोंडा के कोतवाली देहात क्षेत्र के पांडेय पुरवा पथरी बाजार निवासी बबलू अहमद, शुक्लन पुरवा माझा तरहर निवासी विजेंद्र तिवारी, रिजवान उर्फ राजू, कोतवाली नगर थाने के चौक बाजार बड़ा इमामबाड़ा निवासी हैदर अली, राम नगर तरहर पुरवा निवासी मोहम्मद अफसर, तरबगंज थाने के हिलालपुर निवासी संतोष कुमार और इस्लाम अहमद निवासी इमामबाड़ा काशी राम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा शामिल हैं। इनसे पूछताछ में राजा भैया और उमेश का नाम सामने आया। संवाद

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बस्ती।** नगर पुलिस ने गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार चेकिंग अभियान के तहत टीम ने आरोपी बाबूराम सोनकर निवासी माली टोला थाना नगर को पकड़ा है। उसके कब्जे से 350 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई रमेशचंद्र, कांस्टेबल अमित यादव व धनवंत गुप्ता शामिल रहे। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024



सिद्धार्थनगर थाने पर शांति समिति की सोमवार को बैठक करते एसडीएम सदर ललित कुमार मिश्र। ● हिन्दुस्तान

# मिलजुल कर शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार

सिद्धार्थनगर। बकरीद को लेकर सोमवार को सिद्धार्थनगर थाना पर शांति समिति की बैठक हुई। लोगों से शांति से त्योहार मनाने की अपील की गई। एसडीएम डॉ.ललित कुमार मिश्र व थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्र ने कहा कि सभी लोग त्योहार को मिलजुल कर मनाएं। कहा कि अमन में खलल डालने की कोशिश करने वालों की सूचना दें। पुलिए सख्ती से निपटेगी।

# आरोपी को भी मिलेगी पुलिस रिपोर्ट की प्रति

लखनऊ। आगामी एक जुलाई से दर्ज होने वाली एफआईआर की विवेचना के दौरान पुलिस रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों की प्रति 14 दिनों के अंदर पीड़ित के साथ-साथ आरोपी को भी निःशुल्क दी जाएगी। पुलिस की कार्यप्रणाली में यह बदलाव नई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू होने की वजह से होगा। इस संहिता में कई नई प्रक्रियाएं शामिल की गई हैं। यूपी पुलिस सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए एक जुलाई से होने वाले इन बदलावों के बारे में आम जनता को जागरूक कर रही है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में यह प्रावधान भी किया गया है कि पुलिस अधिकारी 90 दिनों के अंदर इलेक्ट्रानिक संचार सहित किसी भी माध्यम से सूचना देने वाले या पीड़ित व्यक्ति को उसकी प्रगति के बारे में सूचित करेगा।

> “ एक जुलाई से लागू होने वाली नई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने के लिए प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं।
>
> प्रशांत कुमार-, डीजीपी

# पसंद का साथी चुनना वयस्क का अधिकार

प्रयागराज,विधि संवाददाता। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ऑनर किलिंग की आशंका जताने वाले जोड़े को राहत देते हुए उसे पूरी सुरक्षा देने का पुलिस को निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी वयस्क व्यक्ति अपनी पसंद की जगह जाने, अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने या अपनी इच्छा के अनुसार विवाह करने के लिए स्वतंत्र है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 में मिले मौलिक अधिकारों में शामिल है। कोर्ट ने इसके साथ ही युवक पर दर्ज मुकदमे को भी रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की कोर्ट ने नाजिया व अन्य की याचिका पर दिया।

सिद्धार्थनगर, थाना बांसी की नाजिया ने अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी की। उससे नाराज उसके चाचा ने नाजिया के पति पर अपहरण और अन्य धाराओं में मुक़दमा दर्ज करा दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष महिला ने बयान दर्ज कराया। जिसमें उसने चाचा और पिता के घर भेजे जाने पर ऑनर किलिंग की आशंका जताई। उसने सुरक्षा की मांग की। इसके बावजूद मजिस्ट्रेट ने उसे उसके चाचा के घर भेजने का आदेश दे दिया। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई।

कोर्ट ने ने कहा कि दोनों याचिकाकर्ता बालिग हैं। उन्हें साथ रहने और विवाह करने का अधिकार है। इसलिए महिला के चाचा को एफआईआर दर्ज कराने का कोई अधिकार नहीं है।

कोर्ट ने महिला को उसके चाचा के घर भेजने के मजिस्ट्रेट के आदेश को सही नहीं माना।

## अतीक की सालों पहले कुर्क संपत्तियों का सत्यापन शुरू

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में वर्षों से कार्रवाई चल रही है। कई कुर्की इतने पहले हुई कि वर्तमान पुलिस को भी नहीं पता है कि उसकी स्थिति क्या है। कुछ दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के पास स्थित करोड़ों की प्रॉपर्टी को कुछ लोग कब्जा करने पहुंचे तो हो हल्ला हुआ। पता चला कि 2007 में अतीक अहमद की कुर्क जमीन पर अब कब्जे की कोशिश हो रही है। इसके बाद जिला प्रशासन ने इस प्रकरण में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया। अतीक की अब तक 300 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी गैंगस्टर एक्ट में कुर्क हो चुकी है। कुर्क प्रॉपर्टी की सुरक्षा की जिम्मेदारी कमिश्नरेट लागू होने से पहले जिला प्रशासन की थी।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर थाना की पुलिस ने सोमवार को गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। प्रभारी थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि मोहम्मद हुसैन पुत्र नसीम निवासी बर्डपुर नंबर 11 टोला सुल्तानपुर थाना सिद्धार्थनगर के खिलाफ धारा 308,323,504,506 का केस दर्ज था। उसे फायर सर्विस मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नौ बाल श्रमिक चिन्हित, सात लोगों को नोटिस

बर्डपुर। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर पूरे देश में एक से 30 जून तक बाल एवं किशोर श्रम निषेध अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को अलीगढ़वा कस्बे में नौ बाल श्रमिकों को चिन्हित कर सात सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान पूरे माह चलता रहेगा।

# खनन अधिकारी पर हमला करने के मामले में केस दर्ज

बर्डपुर, हिन्दुस्तान संवाद। कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के पिपरसन में हो रहे अवैध खनन रोकने पहुंचे खनन अधिकारी पर हमला के मामले में पुलिस ने दो नामजद व कुछ अज्ञात पर मारपीट, सरकारी काम में बाधा और अवैध खनन के मामले में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

खनन विभाग को सूचना मिली कि पिपरसन स्थित अमृत सरोवर से जेसीबी की मदद से मिट्टी खोदकर बाहर भेजी जा रही है। इसके बाद खनन अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र रविवार दोपहर में अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचने वाले थे कि एक जेसीबी जाते दिखी। इनके चालक ने जेसीबी को ओवरटेक कर गाड़ी रोकवाने की कोशिश की तो जेसीबी चालक ने गाड़ी को साइड मार दिया। इससे गाड़ी का शीशा टूट गया। गाड़ी में सवार सभी सुरक्षित बचने के लिए गाड़ी से नीचे उतर गए। इसी मामले में खनन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को देव सिंह, जितेंद्र सिंह व अज्ञात के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा और अवैध खनन के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु राजेश कुमार गुप्त ने बताया कि खनन अधिकारी की तहरीर पर दो नामजद और कुछ अज्ञात पर धारा 133, 353, 379, 504, 506 के तहत केस दर्ज किया है।

# युवती के साथ दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**भवानीगंज**। डुमरियागंज थाना के एक गांव की महिला ने सोमवार को भवानीगंज थानाध्यक्ष को तहरीर देकर गांव के युवक पर बेटी संग दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

पीड़िता की मां ने तहरीर देकर बताया कि उसके पति के बड़े भाई भवानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में निवास करते हैं उनकी बेटी उन लोगों के पास रह कर उन लोगों की देखभाल करती है। बेटी के साथ वहीं के युवक ने दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी शहजाद पुत्र अब्दुल वहाब के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### एसपी ने पुलिस लाइंस सभाकक्ष में की क्राइम कंट्रोल मीटिंग

# क्राइम कंट्रोल को नियमित गश्त जरूर करें: एसपी

**निर्देश**



पुलिस लाइंस सभाकक्ष में क्राइम कंट्रोल मीटिंग करतीं एसपी प्राची सिंह।

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। अपराध रोकने के लिए गश्त करना सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर नियमित गश्त होती रहे तो अपराध को रोका जा सकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही किसी भी स्तर से नहीं होनी चाहिए। ये बातें एसपी प्राची सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइंस सभागार में क्राइम कंट्रोल मीटिंग में कहीं।

उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्षों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि गश्त में कोताही सुनने को न मिले। गश्त करने से अपराध व अपराधियों पर अंकुश लग सकता है। उन्होंने कहा कि बाल, महिला व अन्य अपराधों पर कड़ी कार्रवाई करें। थाने पर आने वालों को पूरा सम्मान दें। उनकी बातें सुनें और तत्काल मदद करें।

उन्होंने कहा कि सूचना छोटी हो या बड़ी उसे तत्काल गंभीरता से लें जिससे मामले को निपटाया जा सके। देर होने पर छोटी घटना भी बड़ी हो सकती है। उन्होंने कहा कि टॉप टेन अपराधियों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करें। अपराध करने वालों को बख्शा न जाए। उन्होंने आईजीआरएस पर मिलने वाली शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसपी ने बकरा ईद त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखें जिससे माहौल खराब न होने पाए। इससे पहले सैनिक सम्मेलन में उनकी समस्याओं को सुना और निदान का भरोसा दिया। इस दौरान सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# कॉलेजों के समीप पुलिस तैनात करने की मांग

शोहरतगढ़। विधायक विनय वर्मा ने एसपी को पत्र लिखकर सीमावर्ती कस्बा बढ़नी क्षेत्र में स्थित स्कूल, कॉलेजों में अध्ययनरत छात्राओं पर फब्तियां कसने व अभद्र व्यवहार करने वाले अराजक तत्वों पर रोकथाम के लिए सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने लिखे पत्र में कहा है कि स्कूलों-कॉलेजों के समीप पुलिस ड्यूटी लगाई जाए।

# वयस्क को किसी के संग रहने अथवा शादी से नहीं रोक सकते : हाई कोर्ट

- कोर्ट ने अपहरण की प्राथमिकी रद करने का दिया आदेश
- एसपी सिद्धार्थनगर और एसएचओ बांसी को याची की सुरक्षा का निर्देश

विधि संवाददाता, जागरण, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि किसी भी वयस्क को बिना शादी किए अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने या मर्जी से शादी करने से कोई भी नहीं रोक सकता है। यह उसका अनुच्छेद 21 के अंतर्गत मिले जीवन का मूल अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि अलग मत होने के कारण किसी भी नागरिक को दूसरे की हत्या करने का अधिकार नहीं है। राज्य का दायित्व है कि मानव जीवन की रक्षा करे। यह टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति जेजे मुनीर तथा न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने नाजिया अंसारी व हिदायत की याचिका स्वीकार कर अपहरण की प्राथमिकी रद करने का आदेश दिया है।

खंडपीठ ने मजिस्ट्रेट की आलोचना की है जिनके सामने वयस्क लड़की ने अपने चाचा व परिवार से जान का खतरा बताया, लेकिन मजिस्ट्रेट ने प्राथमिकी दर्ज कराने के बजाय उन्हीं लोगों को उसकी अभिरक्षा सौंप दी जिससे उसने जीवन को खतरा बताया था। आनर किलिंग की घटनाओं से कोई अनजान नहीं है। मानव जीवन बचाना महत्वपूर्ण है। किसी वयस्क को दूसरे की अभिरक्षा में सौंपा नहीं जा सकता है। उसकी मर्जी के खिलाफ किसी के साथ उसे रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। मजिस्ट्रेट के समक्ष जीवन को खतरे संबंधी बयान के बाद आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए थी। एसपी सिद्धार्थनगर व एसएचओ बांसी कोई कार्रवाई न करने के लिए समान रूप से जवाबदेह हैं। उन्होंने याची को सुरक्षा नहीं दी। कोर्ट ने याचियों के खिलाफ बांसी थाने में चाचा मोहम्मद जहीर द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी रद कर दी है। साथ ही पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया है कि याची जहां चाहे जा सकती है। उसके चाचा या परिवार वाले उसे कोई नुकसान न पहुंचाने पाएं अन्यथा वे कोर्ट के प्रति जवाबदेह होंगे।

याची का कहना था कि उसकी आयु 21 वर्ष है। वह बालिग है।

### बकरीद पर घरों-अहातों में कुर्बानी रोकने के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका, 12 को सुनवाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मऊ के थाना सरायलखन्सी के गांव बारी (सरवां) में जून माह में बकरीद पर घरों अहातों में भैंस-बकरे की कुर्बानी देने से पुलिस की रोक के खिलाफ दाखिल याचिका पर राज्य सरकार से जानकारी मांगी है और याचिका को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तिथि तय की है। बकरीद 17 जून को है।

# दुष्कर्म के आरोपित युवक पर केस दर्ज

भवानीगंज : डुमरियागंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने भवानीगंज थाने में तहरीर देकर भवानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक पर अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता की मां ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि हमारे पति के बड़े भाई भवानीगंज थाना क्षेत्र के गरदहिया में निवास करते हैं उनके पास कोई बच्चे नहीं है। वहीं हमारी पुत्री रहकर उन लोगों की देखभाल करती थी। मेरी पुत्री के साथ उसी गांव के एक युवक ने जबरन दुष्कर्म किया।

थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव ने बताया कि पीड़िता की मां के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित के गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं

जासं, सिद्धार्थनगर: बकरीद पर्व को लेकर शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को सदर थाना परिसर में एसडीएम डा. ललित कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक हुई। इस दौरान पर्व के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने को लेकर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

एसडीएम ने बैठक के दौरान उपस्थित लोगों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचित करें। बैठक के दौरान उप निरीक्षक रितीश चंचल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा व अन्य लोग● जागरण

# शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील

**सिद्धार्थनगर/तुलसियापुर।** बकरीद के मद्देनजर सोमवार को सदर थाना में एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। सदर थाना में एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र और प्रभारी थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बैठक करके शासन के दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी दी। सौहार्दपूर्वक त्योहार मामले की अपील की। तुलियापुर प्रतिनिधि के अनुसार थाना कठेला समय माता परिसर में सोमवार को बकरीद के मद्देनजर थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान, दोनों समुदाय के लोगों व पुलिस मित्र के साथ बैठक का आयोजन एसओ की संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बकरीद त्योहार दूसरों पर कुर्बान होने का संदेश देता है। लोग इसे प्रेम और सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाएं। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# नौ बाल श्रमिक चिह्नित, सात दुकानदार को नोटिस

जागरण संवाददाता, कपिलवस्तु : राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर पूरे देश में एक जून से 30 जून तक बाल एवं किशोर श्रम निषेध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न हिस्सों में कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के अलीगढ़वा कस्बा में बाल व किशोर श्रमिकों को चिह्नित करते हुए सात सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई। इस दौरान नौ बाल श्रमिकों का चिह्नांकन किया गया। जांच टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी एंटी ह्यूमन ट्रेकिंग इकाई गंगेश सिंह, जिला समन्वयक मानव सेवा संस्थान जयप्रकाश गुप्ता, समन्वयक चाइल्ड लाइन सुनील उपाध्याय शामिल रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान पूरे माह चलता रहेगा, जिसमें जनपद के समस्त कस्बों में बाल श्रम का चिह्नांकन कर कार्रवाई की जाएगी।

---

# पत्नी के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

जासं, सिद्धार्थनगर: मारपीट व धमकी देने के मामले के एक आरोपित को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। बर्डपुर न.11 के टोला सुल्तानपुर निवासी मोहम्मद हुसैन के ऊपर आरोप था कि वह अपनी पत्नी रोशन जहां को मारा पीटा तथा जान से मरने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए फायर ब्रिगेड तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से मारपीट में प्रयुक्त किए गए बेसबाल बैट भी पुलिस ने बरामद किया। गिरफ्तारी टीम में सदर थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्र, राम बहादुर, संदीप शामिल रहे।

**यह और अन्य खबरें देखें**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# नौ बाल श्रमिकों को चिह्नित कर सात सेवायोजकों को नोटिस

**कपिलवस्तु।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर देश में एक से 30 जून तक बाल व किशोर श्रम निषेध अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जनपद में भी कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को अलीगढ़वा कस्बे में बाल और किशोर श्रमिकों का चिह्नांकन करते हुए सात सेवायोजकों को नोटिस जारी किया गया। इस दौरान नौ बाल श्रमिकों का चिह्नांकन किया गया।

जांच टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी एएचटीयू गांगेश सिंह, जिला समन्वयक मानव सेवा संस्थान जयप्रकाश गुप्ता, समन्वयक चाइल्ड लाइन सुनील उपाध्याय शामिल रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि अभियान माहभर चलता रहेगा, जिसमें जनपद के सभी कस्बों में बाल श्रम का चिह्नांकन कर रेस्क्यू किया जाएगा। संवाद

# पत्नी पर बैट से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## मामूली विवाद में जान से मारने के इरादे से बैट से कर दिया था हमला

सिद्धार्थनगर। जान से मारने की नियत से पत्नी पर बैट से हमला करने के आरोपी पति को सदर पुलिस ने सोमवार को झंडेनगर तिराहा से दबोच लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी थानाध्यक्ष सदर अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि बर्डपुर नंबर ११ सुल्तानपुर निवासी रोशन जहां शिकायत पत्र देकर बताया कि उसके पति मो. हुसैन व ससुर मो. नसीम व सौतन हसीन जहां व ननद तरंजुम को पकड़कर पीटा गया।

हाकी बैट लेकर मारा गया। इससे सिर फट गया। आसपास के लोगों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। जान से मारने की नियत से हमला किया गया है। जिससे वह बेहोश रही। मिले तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला करने सहित अन्य धारा में 31 मई को घटना के दिन ही दर्ज कर लिया गया।

आरोपी की तलाश की जा रही थी। सोमवार को क्षेत्र के झंडेनगर के पास से पति मो. हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया। थाने पर लाकर पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# युवती से दुष्कर्म आरोपी पर केस

**भवानीगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता अपने बड़े पिता के साथ रहती थी। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म, एससी, एसटी एक्ट सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, डुमरियागंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती अपने बड़े पिता के साथ जो भवानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुराल में रहती है। इसी गांव के एक युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। डराने धमकाने की वजह से वह किसी से कुछ बोल नहीं थी।

**भवानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है मामला**

इसी बीच परिवार को जानकारी हुई और पूछताछ की तो उसने पूरी बात बताई। इसके बाद परिवारों के साथ थाने पर जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस दुष्कर्म, एससी, एसटी एक्ट सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसओ भवानीगंज रामदेव ने बताया कि मिले तहरीर के आधार पर दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

# बरेली गैंग के गुर्गों पर लगा गैंगस्टर रिकवरी की तैयारी में जुटी पुलिस

## बांसी कोतवाली में दिसंबर में पकड़े गए थे चोरी और लूट करने वाले बरेली गिरोह के चार बदमाश

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बरेली से आकर जिले में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले बरेली गैंग के गुर्गों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। अब पुलिस अपराध से अर्जित संपत्ति के बारे में जांच करेगी। इसके बाद वहां के स्थानीय प्रशासन के सहयोग से संपत्ति के जब्त करने की कार्रवाई करेगी। दिसंबर माह में इस गैंग ने डुमरियागंज और बांसी और खेसरहा में कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के थुम्हवा और डुमरियागंज थाना क्षेत्र में 20 से 24 दिसंबर के बीच चोरी की दो वारदात हुई थी। इसमें थुम्हवा में चोरी करते हुए एक बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। इसके बाद टीम उनकी धर पकड़ में लगी थी कि 25 दिसंबर एसओजी और बांसी कोतवाली की पुलिस ने बांसी-डुमरियागंज मार्ग पर स्थित सरयू नहर के पास से देर शाम दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों के साथ एक महिला भी थी, जो ठहरने पर इनका सहयोग करती थी।

इनके कब्जे से चोरी के नकदी, आभूषण बरामद किया गया है। इन्होंने डुमरियागंज, बांसी और खेसरहा में वारदात करने की बात को स्वीकार किया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शान मोहम्मद अंसारी उर्फ नीलू अंसारी निवासी मोहल्ला एजाज नगर गौंटिया थाना बारादरी जिला बरेली, सादिक अली, आलम और नसीबन पत्नी अजमत अली उर्फ दुलारे निवासी गढ़िया पैगंबरपुर थाना हजरतपुर जिला बंदायू के रूप में हुई।

शान मोहम्मद अंसारी उर्फ नीलू अंसारी गैंग लीडर था, जो बरेली से गैंग चलाता है। वह 25 हजार ईनामी भी था है। मौजूदा समय में आरोपी जेल में हैं। गैंग की कमर तोड़ने के लिए बांसी पुलिस ने इन्हें गैंगस्टर बनाते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जिससे इनकी ओर से अपराध से कमाई गई संपत्ति को भी जब्त किया जा सके।

पुलिस ने गैंग पर कार्रवाई करने के बाद अब संपत्ति की जांच के लिए कागजी कार्रवाई शुरू की है। बरेली स्थानीय प्रशासन के सहयोग से संपत्ति के बारे में जानकारी लेगी। इसके बाद आगे जब्ती आदि की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में कोतवाली विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। अब संपत्ति की जांच के लिए कागजी कार्रवाई शुरू की जा रही है। जिससे अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त किया जा सके।


पुलिस लिखे वाहन से चोरी करता था बरेली गैंग, चार गुर्गे गिरफ्तार

27 दिसंबर-23 को प्रकाशित खबर।

### कॉल नहीं फोन पर लोकेशन देकर बुलाते थे

यह गैंग पुलिस की सोच से दो कदम आगे चलता है। यह लोग मोबाइल का प्रयोग बात करने में नहीं करते हैं। केवल दो मोबाइल फोन लेकर आते हैं। एक मोबाइल गाड़ी में रहता है तथा दूसरा फोन गैंग लीडर नीलू उर्फ शान मोहम्मद के पास रहता है फोन बंद रहते हैं। वाई-फाई डिवाइस जो चार पहिया वाहन में लगी है, उसका इस्तेमाल करते हैं। हम लोग विशेष प्रकार के कटर व अन्य संसाधनों का प्रयोग कर तय निशाना बनाए गए घरों में चोरी करने के उपरांत चालक व अन्य साथियों को फोन आन कर लोकेशन भेजकर बुलाकर भाग जाते हैं। शान मोहम्मद अंसारी उर्फ नीलू अंसारी किसी अन्य जनपद में घटना करने के लिए लेकर जा रहा था तभी पकड़ लिए गए।

### इस प्रकार से वारदात को अंजाम देता था गिरोह

पकड़े गए बदमाश गैंग बनाकर चार पहिया वाहन से अपने जनपद से काफी दूर के जनपदों में जाकर वहां के रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर वाहन को खड़ा कर ई-रिक्शा व टैंपो से शाम को भ्रमण कर ऐसे घरों की रेकी करते हैं। जो सड़क से काफी दूर न हो तथा बड़े हो को तय निश्चित करते हैं। इसके बाद वारदात को अंजाम देते हैं।

### स्थान बदलकर देते थे वारदात को अंजाम

**पुलिस** के मुताबिक पकड़ा गया गिरोह स्थान बदलकर वारदात को अंजाम देता था। पूछताछ में इन्होंने बताया कि वह बरेली, दिल्ली, शाहजहांपुर जनपद में चोरी की वारदात में जेल भी जा चुके हैं। यह एक जनपद से दूसरे जनपद में जाकर घटना करते हैं और कुछ दिनों तक नहीं दिखते हैं।

# खनन अधिकारी की गाड़ी पर हमले के मामले में केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के पिपरसन में हो रहे अवैध खनन रोकने पहुंचे खनन अधिक पर हमला करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद व अज्ञात पर मारपीट, सरकारी काम में बाधा और अवैध खनन के मामले में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि खनन विभाग को रविवार को सूचना मिली कि पिपरसन स्थित अमृत सरोवर से जेसीबी की मदद से मिट्टी खोदकर बाहर भेजी जा रही है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए खनन अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र दोपहर में हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचने वाले थे कि एक जेसीबी जाते दिखी। इनके चालक ने जेसीबी को ओवरटेक कर गाड़ी रोकवाने की कोशिश की तो जेसीबी चालक ने गाड़ी को साइड मार दिया।

इसकी वजह से गाड़ी का शीशा टूट गया। गाड़ी में सवार सभी सुरक्षित बचने के लिए गाड़ी से नीचे उतर गए। इसी दौरान एक होमगार्ड ने जेसीबी पर चढ़कर उसकी चाभी निकाल ली। इसे देख गाड़ी में सवार एक युवक नीचे उतरा और अधिकारी के गाड़ी की चाभी होमगार्ड के हाथों से छीन लिया था। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी।



10 जून को प्रकाशित खबर।

**दो नामजद सहित अज्ञात पर मारपीट सरकारी कार्य में बाधा डालने का दर्ज हुआ केस**

मिले तहरीर के आधार पर पुलिस ने देव सिंह व जितेंद्र सिंह व अज्ञात के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा और अवैध खनन के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि दो नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ खनन अधिकारी ने तहरीर दी थी। सुसंगत धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# स्कूल व कॉलेज पर तैनात हों पुलिसकर्मी

**तुलसियापुर।** शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने एसपी को पत्र लिखकर बढ़नी क्षेत्र में स्थित स्कूल व कॉलेजों में अध्ययनरत छात्राओं पर फब्तियां कसने व अभद्र व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई को कहा है। उन्होंने इस तरह की घटनाओं पर रोकथाम के लिए स्कूल व कॉलेजों पर पुलिस ड्यूटी लगाने के लिए कहा है।

विधायक विनय वर्मा ने कहा कि अभिभावकों ने उन्हें बताया कि स्कूल व कॉलेजों के गेटों पर छात्राओं के आने-जाने के समय स्कूल गेट से लेकर रास्तों में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। उनके तरफ से अश्लील फब्तियां कसी जाती हैं और अभद्र व्यवहार किया जाता हैं।

इससे छात्राओं में भय का माहौल व्याप्त रहता है। इससे उनके पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ता हैं। अपनी लोक-लज्जा के भय से किसी को बताने में भी संकोच करती हैं। संवाद

# वयस्क को अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने व शादी करने का अधिकार : हाईकोर्ट

## पसंद की शादी करने पर युवक के खिलाफ युवती के चाचा ने दर्ज कराया था मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि कोई भी वयस्क अपनी पसंद की जगह जाने, व्यक्ति संग रहने व शादी करने के लिए स्वतंत्र है। यह मौलिक अधिकार में शामिल है।

कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए महिला के चाचा की ओर से युवक पर दर्ज कराए गए मुकदमे को रद्द कर दिया। साथ ही एसपी सिद्धार्थनगर को महिला की सुरक्षा करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर,

### कोर्ट ने केस रद्द कर एसपी सिद्धार्थनगर को सुरक्षा प्रदान करने का दिया आदेश

न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की कोर्ट ने नाजिया व अन्य की याचिका पर दिया।

सिद्धार्थनगर के बांसी थानाक्षेत्र निवासी युवती ने अपनी पसंद के युवक से शादी की तो उसके घरवाले नाराज हो गए थे। चाचा ने युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने बयान में युवती ने कहा कि चाचा व पिता के घर भेजे जाने पर उसे जान का खतरा है। इस पर उसने सुरक्षा की मांग की। इसके बाद भी मजिस्ट्रेट ने युवती को उसके चाचा के घर भेजने का आदेश दे दिया। दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई।

वहां कोर्ट ने कहा कि दोनों बालिग हैं। उन्हें साथ रहने व विवाह करने का अधिकार है। इसलिए युवती के चाचा को एफआईआर दर्ज कराने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं, कोर्ट ने युवती को उसके चाचा के घर भेजने के मजिस्ट्रेट के आदेश को सही नहीं माना। कहा कि वयस्क को दूसरे के हिरासत में नहीं भेजा जा सकता।

कोर्ट ने चाचा की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर को रद्द कर दिया। साथ ही एसपी सिद्धार्थनगर व थाना प्रभारी बांसी को दोनों की सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया। कहा कि युवती जहां चाहे वहां जाए, जिसके साथ चाहे रहे। उसके चाचा या परिवार के अन्य सदस्य की ओर से कोई बाधा नहीं उत्पन्न की जानी चाहिए।

# वयस्क को किसी के साथ रहने या शादी करने से कोई रोक नहीं सकता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि कोई भी किसी भी वयस्क को बिना शादी किए अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने या अपनी मर्जी से शादी करने से रोक नहीं सकता। यह उसका अनुच्छेद 21 के अंतर्गत मिले जीवन का मूल अधिकार है।

यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर तथा न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने श्रीमती नाजिया अंसारी व हिदायत की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने उस मजिस्ट्रेट की आलोचना की है जिसके सामने वयस्क लड़की ने अपने चाचा व परिवार से जान का खतरा बताया और मजिस्ट्रेट ने एफआईआर दर्ज करने के बजाय उन्हीं लोगों को लड़की की अभिरक्षा सौंप दी, जिनसे उसने जीवन को खतरा बताया था। कोर्ट ने कहा आनर किलिंग की घटनाओं से कोई अनजान नहीं है, इसलिए मानव जीवन बचाना महत्वपूर्ण है। हाईकोर्ट ने कहा किसी वयस्क को दूसरे की अभिरक्षा में नहीं सौंपा जा सकता और उसकी मर्जी के खिलाफ किसी के साथ उसे रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा लड़की के मजिस्ट्रेट के समक्ष जीवन को खतरे के बयान के बाद आरोपी पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए थी। एसपी सिद्धार्थनगर व एसएचओ बांसी कोई कार्रवाई न करने के लिए समान रूप से जवाबदेह हैं। उन्होंने याची को सुरक्षा नहीं दी। कोर्ट ने याचियों के खिलाफ बांसी थाने में चाचा मोहम्मद जहीर द्वारा दर्ज कराई एफआईआर रद्द कर दी। याची का कहना था कि वह बालिग है। अपनी मर्जी से घर छोड़ा और हैदराबाद में 17 अप्रैल :' को मुस्लिम रीति से शादी की है। तेलंगाना राज्य वक्फ बोर्ड के सीईओ ने शादी का प्रमाणपत्र भी दिया है। इसके बावजूद चाचा द्वारा अपहरण के आरोप में दर्ज एफआईआर के तहत पुलिस ने याची के पति को गिरफ्तार कर लिया और याची को अवैध अभिरक्षा में ले लिया तथा मजिस्ट्रेट के आदेश से उसे उसकी मर्जी के खिलाफ उसके चाचा को सौंप दिया गया।



- वयस्क याचियों के खिलाफ अपहरण के आरोप में दर्ज एफआईआर रद्द
- एसपी व एसएचओ को याची की सुरक्षा करने का निर्देश

# पुलिस घरों में बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी करने से रोक रही, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी जानकारी

## सुनवाई 12 जून को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मऊ जिले के थाना सराय लखन्सी के गांव बारी (सरवां) में जून माह में ब.करीद के अवसर पर घरों में भैंस व बकरों की कुर्बानी देने से पुलिस द्वारा रोकने के खिलाफ दाखिल याचिका पर राज्य सरकार से जानकारी मांगी है और याचिका को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने मुहम्मद शाहिद की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका दायर कर पुलिस की कार्रवाई को गैर कानूनी बताते हुए कोर्ट से हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। याची का कहना है कि हर वर्ष गांव के लोग बकरीद पर घरों में जानवरों की कुर्बानी करते आ रहे हैं। पिछले वर्ष पुलिस की धमकी पर इसकी जांच कराई गई थी। इस बार पुलिस धमकी दे रही कि जानवरों की घर में कुर्बानी नहीं की जायेगी।

# गैर इरदातन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थ नगर।** जिले के सदर थाने की पुलिस ने गैर इरदातान हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है,पकड़े गए अभियुक्त का नाम मो. हुसैन पुत्र नसीम है। वह सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बर्डपुर नंबर 11 के टोला सुल्तानपुर का निवासी है। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध सदर थाना क्षेत्र में मुकदमा अपराध संख्या 93/2024 धारा-308,323,504,506 आईपीआईसी के तहत मुकदमा दर्ज है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में पुरानी नौगढ़ चौकी इंचार्ज अनूप कुमार मिश्र,मुख्य आरक्षी राम बहादुर यादव,आरक्षी संदीप वर्मा शामिल रहे।

# बाल श्रमिकों को चिन्हित कर 7 सेवायोजकों को दी नोटिस

**कपिलवस्तु।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर पूरे देश में 1 जून से 30 जून तक बाल एवम किशोर श्रम निषेध अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में भी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को अलीगढ़वा कस्बे में बाल और किशोर श्रमिकों का



चिन्हांकन करते हुए 7 सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई। इस दौरान 9 बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। जांच टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी एएचटीयू गांगेश सिंह, जिला समन्वयक मानव सेवा संस्थान जयप्रकाश गुप्ता, समन्वयक चाइल्ड लाइन सुनील उपाध्याय शामिल रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान पूरे माह चलता रहेगा, जिसमें जनपद के समस्त कस्बों में बाल श्रम का चिन्हांकन कर रेक्सक्यू किया जाएगा।

# छात्राओं से अभद्र व्यवहार करने वालों पर हो कार्रवाई

**बानगंगा(एसएनबी)**। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर को पत्र लिखकर शोहरतगढ़ क्षेत्र में स्थित स्कूल व कलेजों में अध्ययनरत छात्राओं पर फब्तियां कसने व अभद्रद्द व्यवहार करने वाले अराजक तत्वों पर रोकथाम के लिए स्कूल व कालेजों पर पुलिस ड्यूटी लगाने के लिए कहा है। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर को पत्र लिखकर बताया कि शोहरतगढ़ क्षेत्र के लोगों ने उनसे मिलकर स्कूल व कालेजों पर पुलिस तैनात करने की मांग किया है। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल व कालेजों के गेटों पर छात्राओं के आने व जाने के समय स्कूल गेट से लेकर रास्तों में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।उनके द्वारा अश्लील फब्तियां कसता जाता है और अभद्र व्यवहार किया जाता हैं। जिससे छात्राओं में भय का माहौल व्याप्त रहता है और वह काफी तनाव में रहती हैं।जिससे उनके पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अपनी लोक-लज्जा के भय से किसी को बताने में भी संकोच करती हैं।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

# आतंकी हमले में बाल-बाल बचा अजय और उनका परिवार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। गत दिवस जम्मू के निकट रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले में जहां 10 तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हुई है वहीं 33 यात्रियों के घायल होने की खबर है। इन घायल तीर्थयात्रियों में उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के खलीलाबाद कस्बे के निवासी अजय गुप्ता और उनका परिवार भी शामिल है। यह जानकारी होने पर सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने घायल अजय गुप्ता के पुरानी तहसील खलीलाबाद स्थित आवास पर जाकर परिजनों से मुलाकात की और कुशल क्षेम पूछा।



अजय गुप्ता से बात करते एएसपी।

घायल अजय गुप्ता के परिजनों ने बातचीत में बताया कि अजय गुप्ता अपनी पत्नी प्रीति और दो बच्चों पीयूष एवं आयुष के साथ मां वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए थे। वहां से शिवखोड़ी दर्शन के लिए गए। शिवखोड़ी से अन्य तीर्थयात्रियों के साथ एक निजी बस से कटरा जा रहे थे। बस 4-5 किमी ही चली थी कि बस पर जंगल से फायरिंग होने लगी। सबसे पहले आतंकियों ने बस चालक को निशाना बनाया। चालक के घायल होते ही बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई जिससे दर्जनों यात्री घायल हो गए। बस पलट जाने के बाद भी आतंकी फायरिंग करते रहे। उन्होंने बताया कि बस पलटने से उन्हें तथा पत्नी व बच्चों को कुछ चोटें आई हैं लेकिन हम लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि उनका उपचार अस्पताल में चल रहा है और वह अभी सुरक्षित हैं। किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है।

# अज्ञात कार चालक के विरूद्ध मार्ग दुर्घटना का केस

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के भगता चौराहे पर बीते दिनों हुई कार और बाइक की भिड़न्त में घायल हुए बाइक सवार के रिश्तेदार की तहरीर पर सोमवार को महुली पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार के अज्ञात चालक के विरूद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की दी है।

घटना के संबंध में महुली पुलिस को दी गई तहरीर में खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के नेदुला निवासी श्याम कुमार पुत्र टिक्कन प्रसाद ने बताया कि महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय महुली गांव के कुर्मियान टोला निवासी उसका साला संदीप कुमार पुत्र रामनेवास बीते 19 मई 2024 की शाम करीब 6 बजे अपनी बाइक नम्बर यू.पी.58 एक्स 4587 से खलीलाबाद से नाथनगर जा रहा था। साला संदीप महुली थाना क्षेत्र के भगता चौराहे के समीप पहुंचा था कि कार नम्बर यू.पी.53 ई.एस.·7928 का अज्ञात चालक लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए पहुंचा और साले की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे साले संदीप का हाथ और पैर फैक्चर हो गया साथ ही उसके शरीर में भी गंभीर चोटे आ गई। उसे इलाज के लिए तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां अ[illegible]क उसका इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामि[illegible] कार के अज्ञात चालक के विरूद्ध आईपीसी की धारा 279, 338 के तहत मुकद[illegible] दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल कार को गिरफ्त में लेकर उसके चालक की पहचान कर उसे भी गिरफ्त में लेते हुए कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# आईजी रेंज बस्ती ने यातायात कार्यालय, इंडोर शूटिंग रेंज व ट्रेनिंग सेंटर का किया अवलोकन

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आईजी रेंज बस्ती आरके भारद्वाज ने सोमवार की शाम को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर गार्द की सलामी लेने के उपरांत फाउंटेन का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा कार्यालय कैम्पस में हरियाली के साथ महात्मा बुद्ध की स्थापित प्रतिमा का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस कार्यालय स्थित नवनिर्मित कैंटीन का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। संचालक को आईजी रेंज बस्ती ने निर्देश दिया कि खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें।

तदोपरान्त आईजी रेंज बस्ती ने रिजर्व पुलिस लाइन कमाण्ड सेंटर एवं यातायात कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन कर अवलोकन किया। उन्होंने ऑनलाइन चालान शुरू किये जाने का निर्देश दिया। इसके बाद नवनिर्मित साइबर थाना का उद्घाटन किया और इंडोर शूटिंग रेंज एवं ट्रेनिंग सेंटर का अवलोकन किया। साइबर थाने पर पुलिस अधिकारियों के साथ जनता से जुड़े बिन्दुओं को साझा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जनपद को प्राप्त डायल 112 की कुल 13 चार पहिया वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह जनता की सुरक्षा की दृष्टि से यह सार्थक रहेगा। श्री भारद्वाज ने पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड में नवनिर्मित बाउण्ड्री भवन का उद्घाटन किया। सभी निर्माण कार्य एवं तैयारियों पर आईजी रेंज बस्ती आरके भारद्वाज ने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, सीओ ट्रैफिक केशव नाथ, सीओ लाइन राघवेन्द्र सिंह राठौर, सीओ धनघटा अजय सिंह, टीएसआई परमहंस यादव, एसपी के पीआरओ जितेन्द्र यादव व साइबर सेल प्रभारी आलोक सोनी मौजूद रहे।



साइबर थाना का उद्घाटन करते तथा पुलिस आफिस में महात्मा बुद्ध की स्थापित प्रतिमा का अवलोकन करते आईजी रेंज बस्ती, साथ में एसपी।

# जम्मू के आतंकी हमले में घायल हुए पति-पत्नी सुरक्षित

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जम्मू में वैष्णो माता का दर्शन करने के बाद शिवखोड़ी गए खलीलाबाद के अजय गुप्ता और उनकी पत्नी प्रीति गुप्ता के बस पर रविवार की देर शाम को आतंकियों ने हमला किया था। इस घटना में दोनों घायल हुए हैं और वहीं पर एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। स्वजन ने बताया कि दोनों खतरे से बाहर हैं। उनके साथ दो बच्चे भी थे, जो सुरक्षित हैं। डीएम के साथ ही पुलिस के अधिकारी भी परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखे।

सोमवार की सुबह जैसे ही पता चला कि संतकबीर नगर के दो लोग भी जम्मू में हुए आतंकी हमले में घायल हैं, तो हड़कंप मच गया। लोग पता लगाने में जुट गए कि घायल कहां के रहने वाले हैं। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने घायलों की जानकारी एकत्र करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह को लगाया। उन्होंने इंटरनेट मीडिया के साथ ही अन्य माध्यमों को सक्रिय किया तो पता चला कि पीड़ित शहर के पुरानी तहसील के रहने वाले हैं। उनकी शहर में कापी-किताब की दुकान है। वह लाइब्रेरी भी चलाते हैं। अजय और प्रीति अपने दो बच्चों के साथ वैष्णो माता का दर्शन करने गए थे। जानकारी होते ही अपर पुलिस अधीक्षक पीडित परिवार के घर पर पहुंच गए और अजय के भाई नीरज से मामले की जानकारी ली। पीड़ित अजय से भी उन्होंने मोबाइल पर बात कर उनका हाल जाना। अजय ने बताया कि वह लोग शिवखोड़ी से दर्शनकर अभी तीन से चार किमी ही आगे बढ़े थे कि सामने से फायरिंग होने लगी। एक गोली बस के चालक को लगी और गाड़ी खाई में चली गयी। बस में उनकी पत्नी और दो बच्चे भी थे। बस एक बड़े पत्थर पर जाकर अटक गई। ईश्वर का शुक्र था कि किसी को गंभीर चोटें नहीं आईं। सभी लोग सुरक्षित हैं। परिवार के कुछ लोग जम्म से निकल गए हैं।


जम्मू में घायल हुए अजय के भाई से जानकारी लेते अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह • फोटो पुलिस मीडिया सेल

- खलीलाबाद शहर के पुरानी तहसील के रहने वाले हैं अजय और प्रीति
- घटना में दो लोगों के घायल होने की सूचना पर सक्रिय हुए अधिकारी

# आतंकी हमला : दहशत भरे रहे 15 मिनट... अटकी रहीं सांसें, शुक्र है बच गए

## जम्मू में श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमले में संतकबीरनगर के घायल दंपती ने बताई आपबीती

संवाद न्यूज एजेंसी

[illegible]


शहर के पुरानी तहसील निवासी अजय गुप्ता और उनकी पत्नी। संवाद


जम्मू में घायल हुए अजय गुप्ता के घर पर उनके भाई से जानकारी लेते एएसपी। संवाद

# डिप्रेशन में आकर युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद शहर के गांधीनगर मोहल्ले में सोमवार को गंभीर बीमारी से परेशान एक युवक ने डिप्रेशन में आकर कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर आस-पास के लोग भी जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

तितौवा चौकी इंचार्ज संजय वर्मा ने बताया कि शहर के गांधी नगर निकट सूर्या गली के रहने वाले 25 वर्षीय विनय कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय अखिलेश गुप्ता की सोमवार को दोपहर में कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे लटकती लाश मिली। घटना की जानकारी होने पर परिजन रोने-चीखने लगे तो आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया।

पूछताछ में पीड़ित परिजनों ने बताया कि विनय कुमार गुप्ता तीन भाइयों में बड़ा था। वह फोटो कापी की दुकान पर काम करता था। उसको लंबे समय से किडनी की समस्या थी, जिसका इलाज चल रहा था। उसी बीमारी की वजह से विनय काफी परेशान रहता था। बीमारी की वजह से डिप्रेशन में आकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। बेटे की मौत से मां शकुंतला देवी बिलख रही थी। दोनों भाइयों और नाते रिश्तेदार भी गमगीन थे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

# डिप्रेशन में आकर युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद शहर के गांधीनगर मोहल्ले में सोमवार को गंभीर बीमारी से परेशान एक युवक ने डिप्रेशन में आकर कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर आस-पास के लोग भी जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

तितौवा चौकी इंचार्ज संजय वर्मा ने बताया कि शहर के गांधी नगर निकट सूर्या गली के रहने वाले 25 वर्षीय विनय कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय अखिलेश गुप्ता की सोमवार को दोपहर में कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे लटकती लाश मिली। घटना की जानकारी होने पर परिजन रोने-चीखने लगे तो आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया।

पूछताछ में पीड़ित परिजनों ने बताया कि विनय कुमार गुप्ता तीन भाइयों में बड़ा था। वह फोटो काफी की दुकान पर काम करता था। उसको लंबे समय से किडनी की समस्या थी, जिसका इलाज चल रहा था। उसी बीमारी की वजह से विनय काफी परेशान रहता था। बीमारी की वजह से डिप्रेशन में आकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। बेटे की मौत से मां शकुंतला देवी बिलख रही थी। दोनों भाइयों और नाते रिश्तेदार भी गमगीन थे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

# आईजी ने नव निर्मित भवनों का किया उद्घाटन

संतकबीरनगर। आईजी बस्ती आर के भारद्वाज ने सोमवार की शाम को साइबर सेल थाने के नए भवन समेत कई नव निर्मित भवनों का उद्घाटन किया। इसके साथ ही मातहतों के साथ बैठक कर जनता से जुड़े मुद्दे पर समीक्षा की। आईजी ने सबसे पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच फाउंटेन का अवलोकन किए। कार्यालय परिसर में हरियाली व बुद्ध की प्रतिमा का अवलोकन किया। बाद में नवनिर्मित कैंटीन का उद्घाटन किया। संचालक को खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता में कमी नहीं होने देने की हिदायत दी। इसके बाद पुलिस लाइंस में कमांड सेंटर, ट्रैफिक ऑफिस, साइबर सेल थाना का उद्घाटन किया।

# अज्ञात कार चालक के खिलाफ दुर्घटना का केस

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भगता निकट बीस दिन पूर्व कार और बाइक की भिड़ंत हो गई थी। जिसमे मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। घायल के जीजा कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम नेदुला निवासी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ दुर्घटना, लापरवाही की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली खलीलाबाद के नेदुला निवासी श्याम कुमार पुत्र चिक्कन प्रसाद ने बताया कि उनका साला सन्दीप कुमार पुत्र राम निवास निवासी महुली 19 मई को बाइक से खलीलाबाद आवश्यक कार्य से गया हुआ था। देर शाम वापस बाइक से लौटते समय करीब शाम छह बजे जैसे ही धनघटा-खलीलाबाद मार्ग पर भगता गांव गेट सामने पहुंचा।

# साइबर थाना का आइजी ने किया उद्घाटन

- फाउंटेन का किया अवलोकन, नवनिर्मित कैंटीन की देखी व्यवस्था
- जनपद पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना के साथ दी बधाई

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) आरके भारद्वाज ने सोमवार को जनपद के नवनिर्मित साइबर थाने का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अपराध के बदलते दौर में यह थाना जनपद के लोगों की सेवा करेगा। लोगों को साइबर ठगों से बचाने में यह थाना महती भूमिका निभाएगा। आइजी ने जनपद पुलिस की अन्य उपलब्धियों के लिए भी जमकर सराहना की। एसपी को सृजनकर्ता करार देते हुए कहा कि उन्होंने जनपद के विकास को लेकर बहुत काम किया है। आने वाले समय में यहां के लोगों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

देर शाम को जनपद में पहुंचे आइजी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर गार्द सलामी दी गयी। इसके बाद आइजी ने परिसर में बने फाउंटेन का अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा कार्यालय परिसर में हरियाली के साथ बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की गई है, इसे देखकर उन्होंने एसपी की पीठ थपथपाकर अन्य अधिकारियों को भी कुछ नया करने की सीख दी। पुलिस कार्यालय में स्थित नवनिर्मित कैंटीन का भी आइजी ने उद्घाटन किया। कैंटीन के संचालक को निर्देश दिया कि खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखना होगा। आइजी ने पुलिस लाइन में बने कमांड सेंटर और ट्रैफिक कार्यालय का उद्घाटन कर उसकी व्यवस्था देखी। उन्होंने आनलाइन चालान शुरू किये जाने का निर्देश दिया। नवनिर्मित साइबर थाना के साथ ही इंडोर शूटिंग रेंज एवं ट्रेनिंग सेंटर को देखकर आइजी ने खुशी जतायी। साइबर थाने पर पुलिस अधिकारियों के साथ जनता से जुड़े बिंदु को साझा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आइजी ने जनपद को प्राप्त डायल 112 की कुल 13 चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड में नवनिर्मित बाउंड्री भवन को देखा। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत की और जनपद पुलिस की जमकर प्रशंसा की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, सीओ ट्रैफिक केशवनाथ, सीओ राघवेन्द्र सिंह राठौर, अजय सिंह, यातायात प्रभारी परमहंस यादव, जितेन्द्र यादव, साइबर सेल के प्रभारी आलोक सोनी समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



नवनिर्मित साइबर थाना का फीटा काटकर उद्घाटन करते आइजी आरके भारद्वाज बीच में। उनके साथ हैं एसपी सत्यजीत गुप्ता और एएसपी शशि शेखर सिंह • जागरण

# आईजी ने स्थायी साइबर थाना का किया शुभारंभ



शुभारंभ करते आईजी रेंज बस्ती आरके भारद्वाज। संवाद

संतकबीरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार शाम को आईजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज ने स्थायी साइबर थाना का शुभारंभ किया।

जनपद भ्रमण पर आए आईजी रेंज बस्ती आरके भारद्वाज को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने वहां पर बने फाउंटेन और एसपी कार्यालय कैंपस में स्थापित बुद्ध प्रतिमा को देखा।

साथ ही वहां पर स्थापित नवनिर्मित कैंटीन का निरीक्षण किया। संचालक को खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं लाने के लिए कहा। साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके बाद आईजी ने पुलिस लाइन कमांड सेंटर एवं ट्रैफिक ऑफिस का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑनलाइन चालान शुरू करने का निर्देश दिए। उन्होंने इंडोर शूटिंग रेंज एवं ट्रेनिंग सेंटर का जायजा लिया।

इसके साथ ही आईजी ने यूपी 112 के काफिले में शामिल 13 चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एसपी सत्यजीत गुप्त, एएसपी शशि शेखर सिंह, सीओ ट्रैफिक केशवनाथ, सीओ लाइन राघवेन्द्र सिंह राठौर, सीओ धनघटा अजय सिंह, टीएसआई परमहंस यादव, एसपी पीआरओ जितेन्द्र यादव, साइबर सेल प्रभारी आलोक सोनी आदि मौजूद रहे। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

## दो किशोरियां लापता

मनकापुर : ग्राम करनूपुरराजा के व्यक्ति ने कहा कि उनकी बेटी लापता हो गई है। ग्राम बैरीपुर रामनाथ के मजरा नई बस्ती निवासी व्यक्ति ने कहा कि उनकी पुत्री लापता है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने कहा कि गुमशुदगी दर्ज की गई है। (संसू)

## दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

मनकापुर : गांव की महिला ने दी गई तहरीर में कहा है कि वह घर में अकेली थी। गांव के ही एक युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। हल्ला करने पर युवक ने धमकी देकर फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि आरोपित पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# महिलाओं को अधिकार के प्रति किया जागरूक

गोण्डा। मिशन शक्ति के तहत सोमवार को जिले के कई थानों के अंतर्गत पुलिस ने गांव की महिलाओं और बेटियो को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिला पुलिस कर्मियों ने सोमवार को आयोजित चौपाल में महिलाओं एवं किशोरी को कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देने व उनकी सुरक्षा के लिए प्रयासरत है। कहा कि समस्या होने पर महिलाएं हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 112, 181, 1076 आदि की जानकारी दी।



सोमवार को मंडल कारागार का निरीक्षण करते जिला जज और अन्य अफसर।

# जिला जज ने जेल का जायजा लिया

गोंडा। शहर के जेल रोड स्थित मंडल कारागार का सोमवार को जिला जज प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा और एसपी विनीत जायवाल ने संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण में अधिकारियों ने कैदियों से वार्ता करते हुए जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीजेएम नेहा रूंगटा, जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, डिप्टी जेलर एसके मिश्रा, जेल डॉक्टर अखण्ड प्रताप सिंह, कोतवाल राजेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



सोमवार को बैंकों के बाहर जांच करती पुलिस।

# जिले में पुलिस ने चलाया विशेष चेकिग अभियान

गोण्डा। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने जिलेभर में चेकिंग अभियान चलाकर बैंको, एटीएम सहित अन्य जगहों पर गश्त कर संदिग्ध लोगो और वाहनों की चेकिंग की है। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने गश्त कर बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, सर्राफा बाजार, ग्राहक सेवा केन्द्रों व उनके आस-पास अनावश्यक खड़े व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग की गयी। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक है वहां महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग की गई।

# आग से आठ घर जले, दो मवेशी मरे



सोमवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के पिपरी में लगी आग बुझाते ग्रामीण।

गोण्डा, संवाददाता। जिले में पड़ रही भीषण तपिश के बीच कोतवाली देहात क्षेत्र के पिपरी गांव में लगी आग ने अपना कहर बरपाया। अज्ञात कारणों से लगी आग ने कई घरो को अपने जद में ले लिया। आग का विकराल रूप देख पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

कोतवाली देहात क्षेत्र के पिपरी गांव में सोमवार की दोपहर अचानक लगी आग ने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे लोगों का गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग का विकराल रूप देख क्षेत्र के आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। सबसे पहले आग की चपेट में धनीराम का घर आया। उसके घर के लोग किसी रिश्तेदारी में गए हुए थे। इसकी वजह से उनके घर में बंधे दो मवेशियों की जलकर मौत हो गई। वहीं, पड़ोसी रामसमुझ, रामसहाय, रामकरन व रामतेज के घर भी आग की विकराल लपटों की चपेट में आ गए। इससे इन घरों में गृहस्थी का सारा सामान जल गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि लोगों के अथक प्रयासों के बावजूद आग नहीं बुझी। जिसके चलते लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी।

# कौड़िया पुलिस ने वारंटी को दबोचा

रुपईडीह। पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौड़िया अंकुर वर्मा ने बताया कि न्यायालय पर पेशी के दौरान उपस्थित न होने पर न्यायालय ने आलोक कुमार सिंह पुत्र माधव राज सिंह निवासी आर्यनगर छितौनी के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# शांतिभंग के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

रुपईडीह। पुलिस ने सोमवार को शांति भंग की आशंका के चलते क्षेत्र के एक व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौड़िया अंकुर वर्मा ने बताया कि करनैलगंज क्षेत्र के मोनू कश्यप पुत्र ढोढे प्रसाद बभनन पुरवा पंडरिया थाना करनैलगंज को शांति भंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। इसमें उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह रहे।

# मारपीट में छह लोग घायल 15 के खिलाफ केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

परसपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र के तीन स्थानों पर हुई मारपीट में छह लोग घायल हो गए। मामले में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना क्षेत्र के कुड़ियांव अहिरनपुरवा निवासी बच्छराज यादव ने बताया कि रविवार की शाम वह गांव के बाहर भैंस चराने गए थे। तभी गांव के ही तीन लोगों ने उन्हें मारापीटा। बच्छराज यादव ने अशोक, मुन्ना व श्रीचंद के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष से सुलेखा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने रविवार की शाम अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से उनकी पिटाई कर दी।

सुलेखा की तहरीर पर शिवकुमार यादव, बच्छराज यादव व अजय यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कस्बे के राजपुर निवासी ज्ञान प्रकाश पांडेय ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि रविवार की रात मोहल्ले के तीन लोग उनके हाता पर आए और बेटे आशुतोष पांडेय पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। ज्ञान प्रकाश पांडेय ने रामवरन, अर्जुन तिवारी व अरुण तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## युवक की पिटाई, चार पर केस

वजीरगंज (गोंडा)। दुर्जनपुर पचूमी निवासी कुलदीप कुमार चौहान ने थाने पर तहरीर दी है। बताया कि विवाद को लेकर गांव के ही राजन चौहान, उनके भाई विनीत चौहान, मां वर्षामती व बहन सिंपी ने अभद्रता करते हुए पीटा व जान से मारने की धमकी दी। वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

इसी मामले में रामबरन तिवारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि रविवार की शाम अपने घर जा रहे थे। तभी रास्ते में चार लोग उससे अभद्रता कर कुल्हाड़ी व डंडे से हमला कर दिए। रामबरन तिवारी की तहरीर पर राहुल, अनुभव व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कस्बे के ग्राम सिलहटा निवासी जुगल सोनी ने बताया कि रविवार की रात मोहल्ले के ही दो लोग उसके घर आकर उनकी पिटाई करने लगे। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि सभी मामलों में दो अज्ञात समेत 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# छेड़खानी के मामले में युवक पर केस दर्ज

मनकापुर (गोंडा)। क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार को दिन में दो बजे वह घर में अकेली थी। तभी गांव का ही राजू मिश्र घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी राजू मिश्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

## ■ युवती के अपहरण मामले में केस

तरबगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती के अपहरण मामले में नामजद आरोपी के खिलाफ मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में अपहृत युवती की मां ने बताया कि बीते मई माह के 15 तारीख की रात दूसरे गांव का निवासी एक आरोपी उसकी 19 वर्षीय बेटी को अगवा कर ले गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि खजुरी सुख्खा पुरवा निवासी सोनू के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## ■ पति समेत तीन पर उत्पीड़न का मुकदमा

तरबगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र के खोजनपुर निवासी एक महिला ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीटकर घर से भगा देने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव निवासी ऋचा ने बताया कि उसकी शादी तकरीबन आठ साल पहले आदर्श कुमार निवासी खोजनपुर के साथ हुई थी। पति समेत ससुराल वाले आये दिन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। बीते सात जून को वह अपने ससुराल खोजनपुर आई तो आरोपियों ने उसे घर में घुसने नहीं दिया और मारापीटा। आरोप है कि उसके पति ने दूसरी महिला से शादी कर ली है जो ससुराल में ही रह रही है। महिला की तहरीर पर थाने में पति आदर्श कुमार, जेठ अरविंद कुमार व जेठानी लक्ष्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# पैसा मांगने पर दुकानदार की पिटाई

करनैलगंज (गोंडा)। परसपुर निवासी संदीप शुक्ला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मरीमाता बबुरास में वह खाद व परचून की दुकान करता है। रविवार की शाम उसकी दुकान पर बबुरास निवासी विक्रम सिंह आए और सिगरेट व अन्य सामान खरीदा। जब उनसे पैसा मांगा गया तो वह मारपीट करने लगे। फोन कर अपने भाई विवेक सिंह व सुनील गुप्ता निवासी भंभुवा को बुला लिया और दुकान पर तोड़ फोड़ करते हुए मारपीट किया। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर विक्रम सिंह व दो अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। (संवाद)

# गोंडा के छात्र का अयोध्या में शव मिला, हत्या का आरोप

## बीकॉम तृतीय वर्ष का छात्र था नवाबगंज के खड़ौवा गांव का अमर प्रताप

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज (गोंडा)।** नवाबगंज के खड़ौवा गांव के रहने वाले एक छात्र का शव रविवार देर रात अयोध्या में उदया चौराहे के समीप रेलवे क्रॉसिंग के किनारे संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। पुलिस ने उसकी जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। छात्र का मोबाइल व बाइक गायब है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



अमर प्रताप शर्मा। फाइल फोटो

गांव निवासी अमर प्रताप शर्मा (22) पुत्र रामकुमार शर्मा अयोध्या में उदया चौराहे के समीप किराये के मकान में रहता था। वह अयोध्या के कामता प्रसाद सुंदरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीकॉम तृतीय वर्ष का छात्र था। शनिवार को वह अयोध्या से घर आया था। मगर यहां से देर शाम अयोध्या लौट गया था। रविवार देर रात अमर का शव संदिग्ध हालात में अयोध्या में उदया चौराहे के समीप रेलवे क्रॉसिंग के किनारे पड़ा मिला। अमर के पैंट की जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर पुलिस ने शिनाख्त करके परिजनों को सूचना दी।

खड़ौवा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चिंतामणि तिवारी ने बताया कि अमर की बाइक व मोबाइल फोन गायब है। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि अमर के पिता रामकुमार शर्मा नैनीताल गए थे। बेटे के मौत की सूचना पर वह लौट रहे हैं। उन्होंने अमर की हत्या के बाद शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने की आशंका जताई है। अयोध्या कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

# बताए हेल्पलाइन नंबर

**बलरामपुर :** सभी थानों की महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने महिलाओं एवं बेटियों को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चिकित्सीय सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल रूम 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नंबरों के बारे में जानकारी दी। (जासं)

## चार को भेजा गया जेल

**बलरामपुर।** तीन थानों की पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। एसपी केशव कुमार ने बताया कि गैसड़ी कोतवाली की पुलिस ने ग्राम मदरहवा का मजरा पडरौना निवासी दयांनद पाल, हरैया थाना की पुलिस ने हज्जी पुरवा निवासी अहमदउल्ला और पचपेड़वा थाना की पुलिस ने गनेशपुर निवासी मदन गोपाल व ओम प्रकाश को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। (संवाद)

# आज से सात दिन तक होगी बिजली कटौती

बलरामपुर। विद्युत उपकेंद्र बलरामपुर टाउन से होने वाली सप्लाई में 11 जून से सात दिन तक छह-छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एक्सईएन बालकृष्ण ने बताया कि 11 जून से 13, 15, 20, 22, 24 व 26 जून को सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक जर्जर पोल व तार बदले जाएंगे। इस दौरान ग्राम रामपुर, खगईजोत, गनेशपुर, महेशभारी, महादेव मिश्र, गोंदीपुर, कटिया मधवाजोत, दुबौलिया सहित 11 केवी लिफ्ट कैनाल से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

हिन्दुस्तान

# एबीवीपी का नीट में धांधली पर प्रदर्शन

## आक्रोश



शहर के महाराणा प्रताप चौक पर विरोध प्रदर्शन करते एबीवीपी पदाधिकारी।

**बहराइच, संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार सुबह महाराणा प्रताप चौक पर एकत्र होकर नीट परीक्षा में हुई अनियमितता को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दोषियों की गिरफ्तारी व कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है।

परिषद के प्रदेश सह मंत्री आदर्श शुक्ला ने कहा कि नीट-यूजी 2024 के आयोजन के दौरान गड़बड़ियां व परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जांच मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस परीक्षा के आयोजन के दिन देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आई थी। अलग-अलग स्थान पर साल्वर पकड़े गए। साथ ही कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में गड़बड़ी मिली। विद्यार्थी परिषद नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की उचित मांगों के साथ है। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नीट यूजी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों के बीच में गड़बड़ी का संदेह है। इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच करवाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर होने से इस वर्ष परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है।

हिन्दुस्तान

# स्टेशन पर पड़े मिले शव की हुई पहचान

बहराइच। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नम्बर दो पर शनिवार शाम को एक वृद्ध बीमार हालत में मिला। जीआरपी उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गई। चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने पहचान न होने पर फोटो व वीडियोग्राफी कराकर शव मर्च्युरी में रखवा दिया।

सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होते ही शव की पहचान उसके बेटे ने गोंडा जिले के नगर कोतवाली के महारानीगंज निवासी 65 वर्षीय कादिर पुत्र मोहम्मद शकूर के रूप में की। पहचान होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पिता- पुत्र दरगाह में जियारत को आए थे। बेटा दरगाह में रविवार की चौथियात को लेकर रुक गया था, जबकि कादिर गोंडा जाने को स्टेशन पर पहुंचा था। पहचान के बाद कोहराम मचा है।

हिन्दुस्त

# वन चौकी जलाने में डिप्टी रेंजर व दारोगा निशाने पर

**फॉलोअप**

- वन कर्मियों से डीएफओ ने स्पष्टीकरण मांगा
- पांच वन चौकियों में आग लगाने का मामला

**बहराइच।** असलहों से लैस नेपाली शिकारियों के सीमा पार कर सेंचुरी क्षेत्र में दो दिनों तक तांडव बचाने के मामले को भले ही सुरक्षा एजेंसियां हल्के में ले रही हो, लेकिन वन विभाग वनचौकियों को जलाने में रेंज के कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। तीन दिनों के अंदर सभी को अपना जवाब डीएफओ को देना है। इसके बाद जवाबदेही तय कर सभी पर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज के जंगल में बने वन चौकियों को नेपाली शिकारियों ने दो दिनों में जला दिया था। आरोप है कि दो दिन लगातार नेपाली शिकारियों के सीमा पार से आकर सेंचुरी क्षेत्र में वन चौकियों को जलाया गया, लेकिन समय से इसकी सूचना बीट के वन दरोगा, डिप्टी रेंजर, वन रक्षक और वन्यजीव रक्षक ने किसी को नहीं दिया।

डीएफओ बी शिवशंकर ने वन दरोगा से समेत चार लोगों से स्पष्टीकरण तलब किया है।

हिन्दुस्तान

# भीम आर्मी के खिलाफ अब हिन्दू संगठनों में उबाल

## विरोध

बहराइच, संवाददाता। मिहींपुरवा के कंजड़वा मंदिर मामले में भीम आर्मी के दबाव में एक तरफा हुई कार्रवाई के विरोध में सोमवार को हिंदू संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। भारी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग सड़क पर उतर आए। नारेबाजी करते हुए भीम आर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया। कहा कि हिंदुओं को बांटने की सुनियोजित तरीके से कुछ लोग षड़यंत्र कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चिंहित कर कार्रवाई होनी चाहिए।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंजड़वा में पिछले दिनों मंदिर पर झंडा उतारने व लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। एक पक्ष की ओर से भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने नानपारा-लखीमपुर हाईवे को जामकर प्रदर्शन किया था। इसके बाद सात जून को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर एसडीएम, सीओ को हटाने, मुकदमा दर्ज करने समेत कई मांग किए थे। इस मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। एकतरफा कार्रवाई के विरोध में बजरंग दल समेत कई संगठनों ने मिहींपुरवा में विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि भीम आर्मी सियासत चमकाने के लिए हिंदुओं को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। ऐसे लोगों को चिंहित कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

हिन्दुस्तान

# धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू

बहराइच। वर्तमान समय में ईदुज्जुहा (बकरीद) व मोहर्रम आदि आगामी त्यौहारों को शांतपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए जनपद की सीमा क्षेत्र में धारा 144 निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले व जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा।

इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के तहत दण्डनीय होगा।

# शौच को गई महिला से छेड़छाड़, शिकायत पर दंपति को पीटा

संसू, जागरण • मोतीपुर(वहराइच) : खेत गई महिला से दबंग ने छेड़खानी की। घटना की शिकायत करने पर दबंग ने साथियों संग पीड़िता व पति को लाठी-डंडों से जमकर पीटा।

पीड़िता का आरोप है कि शौच के दौरान बाबू राईनी गलत नीयत से उसके पास पहुंच गया। मना करने पर गालियां देने लगा। महिला पति संग जब आरोपित के घर शिकायत करने गई तो बाबू राईनी, जुम्मन अली, किस्मत अली, फुरकान व अन्य लोगों ने दंपति को लात-घूंसे, लाठी-डंडे से जमकर पीटा। पिटाई से पति की हालत गंभीर होने पर उसे सीएससी मोतीपुर में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी थी। केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# धरने पर डटे भाकियू, हटाने के लिए एसडीएम ने पुलिस को लिखा पत्र

## डीएम के निर्देश पर अधिकारियों के वातचीत में भी नहीं माने कार्यकर्ता

संसू, जागरण ● जमुनहा (श्रावस्ती) : अवैध मिट्टी खनन के मामले में हुई कार्रवाई के विरोध में भाकियू कार्यकर्ता तहसील में धरने पर डटे हैं। कार्यकर्ता खनन में पकड़े गए वाहनों को छोड़ने व एसडीएम को माफी मांगने की मांग कर रहे हैं। एसडीएम ने कार्यकर्ताओं को हटाने के लिए पुलिस को पत्र लिखा है और डीएम व एसपी को मामले से अवगत कराया है। सोमवार को अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ धरना स्थल पहुंच कार्यकर्ताओं को धरना समाप्त करने को कहा, लेकिन कार्यकर्ता अपनी मांग पर अड़े हैं।



जमुनहा तहसील परिसर में धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता ● जागरण

जमुनहा तहसील के चौगोई गांव के पास शुक्रवार की रात कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्राली व खनन मशीन से अवैध मिट्टी खनन कर रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर जमुनहा एसडीएम संजय राय ने मौके पर पहुंच कर पांच ट्रैक्टर, चार ट्राली व एक खनन मशीन पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर दिया था। कार्रवाई के विरोध में भाकियू कार्यकर्ता जमुनहा तहसील परिसर में ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ अनिश्चित काल के लिए धरने पर बैठ गए। तीसरे दिन सोमवार को भी धरना-प्रदर्शन जारी है। इससे तहसील में प्रशासनिक कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है और वादकारियों को समस्या आ रही।

एसडीएम ने धारा 144 लागू होने के बावजूद तहसील परिसर में भीड़ एकत्र होने की बात को गंभीरता से लेते हुए जमुनहा सीओ सतीश कुमार शर्मा व मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक जयहरि मिश्रा को पत्र भेज कर धरना समाप्त करवाकर तहसील परिसर को खाली कराने के लिए पत्र लिखा है तथा डीएम व एसपी को भी इस संबंध में अवगत कराया है। सोमवार को डीएम के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी, सीओ व प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। किसानों से वार्ता कर धरना प्रदर्शन समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन भाकियू कार्यकर्ता नहीं माने। खबर लिखे जाने तक किसानों का धरना जारी है। पुलिस बल तैनात है।

# धारा 144 लागू

बहराइच : आगामी त्योहार ईदुज्ज़ुहा (बकरीद) व मोहर्रम को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर जिले के सभी सीमा क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दिया गया है। एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव के अनुसार 09 जून से 31 जुलाई तक समस्त व्यक्तियों पर निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगा। (संसू)

# एएसपी ग्रामीण की प्रोन्नति, एसपी ने किया सम्मानित



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी को स्टार व बैज लगातीं एसपी वृंदा शुक्ल ● जागरण

जासं, ● बहराइच : अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को मैट्रिक्स पे-लेवल-12 से मैट्रिक्स पे-लेवल-13 में चयन वर्ष 2023-2024 की रिक्तियों के सापेक्ष प्रोन्नति प्रदान किए जाने पर एसपी ने उन्हें बैज व स्टार लगाकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी की प्रोन्नति के अवसर पर उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्टार व बैज लगाकर उत्साहवर्धन किया। उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाह, प्रशिक्षणाधीन उपाधीक्षक हर्षिता तिवारी व प्रतिसार निरीक्षक लाइन भुवनेश्वर सिंह मौजूद रहे।

# जिले में धारा 144 लागू

**बहराइच।** बकरीद व मोहर्रम को सकुशल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर जिले के सभी सीमा क्षेत्र में धारा 144 लागू की गई है। एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव की ओर से जारी आदेश के तहत 31 जुलाई 2024 तक जिले के सभी सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले और सीमा में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों पर धारा प्रभावी रहेगा। (संवाद)

# नीट यूजी परीक्षा की हो सीबीआई जांच

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग उठाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार सुबह महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित होकर नीट परीक्षा में हुई अनियमितता को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। परिष्द ने नीट-यूजी 2024 के आयोजन के दौरान हुई गड़बड़ियों और परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जांच की मांग की।

परिषद के प्रदेश सह मंत्री आदर्श शुक्ला ने कहा कि इस परीक्षा के आयोजन के दिन देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आई थीं और अलग-अलग स्थान पर सॉल्वर पकड़े गए। साथ कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में गड़बड़ी मिली। विद्यार्थी परिषद नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की उचित मांगों के साथ है। कहा कि इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच करवाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर जिला संयोजक मयंक अग्रवाल, जिला सह संयोजक आशुतोष मिश्रा, आयुष श्रीवास्तव,आराध्य धर द्विवेदी, राज श्रीवास्तव, प्रखर सिंह,रोशनी शेख, अनामिका, अमित यादव, शिवम गौड़, यश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बहराइच के केडीसी चौराहे पर सोमवार को प्रदर्शन करते एबीवीपी के कार्यकर्ता। संवाद।

### श्रावस्ती में भी एबीवीपी छात्रों ने किया प्रदर्शन

श्रावस्ती। नीट के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने सोमवार को भिनगा के ईदगाह तिराहे पर जिला संयोजक विराट शुक्ला के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। सभी ने परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। प्रांत कार्यसमिति सदस्य मनीष कसौधन ने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इनके साथ ऐसा करना अपराध है। इस दौरान अनूप शुक्ला, आकाश कसौधन, मानस, शिवम, नागेंद्र व अंकित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। (संवाद)

# मारपीट का आरोपी भेजा गया जेल

**बहराइच।** रामगांव थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि चाइनपुरवा निवासी अवधेश कुमार पर मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिसे गुप्त सूचना पर सोमवार की सुबह नेवादा पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। टीम में उपनिरीक्षक रामदेव यादव, सिपाही राहुल कुमार, अमरजीत शामिल रहे। (संवाद)

# किशोरी लापता, अपहरण का केस दर्ज

**रिसिया (बहराइच)**। रिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी रविवार को घर से मक्के का खेत देखने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी देर तक किशोरी के न आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन किशोरी का कहीं कुछ अता पता नहीं लगा। इसके बाद अनहोनी आशंका में परिजन थाने पहुंचे और अज्ञात के खिलाफ अपहरण की तहरीर दी। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

# अश्लील हरकत का आरोप

**महसी(बहराइच)**। हरदी थाना क्षेत्र निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर अश्लील हरकत का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हरदी थाना क्षेत्र निवासी महिला का आरोप है कि वह गांव स्थित किराने की दुकान पर सामान लेने गई थी। सामान लेने के बाद वापस घर लौटते समय विपक्षी उसका हाथ पकड़ कर अपने घर में खींच ले गया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर उसका बेटा व अन्य ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इसके बाद वह उसके चंगुल से बच सकी। पीड़िता ने बताया कि रविवार को थाने पर तहरीर दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्यवाहक थाना प्रभारी हरदी आनंद सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले कि जांच की जा रही है। जांच के बाद ही सही गलत का पता चलेगा। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2024

### पुलिस ने पकड़ी चोरी की 50 बोरी धनिया, आरोपी से पुलिस कर रही है पूछताछ

# मध्य प्रदेश से चोरी हुई धनिया बरामद

**धरपकड़**

जमुनहा( श्रावस्ती), संवाददाता। एक माह पहले मध्य प्रदेश में चोरी की गई धनिया को श्रावस्ती में पकड़ा गया। जमुनहा बाजार में बेचने के लिए ले जाते समय 15 बोरी धनिया पकड़ी गई। इसके साथ ही आरोपी के घर से भी पुलिस ने 35 बोरी धनिया बरामद किया। 22 मई को मध्य प्रदेश इस धनिया की खोज करने श्रावस्ती आई थी। तभी से पुलिस खोज बीन कर रही थी।

सोमवार सुबह एसपी को सूचना मिली कि पुलिस को जानकारी मिली कि एक मल्हीपुर थाने के हरिहरपुर निवासी प्रदीप कुमार उर्फ सुलखान पुत्र बुद्धिसागर अपने ट्रैक्टर ट्राली से15 बोरी धनिया लाद कर जमुनहा बाजार में बेचने के लिए ले जा रहे हैं। इस पर एसपी ने मल्हीपुर थानाध्यक्ष जयहरि मिश्र को मौके पर भेज कर ट्रैक्टर ट्राली को पकड़वाया। पुलिस ने धनिया लदी ट्रैक्टर ट्राली को मल्हीपुर थाने पहुंचाया। इसके बाद आरोपी प्रदीप कुमार के घर



हरिहरपुर गांव में धनिया की बोरी बरामद करती पुलिस

पर छापेमारी करके 35 बोरी धनिया बरामद की। जिसे थाने पहुंचाया गया। इस पर एसओजी की टीम ने मौके पर पहुंच कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश के जनपद गुना के थाना कुंभराज क्षेत्र में एक माह पहले धनिया चोरी की मामला दर्ज हुआ था। जिसमें एक ट्रक धनिया लूटी गई थी। इसके बाद सीतापुर से एक ट्रक बुक कराया गया था कि गुना से काठमांडू के लिए केला ले जाना है। लेकिन जब ट्रक गुना पहुंचा तो उस पर धनिया की बोरियां लाद की गई। धनिया लेकर ट्रक डाइवर सुल्तानपुर, लखनऊ, गोंडा आदि स्थानों से होते हुए श्रावस्ती पहुंचा। लेकिन श्रावस्ती मंडी में धनिया नहीं बिकी तो दलालों के माध्यम से सस्ते रेट पर कई लोगों को बेंच दी। एमपी पुलिस ने श्रावस्ती पुलिस को जानकारी दी। इस पर एसपी ने खुफिया तंत्र को सक्रिय करके पता लगाने के लिए कहा। इस पर 50 बोरी धनिया बरामद कर ली गई।

**बाकी धनिया की खोज में जोर शोर से लगी है पुलिसः** मध्य प्रदेश से चोरी की गई धनिया श्रावस्ती में बरामद होने पर पुलिस महकमा खोजबीन में लगा है। धनिया खरीदने वाले अन्य लोगों के बारे में पता लगाने के लिए खोजबीन की जा रही है। एसपी ने एसओजी टीम को लगा कर पूरे मामले की तहकीकात का निर्देश दिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

- नेपाल सीमा पर स्थित जमुनहा बाजार में बेचने ले जाते समय पकड़ी गई
- 22 मई को तलाश करने श्रावस्ती आई थी मध्य प्रदेश की पुलिस

**मध्य प्रदेश पुलिस को सौंपी जाएगी धनिया**

मल्हीपुर थानाध्यक्ष जय हरी मिश्रा ने बताया 50 बोरी धनिया बरामद की गई है। मध्य प्रदेश के कुंभराज थाने में एक ट्रक धनिया चोरी का मामला दर्ज है। वहां की पुलिस को सूचना दे दी गई है। यदि चोरी की धनिया निकली तो बरामद धनिया को उन्हें सौंप दिया जाएगा।।

# संजय हत्याकांड से एसपी नाराज, चौकी प्रभारी व दो आरक्षी लाइन हाजिर

**श्रावस्ती।** कटरा के परशुराम नगर बाजार निवासी संजय कुमार मिश्रा हत्याकांड के 72 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ है। वहीं घटना से नाराज एसपी घनश्याम चौरसिया ने रविवार देर शाम रमवापुर चौकी प्रभारी विवेक राठौड़ सहित दो आरक्षियों ज्ञानेंद्र कुमार व सुनील कुमार साही को लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर कर दिया।

**72 घंटे बाद भी आरोपी कटरा पुलिस की पहुंच से दूर**

नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र कटरा के रमवापुर चौकी अंतर्गत ग्राम जोरडीह निवासी संजय कुमार मिश्रा अपनी पत्नी नंदना देवी, पुत्री सौम्या, पुत्र समर व अमर के साथ गांव के ही मजरा परशुराम नगर बाजार में अपनी नानी लीलावती के घर रहता था। उसकी माली हालत ठीक नहीं थी। शुक्रवार को संजय मजदूरी करने के लिए घर से दिल्ली के लिए निकला था। लेकिन अज्ञात कारणों से वह वापस लौट आया। आरोप है कि उसी दिन देर शाम पड़ोसियों से हुए विवाद के बाद घनश्याम वर्मा, बड़कन चौरसिया व घनश्याम की पत्नी छोटका, घनश्याम के दामाद व एक अन्य ने उसे मारा पीटा। इस दौरान छत से नीचे फेंकने और उस पर ईंट बरसाने के कारण उसकी मौत हो गई थी। (संवाद)

# छापेमारी कर 50 बोरी धनिया पकड़ी, आरोपित दबोचा

संसू, जागरण ● जमुनहा (श्रावस्ती) : मल्हीपुर क्षेत्र के कानीबोझी चौराहा के पास पुलिस ने 15 बोरी धनिया लदी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। इसके बाद टीम ने आरोपित के घर पर छापेमारी कर 35 बोरी और धनिया बरामद की। पुलिस टीम कार्रवाई में जुटी है।

हरिहरपुर गांव निवासी सुलखान सोमवार की सुबह ट्रैक्टर-ट्राली से धनिया लेकर जमुनहा बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान किसी ने इसकी सूचना एसपी घनश्याम चौरसिया को दी। एसपी के निर्देश पर मल्हीपुर पुलिस ने घेराबंदी कर जमुनहा-बहराइच मार्ग पर कानीबोझी चौराहा के पास धनिया लदी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। ट्राली पर 15 बोरी धनिया बरामद हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपित के घर पर छापेमारी की। यहां भी 35 बोरी धनिया बरामद हुई। पुलिस बरामद धनिया के बारे में जांच पड़ताल कर रही। मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक जयहारि मिश्र ने बताया कि 50 बोरी धनिया बरामद हुई है। जांच की जा रही है कि धनिया कहां से आई है। कौन बेचा है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## मप्र के गुना से गायब धनिया की तलाश में आई थी पुलिस

संसू, जागरण ● जमुनहा (श्रावस्ती) : मध्य प्रदेश के गुना जिले के कुंभराज गल्ला मंडी से तीन मई को एक ट्रक गणपति ट्रेडर्स की 74 बोरी, वैभव किराने वाले की 34, सुनील कुमार, अनिल कुमार की 175 बोरी धनिया लादकर कुल 283 बोरी मुंबई के लिए निकला था। ट्रक मुंबई न जाकर उत्तर प्रदेश में आ गया। गंतव्य तक ट्रक न पहुंचने पर धनिया मालिकों ने आठ मई को कुंभराज थाने में ट्रक मालिक, चालक व खलासी पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज कराया था। पुलिस छानबीन करते हुए बीते 22 मई को कोतवाली भिनगा आई थी, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा था। सोमवार को मल्हीपुर क्षेत्र में अचानक मिली 50 बोरी धनिया की कड़ी को गुना जिले से गायब धनिया से जोड़ा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक जयहारि मिश्र ने बताया कि गुना से गायब धनिया के मामले से जोड़ते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

# 20 भैंस और पाड़ा बरामद, आरोपित फरार

संसू, जागरण ● जमुनहा (श्रावस्ती) : सोनवा क्षेत्र के लक्ष्मननगर के पास रविवार को ग्रामीणों ने 20 मवेशियों (भैंस व पाड़ा) को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपित फरार हो गए। पुलिस मवेशियों को कब्जे में लेकर उनके मालिकों की तलाश में जुटी है। रविवार की रात नौ बजे लक्ष्मननगर के पूरब में चार व्यक्ति 20 मवेशी को लेकर कहीं जा रहे थे। इस दौरान लक्ष्मननगर निवासी राम नरायन मिश्र को आते देख चारों अज्ञात व्यक्ति मवेशियों को छोड़कर फरार हो गए। उन्होंने इसकी सूचना लक्ष्मननगर



लक्ष्मननगर के पास पुलिस की ओर से बरामद की गई भैंस व पाड़ा ● जागरण

चौकी प्रभारी गौरव सिंह को दी। चौकी प्रभारी मवेशियों को कब्जे में लेकर उनके मालिकों के बारे में पता लगाने में जुट गए। सोमवार को कुछ लोगों ने पुलिस चौकी पर पहुंचकर मवेशियों को अपना होने का दावा किया। पुलिस मवेशियों के मालिक की पुष्टि करने में जुटी है।

# छत से युवक को गिराने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

संसू, जागरण ● इकौना (श्रावस्ती) : आजादनगर वार्ड में किराए के मकान में रह रहा युवक रात में छत से गिर कर घायल हो गया। पत्नी ने साथ में रह रहे व्यक्ति पर पति को छत से गिराने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। वार्ड निवासी रमेश प्रजापति मुहल्ले में ही सहजराम के मकान में किराए पर रहते हैं। इसी मकान में बहराइच शहर निवासी अशोक भी रहते हैं। रात में रमेश परिवार समेत छत पर सो रहे थे। अशोक भी छत पर सो रहे थे। रात में रमेश छत से गिर गए। घायल रमेश ने बताया कि उन्हें किसी ने धक्का दिया है। घायल को सोमवार की सुबह इकौना सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घायल की पत्नी ने तहरीर दी है। जांच की जा रही है।

# मध्य प्रदेश से लूटी 50 बोरी धनिया बरामद, एक गिरफ्तार

**ट्रैक्टर ट्रॉली पर लादकर जमुनहा बेचने के लिए ले जा रहे थे**

संवाद न्यूज एजेंसी

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मध्य प्रदेश के गुना जिले के थाना कुंभराज क्षेत्र से विगत माह एक ट्रक धनिया की लूट हुई थी। श्रावस्ती पहुंची एमपी पुलिस को जांच के बाद खाली हाथ लौटना पड़ा। सोमवार को मुखबिर की सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर मल्हीपुर पुलिस ने एक ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 50 बोरा धनिया बरामद हुई है।



हरिहरपुर में पकड़ी गई धनिया। -संवाद

मल्हीपुर थाना क्षेत्र में चोरी की धनिया बेची जा रही थी। इसकी शिकायत के बाद भी स्थानीय पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर किसी ने फोन पर एसपी घनश्याम चौरसिया से इसकी शिकायत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि एमपी के गुना जिले के थाना कुंभराज से लूटी गई धनिया मल्हीपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर करनपुर के मजरा हरिहरपुर निवासी प्रदीप कुमार उर्फ सुलखान पुत्र बुद्धसागर अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली पर लादकर जमुनहा बाजार बेचने जा रहा है।

एसपी के निर्देश पर एसओजी टीम के साथ पहुंची मल्हीपुर पुलिस ने कानीबोझी के पास ट्रैक्टर ट्रॉली को रोका। जांच के दौरान उसमें 15 बोरी दरी धनिया बरामद हुई। जिसे कब्जे में लेने के साथ ही पुलिस ने ट्रैक्टर चालक प्रदीप से कड़ाई से पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से 35 बोरा धनिया बरामद की। प्रदीप के अनुसार यह धनिया सीतापुर जिले के एक ट्रक चालक ने नेपाल के काठमांडू केला ले जाने के बहाने श्रावस्ती पहुंचाई थी। इनमें से ज्यादातर धनिया भिनगा मंडी में बेची जा चुकी है। शेष धनिया साप्ताहिक बाजार में बेची जाती थी। लेकिन पूरी धनिया न बिक पाने के कारण आज इसे जमुनहा बाजार बेचने ले जाया जा रहा था। इससे पूर्व एमपी पुलिस 22 मई को जांच के लिए जिले में आई थी। लेकिन सुराग न मिलने के कारण उसे वापस लौटना पड़ा।

## हो रही जांच

मध्य प्रदेश के गुना जिले के थाना कुभराज में एक माह पूर्व धनिया चोरी का मामला दर्ज हुआ था। इसकी जांच के लिए पुलिस मध्य प्रदेश से सुल्तानपुर, लखनऊ, गोंडा आदि जिलों से होते हुए श्रावस्ती आई थी। कुछ धनिया एमपी में भी बरामद हुई है। इतनी मात्रा में हरिहरपुर से बरामद हुई। धनिया कहीं गुना की तो नहीं, इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। **-जय हरि मिश्रा,** प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर

# बेटी को स्वीकार कर किया विवाह, अब घर से निकाला

## जनता दर्शन में डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जनता दर्शन में सोमवार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालयों में डीएम व एसपी ने फरियाद सुनी। इस दौरान डीएम के पास 15 व एसपी के पास 30 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। जिनके निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया है।



जनता दर्शन के दौरान पीड़ितों की फरियाद सुनते एसपी घनश्याम चौरसिया। संवाद

डीएम कृतिका शर्मा व एसपी घनश्याम चौरसिया को दिए शिकायती पत्र में बहराइच के थाना कोतवाली देहात के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसकी पुत्री की गिलौला थाना क्षेत्र के रामपुर कटेल निवासी संजय पुत्र रामनरेश से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। एक दिन पीड़िता घर पर नहीं थी, तब संजय घर आया और पुत्री की तस्वीर व वीडियो बना ली। आरोप लगाया कि इसके माध्यम से वह पुत्री को ब्लैकमेल कर रहा था। अब पुत्री की शादी के बाद वह वीडियो वायरल करने व जानमाल की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं गांव के कुछ लड़कों वीडियो व फोटो भेज चुका है।

सिद्धार्थनगर जिले के बरगदहवा धेवरुआ निवासी सोनमती पुत्री अशोक कुमार का आरोप था कि उसकी पहले शादी हो चुकी थी। उसकी 12 साल की पुत्री खुशी है। एक वर्ष पूर्व गिलौला के कोलाभार मझगवां निवासी साधुराम ने उससे शादी की थी। इस दौरान उसने पुत्री को साथ रखने की शर्त पर विवाह किया था। अब आरोपी पीड़िता व उसकी पुत्री को मार कर घर से भगा रहा है।

ऐसे ही कई अन्य फरियादी भी अपनी फरियाद लेकर अधिकारियों के पास पहुंचे। जिसके निस्तारण के लिए संबंधित थाना व एसडीएम को निर्देशित किया गया है।

# महिलाओं के लिए वरदान है हेल्पलाइन नंबर

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए सोमवार को गिलौला के सुबिखा, गिलौला बाजार, राजापुर व लेंगडी गूलर में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी सुरक्षा दल में शामिल महिलाओं व बालिकाओं को महत्वपूर्ण व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। उन्हें साइबर अपराध की जानकारी देकर सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के टिप्स भी दिए गए। उन्हें जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी गई। (संवाद)

# शांतिभंग में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार रात अभियान चलाकर छह लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# नहर में डूबा युवक, तलाश जारी

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** बहराइच से बाइक सवार चार युवक सोमवार सोनवा थाना क्षेत्र में अंड़राई गांव के पास मुख्य सरयू नहर में नहाने आए थे। इसमें से दो युवक नहाते समय अचानक नहर में डूब गए। इस दौरान एक युवक को साथियों ने बचा लिया, जबकि दूसरा युवक डूब गया। सूचना पर पहुंची सोनवा पुलिस स्थानीय गोताखोर से तलाश करा रही है। वहीं घटना के बाद बाइक सवार तीनों युवक मौके से फरार हो गए। (संवाद)

# छत से गिरकर युवक घायल, हालत गंभीर

**इकौना (श्रावस्ती)।** आजाद नगर में किराये के मकान में रहने वाला रमेश प्रजापति (30) रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिर गया। उसे सीएचसी इकौना से भिनगा रेफर किया गया है। घायल की पत्नी अनीता ने पड़ोसियों पर पति को धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया है। अनीता ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व पड़ोसियों से विवाद हुआ था, उसी के चलते विरोधियों ने पति को गिराया है। प्रभारी निरीक्षक इकौना राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। (संवाद)